kanwhizztimes
@kanwhizztimes
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स
सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-213 | शनिवार, 06 सितम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12

यह उपलब्धि प्रदेश के विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान कार्यों, नवाचार तथा विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का सजीव प्रमाण है। एनआईआरएफ2025 में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की स्थिति इस प्रकार रही।

राज्यपाल आनंदीबेन पटेल

मॉरीशस के प्रधानमंत्री का भारत दौरा, तिरुपति और आयोध्या भी जाएंगे 11

बाढ़ पीड़ितो से मिलने शास्त्री पार्क पहुंचे अरविंद केजरीवाल, राहत कैंपों को लिया जायजा 12

सीएम योगी बोले- ऑपरेशन कायाकल्प से 1.36 लाख स्कूलों में हुआ सुधार

# प्रदेश के नौ लाख शिक्षकों को मिलेगी कैशलेस इलाज सुविधा

कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षक दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों को बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के सभी शिक्षक अब कैशलेस इलाज सुविधा का लाभ उठा सकेंगे। यह सुविधा न सिर्फ प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, सहायता प्राप्त विद्यालयों और महाविद्यालयों के शिक्षकों के लिए होगी, बल्कि शिक्षामित्रों, अनुदेशकों और रसोइयों तक को कवर करेगी।

मुख्यमंत्री योगी राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, टैबलेट वितरण और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब किसी भी बीमारी या आपातकालीन स्थिति में शिक्षकों और उनके परिजनों को आर्थिक संकट का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस ऐतिहासिक फैसले से लगभग नौ लाख शिक्षक परिवार सीधे लाभान्वित होंगे। मुख्यमंत्री ने कैशलेस इलाज व्यवस्था को शिक्षकों के योगदान के प्रति सरकार की कृतज्ञता का प्रतीक बताया।



**राहत**

- मुख्यमंत्री योगी राजधानी लखनऊ में शुक्रवार को आयोजित राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे।
- शिक्षक दिवस के अवसर पर लोकभवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम में शिक्षकों का सम्मान, टैबलेट वितरण और स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया

**सीएम योगी का ऐलान**

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेशभर के शिक्षकों से यही कहूंगा कि आप लोग अच्छा करिए हम आपके साथ में है। शिक्षक दिवस पर आप सबके मन में होगा कि और क्या हो सकता है। हम आज घोषणा करना चाहते हैं और वह यह कि प्रदेश के सभी शिक्षकों को हम कैशलेस उपचार की व्यवस्था का लाभ देंगे। इसके साथ ही शिक्षामित्र, अनुदेशक और रसोईया को भी हम इसके साथ जोड़ेंगे। यानी इस सुविधा का लाभ उत्तर प्रदेश के लगभग 9 लाख शिक्षकों यानी 9 लाख परिवारों को मिलेगा। बेसिक शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा और उच्च शिक्षा विभाग जल्द से जल्द सभी औपचारिकताओं को पूर्ण करके एक समय सीमा के अंदर कैशलेस उपचार की सुविधा देने के लिए कार्य करेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी ऐलान किया कि शिक्षामित्रों और अनुदेशकों के मानदेय को बढ़ाने के लिए एक उच्चस्तरीय समिति गठित की गई है। समिति की रिपोर्ट आने के बाद सरकार जल्द ही इस पर सकारात्मक निर्णय लेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का निर्णय इसलिए है कि कि यह लोग भी हमारे साथ कदम से कदम मिलाकर इस अभियान को ताकत देते हैं। इसके लिए बहुत शीघ्र रिपोर्ट आने वाली है और हम उसे दिशा में कुछ बेहतर करने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षक केवल ज्ञानदाता नहीं, बल्कि राष्ट्र की नींव मजबूत करने वाले निर्माता हैं। उनके सम्मान और सुविधाओं की चिंता सरकार की प्राथमिकता है।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रदेश के विद्यालयों की दशा सुधारने के लिए ऑपरेशन कायाकल्प और प्रोजेक्ट अलंकार जैसे अभियान चलाए गए। ऑपरेशन कायाकल्प के तहत 1.36 लाख विद्यालयों को 19 बुनियादी सुविधाओं से जोड़ा गया। वहीं प्रोजेक्ट अलंकार के जरिए अब तक 2,100 विद्यालयों को नए भवन और सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराया गया है। निपुण भारत मिशन और बाल वाटिका जैसी योजनाएं बच्चों की भाषा और गणितीय दक्षता बढ़ाने के साथ ही उन्हें पोषण और बुनियादी शिक्षा से जोड़ रही हैं। मुख्यमंत्री योगी ● शेष पेज 11 पर

# दुष्टों का संहार करके ही सुरक्षित रह सकता है राष्ट्र :योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



- ऑपरेशन सिंदूर में काफी कम थी आमने-सामने की लड़ाई
- युद्ध व अंतरराष्ट्रीय राजनीति को अलग-अलग नहीं देखा जा सकता
- सीमा विवाद राष्ट्र की सुरक्षा में पहली चुनौती

गोरखपुर। मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि नागरिकों के संरक्षण और दुष्टों का संहार करके ही कोई राष्ट्र सुरक्षित रह सकता है और सुरक्षा के माहौल में ही स्मृद्धि के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। सीएम योगी शुक्रवार को युगपुरुष ब्रह्मलीन महंत दिग्विजयनाथ जी महाराज की 56वीं और राष्ट्रसंत ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ जी महाराज की 11वीं पुण्यतिथि के उपलक्ष्य में समसामयिक विषयों पर संगोष्ठी श्रृंखला के पहले दिन 'भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषयक संगोष्ठी की अध्यक्षता कर रहे थे। संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान का अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आचार्य चाणक्य के एक उद्धरण का उल्लेख करते हुए कहा कि कोई राष्ट्र वाह्य रूप से सुरक्षित हो और आंतिरक रूप से सुरक्षित न हो तो उसे अराजक राष्ट्र माना जाता है। ऐसा अराजक राष्ट्र शीघ्र समाप्त होने के कगार पर होता है। पाकिस्तान इसी तरह के ● शेष पेज 11 पर

## मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल नेता कुणाल घोष पर किया 100 करोड़ का मुकदमा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में 2026 में आसन्न विधान सभा चुनाव को लेकर दो प्रमुख दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) और अखिल भारतीय तृणमूल कंग्रेस (तृणमूल कंग्रेस) लगातार एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते नजर आ रहे हैं। ऐसा ही एक मामला अभिनेता से नेता बने बालीवुड स्टार मिथुन चक्रवर्ती और तृणमूल के पूर्व राज्यसभा सांसद कुणाल घोष के बीच देखने को मिला। भाजपा नेता और बालीवुड अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने तृणमूल कंग्रेस नेता कुणाल घोष पर 100 करोड़ रुपये का मानहानि मामला दायर किया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कुणाल ने साफ कर दिया है कि वे इस मामले से घबराने वाले नहीं हैं, बल्कि इसे उसी तरह लड़ेंगे जैसे उन्होंने सारदा चिटफंड जांच के दौरान किया था। उन्होंने इसे 'राजीव कुमार मॉडल' नाम दिया है।

साल 2019 में सारदा घोटाले की जांच के दौरान कुणाल घोष ने सीबीआई से आग्रह किया था कि उन्हें तत्कालीन पुलिस आयुक्त राजीव कुमार के आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाए। सीबीआई ने उनकी मांग मान ली और शिलॉन्ग में दोनों की आमने-सामने पूछताछ हुई। अब वही तरीका अपनाने की बात कुणाल मिथुन मामले में भी कह रहे हैं। कुणाल का कहना है, ळमैं अदालत से कहूंगा कि मुझे मिथुन दा के ● शेष पेज 11 पर

## भारत के स्टार्टअप आंदोलन में आईआईटी रुड़की का अहम योगदान : डॉ. जितेंद्र

रुड़की। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान आईआईटी के दीक्षांत समारोह को संबंधित करते हुए कहा श्देश भर में 1.7 लाख स्टार्टअप्स में से लगभग 240 स्टार्टअप्स के साथ आईआईटी रुड़की भारत के स्टार्टअप आंदोलन में एक बड़ा योगदान दे रहा है। डॉ. सिंह ने कहा कि आपके नौ उत्कृष्टता केंद्र आपदा जोखिम लचीलापन एवं स्थिरता के क्षेत्र में आपका अग्रणी कार्य एवं वाइब्रेंट विलेज जैसी पहलों के माध्यम से स्थानीय समुदायों के साथ आपकी गहरी भागीदारी आपको एक शैक्षणिक संस्थान का सच्चा आदर्श बनाती है। उन्होंने आईआईटी रुड़की की प्रशंसा करते ● शेष पेज 11 पर

## संक्षेप

### छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा पर सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

नारायणपुर/रायपुर। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा पर शुक्रवार को दोपहर से सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ चल रही है। दंतेवाड़ा पुलिस अधीक्षक ने इसकी पुष्टि की है। पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने बताया कि दंतेवाड़ा-नारायणपुर सीमा पर बड़े नक्सली नेताओं की मौजूदगी और बैठक होने की जानकारी मिली थी। इसकी पुष्टि के बाद दंतेवाड़ा-नारायणपुर की संयुक्त पुलिस टीम को वहां के लिए रवाना किया गया। एसपी ने बताया कि सुरक्षा बलों को अपनी ओर आता देख नक्सली जंगल की ओर भाग खड़े हुए। इसके बाद दोनों ओर से फायरिंग शुरू हो गई। इस सर्चिंग अभियान में दंतेश्वरी महिला फाइटर, डीआरजी के जवान और पुलिस बल की टुकड़ी शामिल है। यह मुठभेड़ पूर्वी बस्तर डिवीजन के नक्सलियों के साथ अबूझमाड़ के घने जंगलों में हुई है। उन्होंने बताया कि मुठभेड़ लगभग आधे घंटे से अधिक समय से चल रही है। मुठभेड़ की पूरी जानकारी के बाद इसकी विस्तृत खबर दी जाएगी।

### भारत-रूस के चीन के साथ जाने वाले ट्रम्प के बयान पर प्रतिक्रिया देने से विदेश मंत्रालय का इनकार

नई दिल्ली। भारत और रूस के चीन के साथ जाने वाले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बयान पर विदेश मंत्रालय ने प्रतिक्रिया देने से इनकार कर दिया है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा है कि इस मुद्दे पर उनके पास टिप्पणी करने को कुछ नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक पत्रकार वार्ता में कई मुद्दों पर भारत की राय रखी। उन्होंने अमेरिकी राष्ट्रपति के सलाहकार पीटर नवारो के हालिया भारत विरोधी और नस्लीय बयानों को लेकर कहा कि हमने उनके गलत और भ्रामक बयानों को देखा है और स्पष्ट रूप से उन्हें अस्वीकार करते हैं।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा था कि ऐसा लगता है कि हमने भारत और रूस को सबसे गहरे, सबसे अंधकारमय चीन के हाथों खो दिया है। इसके बाद उन्होंने व्यंग्यात्मक रूप से तीनों देशों के लिए समृद्ध भविष्य की कामना की। वहीं, क्वाड शिखर सम्मेलन पर भी प्रवक्ता ने प्रतिक्रिया दी।

## बिहार की तुलना बीड़ी से करने पर घिरी कांग्रेस, मांगी माफी

कैनविज टाइम्स ब्यूरो



नई दिल्ली। कांग्रेस की केरल प्रदेश इकाई द्वारा बिहार की तुलाना बीड़ी से करने पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने इसे राज्य के लोगों का अपमान बताया है। भाजपा ने मोदी सरकार के जीएसटी सुधारों का विरोध करने के लिए केरल कांग्रेस द्वारा किए गए इस एक्स पोस्ट को बिहार विरोधी करार देते हुए प्रदेश को बुद्ध की धरती और अखंड भारत का निर्माता बताया। हालांकि इस प्रकरण पर विवाद बढ़ता देख केरल कांग्रेस ने पोस्ट डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने कहा कि कांग्रेस ने पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मां को गाली दी और अब बिहार को बीड़ी से जोड़ा। उन्होंने कहा कि क्या तेजस्वी यादव इस अपमान का समर्थन करते हैं तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी, डीएमके और कांग्रेस की बिहार के प्रति नफरत साफ दिखती है।भाजपा प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने एक्स पर लिखा कि कांग्रेस और राजद बिहार विरोधी हैं। राहुल गांधी और तेजस्वी यादव ने पहले भी बिहारियों का अपमान करने वालों का साथ दिया है।बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने इस पोस्ट पर कहा कि लोकतंत्र मर्यादा और लोकलाज के सहारे चलता है। अगर सत्ता की इच्छा मर्यादा को भूल जाए, तो जनता इसका जवाब देगी। उन्होंने कहा कि भारत की जनता लोकतंत्र को कमजोर नहीं होने देगी।पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि कांग्रेस कितना नीचे गिर सकती है, पहले प्रधानमंत्री मोदी की मां का अपमान हुआ, अब बिहार की तुलना बीड़ी से की गई। उन्होंने राहुल गांधी से जवाब मांगा और कहा कि बिहार के गौरव का अपमान बर्दाश्त नहीं होगा।केरल भाजपा के महामंत्री अनूप एंटनी जोसेफ ने कहा कि कांग्रेस ने बुद्ध की धरती बिहार ● शेष पेज 11 पर

### कुशीनगर पहुंचे चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ, प्राचीन बुद्ध प्रतिमा पर नवाया शीश

कुशीनगर। भारतीय सेना के चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने शुक्रवार को यूपी के कुशीनगर में स्थित बुद्ध की पांचवीं सदी की शयन वाली प्रतिमा के समक्ष शीश नवाया। प्रतिमा पर चीवर अर्पित कर विशेष पूजा की। बौद्ध भिक्षुओं ने सीडीएस को उत्खनन से प्राप्त प्रतिमा और इसकी खूबियों की जानकारी दी। बताया कि विश्व के अनेक देशों के हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु प्रतिमा के दर्शन करने के लिए प्रति बर्ष आते हैं। भिन्न कोणों से प्रतिमा की तीन अलग अलग मुख मुद्रा देख सीडीएस विस्मय से भर उठे। शुक्रवार को दोपहर बाद गोरखपुर से सड़क मार्ग से कुशीनगर पहुंचे सीडीएस रॉयल थाई बुद्धिस्ट मोनास्ट्री पहुंचे। मोनास्ट्री प्रभारी फ्रा सोंगक्रान, एडीएम वैभव मिश्र व एएसपी निवेश कटियार ने सीडीएस को बुके देकर स्वागत किया। थाई बौद्ध स्थापत्य कला में निर्मित चैत्य व उपोसथ हाल का अवलोकन किया। सीडीएस को जनसंपर्क अधिकारी अंबिकेश ने थाई वाट की गतिविधियों की जानकारी दी। 1.50 घंटे कुशीनगर में गुजारने ● शेष पेज 11 पर

## भूटान के प्रधानमंत्री टोबगे ने सपरिवार किए श्रीरामलला के दर्शन

एजेंसी



अयोध्या। भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे ने शक्रवार को अपने परिवार के साथ अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के दर्शन किए और मंदिर की भव्यता को सराहा। टोबगे को ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने मंदिर निर्माण से जुड़ी तमाम जानकारियां दीं।टोबगे के मंदिर पहुंचने के दौरान जिला प्रशासन ने सुरक्षा के कड़े प्रबंध किये। इससे पहले भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे सुबह लगभग 9:30 बजे स्थानीय महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर विमान से उतरे।यहां जिला प्रशासन की ओर से रेडकार्पेट पर राज्य सरकार के मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मेयर गिरीश पति त्रिपाठी, जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर के उनका स्वागत किया। टोबगे के साथ उनकी पत्नी भी थीं। इसके बाद भूटान के प्रधानमंत्री दासो शेरिंग टोबगे अयोध्या एयरपोर्ट से सीधे राम मंदिर पहुंचे थे। श्रीरामजन्म भूमि मंदिर पहुंचने पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय और ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने उनका स्वागत किया। इसके बाद भूटान के प्रधानमंत्री ने श्रीरामलला का दर्शन कर पूजा अर्चना की। टोबगे ने पत्नी के साथ राम दरबार में भी दर्शन पूजन किया और मंदिर से जुड़े इतिहास को भी जाना। ट्रस्ट के महामंत्री चंपत राय ने उन्हें मंदिर निर्माण से जुड़ी सभी जानकारियां दी। भूटान के प्रधानमंत्री करीब 1 घंटे 40 मिनट तक राम जन्मभूमि परिसर में रहे। उन्होंने मंदिर की भव्यता को सराहा और अपनी पत्नी के ● शेष पेज 11 पर

राष्ट्रपति शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये

# देश के शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए : मुर्मु

कैनविज टाइम्स ब्यूरो




- बालिकाओं की शिक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए
- बालिकाओं को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करना महिला.नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है

नयी दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को शिक्षक दिवस पर यहां एक समारोह में देश भर के शिक्षकों को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किये। श्रीमती मुर्मु ने इस मौके पर कहा कि भोजनए वस्त्र और आवास की तरह शिक्षा भी व्यक्ति के सम्मान और सुरक्षा के लिए आवश्यक है। समझदार शिक्षक बच्चों में सम्मान और सुरक्षा की भावना पैदा करते हैं। उन्होंने एक शिक्षक के रूप में अपने वक्त को याद किया और उस समय को अपने जीवन का एक बहुत ही सार्थक काल बताया। राष्ट्रपति ने कहा कि शिक्षा व्यक्ति को सक्षम बनाती है। शिक्षा की शक्ति से गरीब से गरीब पृष्ठभूमि के बच्चे भी उन्नति के आसमान को छू सकते हैं। बच्चों की उड़ान को बल देने में स्नेही और समर्पित शिक्षक सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। शिक्षकों का सबसे बड़ा पुरस्कार यही है कि उनके विद्यार्थी उन्हें जीवन भर याद रखें और परिवारए समाज और देश के लिए सराहनीय योगदान दें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का चरित्र निर्माण एक शिक्षक का प्राथमिक कर्तव्य है। नैतिक आचरण का पालन करने वाले संवेदनशीलए जिम्मेदार और समर्पित विद्यार्थी उन विद्यार्थियों से बेहतर होते हैंए जो केवल प्रतिस्पर्धाए किताबी ज्ञान और स्वार्थ में रुचि रखते हैं। एक अच्छे शिक्षक में भावनायें और बुद्धि दोनों होती हैं। भावनाओं और बुद्धि का समन्वय विद्यार्थियों पर भी प्रभाव डालता है। राष्ट्रपति ने कहा कि स्मार्ट ब्लैकबोर्डए स्मार्ट कक्षायें और अन्य आधुनिक सुविधाओं का अपना महत्व हैए लेकिन सबसे महत्वपूर्ण हैए स्मार्ट शिक्षक। उन्होंने कहा कि स्मार्ट शिक्षक वे शिक्षक होते हैं जो अपने विद्यार्थियों के विकास की आवश्यकताओं को समझते हैं। स्मार्ट शिक्षक स्नेह और संवेदनशीलता के साथ अध्ययन की प्रक्रिया को रोचक और प्रभावी बनाते हैं। ऐसे शिक्षक छात्रों को समाज और राष्ट्र की आवश्यकताओं को पूरा करने में सक्षम बनाते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा को सर्वोच्च महत्व दिया जाना चाहिए। बालिकाओं की शिक्षा में निवेश ● शेष पेज 11 पर

## भगवान महावीर के विचार आज भी देश-दुनिया में यथार्थ : ओम बिरला

एजेंसी



अशोक नगर। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा कि भगवान महावीर के विचार आज भी देश-दुनिया में यथार्थ(उचित)हैं।उन्होंने कहा कि पर्युषण पर्व का विशेष महत्व है। जैन समाज ही नहीं बल्कि सृष्टि पर रहने वाले हर व्यक्ति को पर्युषण पर्व के महत्व को समझना चाहिए। हमारे जीवन के अंदर हम नैतिकता, क्षमा, करूणा लाएं और अपने जीवन के अंदर हमेशा सत्य, अहिंसा और करुणा का भाव रखें। पर्युषण पर्व के दस लक्षण हैं। उन्होंने कहा कि सबके साथ एक जैसा भाव, हमेशा कल्याण का भाव होना चाहिए। लोकसभा अध्यक्ष बिरला शुक्रवार को मध्य प्रदेश के अशोकनगर जिले में दिगम्बर मुनि सुधा सागर महाराज के 32वें श्रावक संस्कार शिविर को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी आत्मा के कल्याण के लिए आत्मविशेषण हो, आत्मचिंतन- आत्मशुद्धि हो। इससे बड़ा कुछ नहीं हो सकता। उसके बाद क्षमा क्रोध, लोभ, मोह सब त्याग करना। कितना भी क्रोध हो, उसका त्याग करना चाहिए। भगवान महावीर के विचार आज भी देश-दुनिया में यथार्थ हैं। तीर्थंकर भगवान महावीर ने कहा था कि सत्य, अहिंसा और शांति ही दुनिया का संदेश है। आज अंहिसा और शांति ही दुनिया के लिए संदेश है। उसी संदेश को हम देश-दुनिया में पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। जैन दर्शन आज दुनिया का दर्शन बन चुका है।

लोकसभा अध्यक्ष ने इससे पहले शिविर में शामिल होकर यहां निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज से श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि आचार्य परम्परा के गौरव राष्ट्रसंत मुनि पुंगव श्रीश्री ● शेष पेज 11 पर

# राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने उत्कृष्ट रैंकिंग वाले विश्वविद्यालयों को दी बधाई

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने शुक्रवार को नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ)ऽ2025 में उत्तर प्रदेश के राज्य विश्वविद्यालयों के प्राप्त उत्कृष्ट रैंकिंग पर हर्ष व्यक्त करते हुए सभी विश्वविद्यालयों, कुलपतियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है।



राज्यपाल ने कहा कि यह उपलब्धि प्रदेश के विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक गुणवत्ता, अनुसंधान कार्यों, नवाचार तथा विद्यार्थियों के परिश्रम और समर्पण का सजीव प्रमाण है। एनआईआरएफऽ2025 में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालयों की स्थिति इस प्रकार रही। अखिल भारतीय विश्वविद्यालय रैंकिंग श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 68वां, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 98वां तथा दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 151 से 200 बैंड में स्थान मिला। राज्य विश्वविद्यालय श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 23वां, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 27वां, किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 29वां, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को 41वां स्थान प्राप्त हुआ, जबकि हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर, दीन दयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय तथा डॉ. भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा ने 51 से 100 बैंड में स्थान बनाया।

प्राविधिक श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 60वां स्थान और हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय, कानपुर को 201 से 300 बैंड में स्थान मिला। मैनेजमेंट श्रेणी में मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 83वां तथा लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 100वां स्थान प्राप्त हुआ। आर्किटेक्चर श्रेणी में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, लखनऊ की फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग को 39वां स्थान मिला। ओवरऑल श्रेणी में किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 83वां तथा मदन मोहन मालवीय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, गोरखपुर को 99वां स्थान प्राप्त हुआ। विधि श्रेणी में लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ को 29वां स्थान प्राप्त हुआ। चिकित्सा विश्वविद्यालय श्रेणी में संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ को 5वां तथा किंग जॉर्ज मेडिकल विश्वविद्यालय, लखनऊ को 8वां स्थान प्राप्त हुआ। फार्मेसी श्रेणी में बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी को 68वां तथा महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखण्ड विश्वविद्यालय, बरेली को 86वां स्थान प्राप्त हुआ। राज्यपाल ने कहा कि यह रैंकिंग प्रदेश के उच्च शिक्षा संस्थानों की निरंतर प्रगति का द्योतक है। आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के विश्वविद्यालय ज्ञान, अनुसंधान और नवाचार के केंद्र के रूप में राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक प्रतिष्ठा अर्जित करेंगे।

# यात्रियों के लिए बड़ी राहत निगोहा के मदापुर मंदिर चौराहे पर भी रुकेंगी रोडवेज बसें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ।? मदापुर से लखनऊ आने-जाने वाले यात्रियों के लिए अब राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम ने मदापुर मंदिर चौराहे को नया प्राइमरी बस स्टॉप घोषित कर दिया है। अब इस मार्ग पर चलने वाली सभी रोडवेज बसें यहां ठहरेंगी और यात्रियों को चढ़ाया-उतारा जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक लखनऊ द्वारा जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि रायबरेली बॉर्डर टोल प्लाजा से लखनऊ के बीच अब तक केवल मोहनलालगंज ही अधिकृत स्टॉप था। इस बीच लगभग पांच किलोमीटर की दूरी पर कोई बस स्टॉप न होने से ग्रामीणों को भारी असुविधा उठानी पड़ती थी।स्थानीय निवासी वीरेंद्र कुमार अवस्थी द्वारा आईजीआरएस पोर्टल पर दर्ज कराई गई शिकायत और निगोहां प्रेस क्लब द्वारा चलाई गई मुहिम, जिसकी खबरें दो दर्जन से अधिक समाचार पत्रों में प्रकाशित हुईं, को गंभीरता से लेते हुए परिवहन विभाग ने यह बड़ा निर्णय लिया।अब सभी चालक व परिचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि मदापुर मंदिर चौराहे पर यात्रियों को नियमानुसार चढ़ाया-उतारा जाए तथा किराया भी नियम के अनुसार ही लिया जाए , मदापुर निवासी रामचंद्र ने खुशी जताते हुए कहा कि ्अब हमें बस पकड़ने के लिए न तो बिनौरी तक पैदल जाना पड़ेगा और न ही पारा तक। यह फैसला हमारे लिए बहुत राहत देने वाला है। वहीं छात्रा पूजा सिंह ने कहा कि बस स्टॉप दूर होने से हमें स्कूल और कोचिंग पहुंचने में काफी दिक्कत होती थी। अब चौराहे से ही बस मिल जाएगी तो समय और मेहनत दोनों की बचत होगी। निगोहां प्रेस क्लब के अध्यक्ष विमल सिंह ने कहा कि यह फैसला हमारी मुहिम की सफलता है। क्षेत्र के हजारों लोगों की आवाज़ आखिरकार सरकार तक पहुंची और अब यात्रियों को बड़ी राहत मिली है। हम आगे भी जनहित के मुद्दों को मजबूती से उठाते रहेंगे। ग्रामीणों और यात्रियों का कहना है कि इस फैसले से क्षेत्र के हजारों लोगों को सीधा लाभ मिलेगा और लखनऊ आने-जाने में आसानी होगी।

# शिक्षक राष्ट्र के शिल्पकार, शिक्षा दीपक की तरह जगमगाते हैं : संदीप सिंह

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह शुक्रवार को लोक भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि आज का दिन प्रेरणा का दिन है। देश के पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जन्मदिवस पर मनाया जाने वाला शिक्षक दिवस हमें यह याद दिलाता है कि शिक्षक केवल ज्ञान देने वाला नहीं, बल्कि राष्ट्र का शिल्पकार होता है। शिक्षक सम्मान समारोह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित थे।



उन्होंने कहा कि शिक्षक वह दीपक है जो स्वयं जलकर दूसरों के मार्ग को प्रकाशित करता है। गुरु ही बच्चों के जीवन में समझ, संस्कार और व्यक्तित्व का आकार देते हैं। यही कारण है कि हमारी सरकार शिक्षकों के योगदान को नमन करती है। यह दिन केवल सम्मान का नहीं, बल्कि नवाचार और शिक्षा सुधारों के प्रति संकल्प का भी है।

उन्होंने कहा कि बीते आठ वर्षों में शिक्षकों की निष्ठा और सहयोग से उत्तर प्रदेश ने शिक्षा के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन किया है। स्मार्ट क्लास, लर्निंग बाय डूइंग और कायाकल्प जैसी योजनाओं ने परिषदीय विद्यालयों को नई पहचान दिलाई है। अब परिषदीय विद्यालयों में भी एनसीईआरटी आधारित पाठ्यक्रम लागू किया गया है। अब प्राइवेट विद्यालयों की तरह प्राइमरी से उच्च प्राथमिक तक सभी बच्चों को समान शिक्षा मिलेगी।

बालिका शिक्षा पर विशेष जोर देते हुए उन्होंने कहा कि प्रदेश के 746 केजीबीवी (कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय) को 12वीं तक उच्चीकृत कर दिया गया है। आधुनिक सुविधाओं से युक्त ये विद्यालय पूरे देश के लिए बालिका शिक्षा का सबसे सशक्त मॉडल बनकर सामने आएंगे। मंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य है कि प्रदेश की बेटियों को नामांकन से लेकर इंटर तक की पढ़ाई एक ही परिसर में उपलब्ध हो। उन्होने कहा कि इस समारोह में उन शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा है, जिन्होंने संसाधनों की परवाह किए बिना अपने विद्यालयों में नवाचार कर बच्चों का भविष्य संवारा। बेसिक शिक्षा मंत्री ने गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षक ही वास्तविक राष्ट्र-निर्माता हैं।

# आईजीआरएस के अगस्त की रिपोर्ट में बलरामपुर और श्रावस्ती ने मारी बाजी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पिछले आठ वर्षों से समग्र विकास की दिशा में तेज़ी से आगे बढ़ रहा है। इस दौरान प्रदेश में न केवल बुनियादी सुविधाओं का विस्तार हो रहा है, बल्कि समाज के हर वर्ग का उत्थान भी सुनिश्चित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी के सपनों को साकार करने में एकीकृत शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। आईजीआरएस से जनसुनवाई, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में आईजीआरएस की अगस्त माह की रिपोर्ट में प्रदेश भर में बलरामपुर और श्रावस्ती ने बराबर अंक प्राप्त कर पहला स्थान प्राप्त किया है। जबकि शाहजहांपुर ने दूसरा और हमीरपुर ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है।



**योगी सरकार के विकास कार्यों को तेजी से धरातल पर उतार रहे जिले**

**टॉप टेन जिलों में बरेली, अमेठी और हाथरस ने बनायी जगह**

49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की हर माह आईजीआरएस से की जाती है समीक्षा आईजीआरएस द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और जन शिकायत के सुनवाई की रिपोर्ट जारी की जाती है। आईजीआरएस द्वारा प्रदेश भर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। आईजीआरएस के अगस्त माह की रिपोर्ट के अनुसार बलरामपुर और श्रावस्ती ने मानक पूर्णांक 140 नंबर के सापेक्ष 137 अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्रावस्ती अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि आईजीआरएस की रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशानुरूप श्रावस्ती में विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण समयबद्ध तरीके से पूरा किया जा रहा है। यही वजह है कि श्रावस्ती पिछले कई माह से आईजीआरएस और सीएम डैशबोर्ड की रिपोर्ट में टॉप फाइव जिलों में अपनी जगह बनाए हुए है। बलरामपुर जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिले में विकास परियोजनाओं के गुणवत्तापूर्ण और तय समय सीमा में पूरा करने के लिए हर हफ्ते अधिकारियों के साथ बैठक कर समीक्षा की जाती है।

साथ ही आम जनमानस की शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। उनकी समस्या के निस्तारण के संतुष्टीपूर्ण फीडबैक पर ही आईजीआरएस की रिपोर्ट जारी की जाती है। ऐसे में आईजीआरएस की अगस्त माह की रिपोर्ट में बलरामपुर पहले स्थान पर है।

# निगोहां: गरीब और जरूरतमंदों के बीच भोजन वितरण कर संस्था ने पेश की मिसाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

करनपुर और रामपुर गढ़ी जमुनी में सैकड़ों परिवारों के चेहरों पर लौटी मुस्कान



निगोहां, लखनऊ। गरीब और वंचित वर्ग के लिए सेवा और सहयोग की मिसाल पेश करते हुए सावी वेलफ़ेयर सोसाइटी द्वारा मोहनलालगंज विकास खंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत करनपुर और रामपुर गढ़ी जमुनी में भोजन वितरण किया गया। जिसमें आर्थिक रूप से कमजोर और जरूरतमंद लोग शामिल हुए। संस्था के पदाधिकारियों और गांव के सहयोगी नागरिकों ने मिलकर सभी को भोजन उपलब्ध कराया। भोजन पाकर गरीब और बेसहारा लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। लोगों ने कहा कि ऐसी पहलें न केवल उनके लिए सहारा हैं, बल्कि समाज को आपसी सहयोग और मानवता का पाठ भी पढ़ाती हैं। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पंचायत करनपुर के प्रधान मदनमोहन सिंह और रामपुर गढ़ी जमुनी के प्रधान डॉ. सत्य प्रकाश ने कहा कि इस तरह के प्रयास सामाजिक एकता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। वहीं पंचायत सचिव शुभम मिश्रा और शशांक शुक्ला ने भी इसे सराहनीय कदम बताते हुए संस्था को धन्यवाद दिया। संस्था के अध्यक्ष गौरव सिंह ने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में भी सावी वेलफ़ेयर सोसाइटी समाज सेवा और गरीबों की मदद के लिए प्रयास लगातार करती रहेगी। उपाध्यक्ष अमन चौधरी, सचिव कुंवर यश तथा सदस्य आदर्श चतुर्वेदी, आत्मिता पांडे, उजैरा, ज्योत्सना शुक्ला, अक्षय सहित कई सक्रिय कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। गांव के लोगों ने भी बढ़-चढ़कर इस सामाजिक पहल में हाथ बढ़ाया और सहयोग देकर साबित किया कि जब समाज एकजुट होता है तो हर मुश्किल आसान हो जाती है।

## फर्जी आईएएस अधिकारी का साथी गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। जिले की वजीरगंज थाना पुलिस ने शुक्रवार को एक युवक को गिरफ्तार किया है। वह फर्जी आईएएस अधिकारी का साथी है, जो उसके हर काम में साथ देता था। वजीरगंज थाना प्रभारी राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि बुधवार को फर्जी आईएएस अधिकारी मऊ निवासी सौरभ त्रिपाठी को गिरफ्तार किया था। उसके साथी मूलरूप से फर्रूखाबाद के नेकपुर निवासी कुमार गौरव पाण्डेय के बारे में जानकारी मिली कि वह कैसरबाग बस अड्डे की ओर जा रहा था। अगर सही समय पर पुलिस पहुंचती है तो उसे पकड़ा जा सकता है। इसके बाद उपनिरीक्षक रणविजय सिंह टीम के साथ पहुंचे और परिवर्तन चौक के पास से गिरफ्तार कर लिया।

## डंफर से दबकर हुई युवक की मौत

सरोजनीनगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । क्षेत्र में मौरंग लदा डंफर बैक करते समय एक युवक पहिए के नीचे आ गया और उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। घटना स्कूटर इंडिया गेट नंबर 1 के पास सुबह करीब 8:30 बजे की है ।मृतक की पहचान उन्नाव जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ज्ञानपुर निवासी ललई (35) के रूप में हुयी। स्थानीय लोगों का कहना है कि युवक मौरंग से भरे डंफर को बैक करा रहा था क्योंकि वह मौरंग उतारने का काम करता था। डंफर चालक वाहन को आगे पीछे कर रहा था और ललई पीछे खड़े होकर चालक को निर्देश दे रहा था इसी दौरान अचानक डंफर के पिछले पहिए के नीचे आ गया जिससे दबकर उसकी मौत हो गयी। इसके बाद डंफर चालक डंफर छोड़कर फरार हो गया।स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरोजनी नगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर फरार चालक का पता लगा रही है। मृतक ललई के परिवार में पत्नी के अलावा एक बेटा और दो बेटियां हैं।

## एसटीएफ के आरक्षी ने पीएसी जवान पर मारपीट, गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने की दर्ज कराई रिपोर्ट

सरोजनीनगर, लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में पीएसी के जवान ने अपने ही विभाग में कार्यरत साथी पर जान से मारने की धमकी, गाली गलौज करने और मारपीट करने की रिपोर्ट कराया दर्ज । सरोजनीनगर थाना क्षेत्र स्थित पीएसी 32 बटालियन निवासी आरक्षी मोहित कुमार जो कि एसटीएफ मुख्यालय में नियुक्त है और पीएसी के आवासीय परिसर में ही रहता है। पीड़ित का कहना है कि परिसर में ही रहने वाले 32 वीं पीएससी में नियुक्त आरक्षी अकबर ने जान से मारने के उद्देश्य से धारदार हथियार और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए मारपीट करने लगा। पीड़ित का कहना है की मारपीट में उसको गंभीर चोटे आई हैं। पीड़ित मोहित कुमार मूल रूप से कानपुर नगर स्थित किदवई नगर के सतवरी का निवासी है। पीड़ित ने इसकी शिकायत सरोजनीनगर थाने में दर्ज कराई क्र सरोजनीनगर पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## लखनऊ में 25 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

लखनऊ कैनविज टाइम्स संवाददाता । जनपद के गुडम्बा थाना क्षेत्र में शुक्रवार को पुलिस ने 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ लखनऊ के अलग-अलग थानों में 13 से अधिक मुकदमें दर्ज हैं। आरोपित की गिरफ्तारी के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। थाना प्रभारी प्राभतेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि ठाकुरगंज के कूढ़ा चौराहा से एक अपराधी को गिरफ्तार किया है। उसका नाम नदीम उर्फ फिरोज उर्फ जीतू उर्फ अली, जो गोण्डा जिला का रहने वाला है। वह अपने साथी मड़ियाव निवासी आसिफ के साथ मिलकर एक गैंग बनाकर उसमें अन्य लोगों को शामिल कर लूट, चोरी, छिनैती जैसी वारदातों को अंजाम देता हैं। गुडम्बा में उसके खिलाफ गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज होने पर पुलिस को उसकी काफी दिनों से तलाश थी। उस पर पुलिस उपायुक्त पूर्वी ने 25 हजार रुपये का इनाम भी रखा था। शुक्रवार को उसकी लोकेशन ठाकुरगंज इलाके में मिली, जहां घेराबंदी कर पुलिस ने इनामी बदमाश को धर दबोचा। पुलिस अभियुक्त के खिलाफ आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# निगोहां में हर्षोल्लास के साथ निकला बारावफात का जुलूस, इस्लामी झंडे के साथ लहराया तिरंगा

**एकता की मिशाल बना निगोहां बारावफात का जुलूस**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




निगोहां, लखनऊ । निगोहां इलाके में शुक्रवार को बारावफ़ात (जशने ईद मिलादुन्नवी) बड़े हर्षोल्लास के साथ मानया गया। जहाँ इस जुलूस में इस्लामी झंडे के साथ साथ तिरंगे को भी लहराया गया।इस जुलुस में हिन्दू- मुस्लिम एकता की मिशाल देखने को मिली।जुलूस में हाजरो की संख्या में नन्हे -मुन्हें बच्चों ने अपने हांथो में इस्लामी झंडा व तिरंगे झंडे को लहराते हुए जुलूसे मोहम्मदी निकाला। जुलूस में निगोहां, मदारीखेड़ा, नन्दौली, डीहा, मीरखनगर , कांटा , सलेमपुर अचाका समेत आधा दर्जन गांवो के सैकड़ो नवयुवक बाइक, व चार पहिया वाहनों में झंडा लेकर जुलुस में शामिल हुए, जुलूस में घोडे, बग्घी, व छोटे बड़े वाहनों की कतार रही। मस्जिदों के इमाम मौलाना कलीम रजा, अब्दुल रहमान, मौलाना आरिफ, मौलाना खतिबुल कादरी सिमनानी ,मीरखनगर के हाफिज इमाम रजा , नन्दौली से हाफिज सहादत व मुजफ्फर हुसैन ने सीरते मुस्तफा बयान किया। इस जुलूस में मुस्लिम समुदाय के साथ हिन्दू समुदाय के लोगो ने भी जगह-जगह मिठाईयां व लंगर वितरण किया। जुलूस निगोहां की गौसिया मस्जिद से निकलकर जामा मस्जिद होते हुए नगराम मोड़ से होकर निगोहां कस्बे और भगवानपुर मोड़ से मुड़कर कस्बे होते हुए निगोहां गांव पहुचकर समापन होता है। इस जुलुस में निगोहां ग्राम प्रधान अभय दीक्षित, संजीव शुक्ला, विकास सिंह, सौरभ, उमेश , नीशू मिश्रा, अशोक समेत सैकड़ो की संख्या ने हिन्दू समुदाय के लोग सामिल रहे। पाकपंजतन कमेटी अधयक्ष लल्लू खांन ने बताया की निगोहां का बारावफ़ात जुलुस एकता की एक मिशाल है। जिसमे मुस्लिम समुदाय के अलावां सैकड़ो की संख्या में हिन्दू समुदाय के लोग भी शामिल होते है। निगोहां एसओ अनुज कुमार तिवारी ने बताया की जुलुस में शांति व्यवस्था हेतु भारी पुलिस बल भी तैनात किया गया। जो शांति पूर्वक ढंग से जुलुस निकला गया।

# खैराबाद में ऐतिहासिक जलविहार मेला हुआ प्रारंभ

**समाजसेवी अभिषेक गुप्ता ने किया उद्घाटन, जलविहार मेले का शुभारंभ**

**महेंद्र टोला से माखुपुर तक सजी झांकियों के साथ जलविहार मेला शुरू**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सीतापुर, खैराबाद। नगर क्षेत्र मे वामन महोत्सव के उपलक्ष में लगने वाला ऐतिहासिक जल विहार मेला कल देर शाम शाम जलविहार मेला समिति के अध्यक्ष राम महेंद्र के महेंद्री टोला निवास पर वामन देव का पूजन भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष अचिन मल्होत्रा ने किया तथा देर शाम मेहंदी टोला जोशी टोला किसानी टोला तथा माखुपुर में जलविहार मेले के उपलक्ष में सजाई गई झांकियो का फीता काटकर उद्घाटन पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि तथा समाजसेवी अभिषेक गुप्त ने किया। इस अवसर पर समाजसेवी अभिषेक गुप्त ने कहा कि वामन महोत्सव के उपलक्ष में खैराबाद में अधिकांश मोहल्ले में वामन महोत्सव का आयोजन किया जाता है सुंदर झांकियां सजाई जाती है वास्तव में यह सब हमारी धरोहर है जिनको संजोकर रखना आने वाली नस्लों की जिम्मेदारी है इस अवसर पर मोहल्ला बाजदारी टोला से पूर्व निर्धारित मार्गो से गुजर कर पूरी रात भर सुंदर झांकियां पूरे नगर क्षेत्र में निकाली गई तथा कई स्थानों पर विगत वर्षो की भांति संगीत का कार्यक्रम भी कलाकारों के द्वारा आयोजित किया गया समाज सेवी अभिषेक गुप्ता ने बताया कि नगर पालिका परिषद में विगत बरसों की भांति प्रशासन की टीम हेतु व्यवस्था की गई है ताकि कोई भी व्यवधान मेले में उत्पन्न? न होने पायें। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सचिन मल्होत्रा जलविहार मेला समिति के अध्यक्ष राम महेंद्र प्रवाल महेंद्र मनोज महेंद्र राजू टंडन दिनेश महेंद्र पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता अधिशासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्त निरंकार गुप्त मनोज कुमार राणा सभासद राकेश सिंह गुप्ता सभासद आलोक बाजपेई सभासद दिलीप जोशी प्रभात मिश्र प्रसून मिश्र थाना अध्यक्ष अनिल सिंह कस्बा इंचार्ज अवधेश कुमार यादव सहित श्रद्धालु मौके पर मौजूद थे।

## खैराबाद में अखबार हॉकर नफीस बेग का निधन, पत्रकार जगत ने जताया शोक

खैराबाद। कस्बे में पिछले 25 वर्षों से अखबार वितरण सेवा में लगे नफीस बेग का अचानक आए बुखार से निधन हो गया। नफीस बेग ने अपना पूरा जीवन अखबार बेचने और लोगों तक समाचार पहुँचाने के कार्य को समर्पित कर दिया।परिवार में उनके तीन बच्चे हैं, जिनमें दो बेटे और एक बेटी शामिल हैं। उनके निधन से कस्बे में शोक की लहर दौड़ गई। पत्रकार जगत और हॉकर समुदाय ने गहरा दुःख व्यक्त किया है स्थानीय लोगों का कहना है कि नफीस बेग ईमानदारी और लगन के साथ हर सुबह घर-घर समाचार पहुँचाते थे। उनका जाना कस्बे के लिए एक अपूरणीय क्षति है।शोक संवेदना व्यक्त करने वालों में रवि जायसवाल, पुतान, अंकित गुप्ता, अनुजेश सिन्हा, जयमल सिंह, कुलदीप जायसवाल, प्रकाश शुक्ला, रामू कनौजिया, उमेश जायसवाल सहित कई पत्रकार और साथियों के नाम शामिल हैं।

# कही कटान,तो कही बाढ़ की विभीषिका झेल रहा बसंतापुर

**आज तीसरे दिन भी बढ़ता रहा पानी, सैकड़ों घर प्रभावित घरों में घुसा पानी छत पर रहने को मजबूर आवागमन हो रहा अवरुद्ध**



कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा,सीतापुर। कही कटान तो कही बाढ़ का दंश झेल रहा तहसील लहरपुर का बसंतापुर गांव जो शारदा नदी की विभीषिका झेलने को मजबूर हैं आज तीसरे दिन भी लगातार पानी बढ़ता ही रहा पानी बढ़ने के साथ साथ नदी बसंतापुर स्टेट निर्माण परियोजना डाउन स्ट्रीम की तरफ अप्रह्न बर दबाव बनाती रही वैसे 150 मीटर परियोजना को नदी ने विगत वर्ष ही धराशाई कर दिया था इस बार भी नदी बैकरोलिग करते हुए लगभग 100 मीटर परियोजना के कटरों को ध्वस्त कर एप्रन को अपना निशाना बना रही है नदी का लगभग 250 मीटर तटबंध कटना ही बाढ़ का कारण बनता जा रहा है ग्रामीणों के मुताबिक विगत वर्ष 150 मीटर क्षतिग्रस्त तटबंध पर बचाव कार्य न कराकर यदि नदी में पानी आने से पूर्व परियोजना जैसा ठोस कार्य करवाया गया होता तो शायद आज बसंतापुर सहित दर्जनों गांवों को बाढ़ का कहर झेलना न पड़ता आज तीसरे दिन भी लगातार पानी बढ़ने से गांव से बाहर जाने वाले मार्ग भी अवरुद्ध हो रहे हैं जिससे लोगों को खाद्य सामग्री सहित दवा,इत्यादि खरीदने के लिए बाजार जाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है सूत्रों के अनुसार यदि इसी तरह रात में भी पानी बढ़ता रहा तो पूर्ण रूप से आवागमन बंद हो जाएगा

# रिहार से रतनगंज तक निकली भगवान कश्यप की शोभायात्रा, हजारों श्रद्धालु हुए शामिल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बेहटा , सीतापुर। बेहटा क्षेत्र के रिहार गांव से संत शिरोमणि श्री त्यागी जी महराज के नेतृत्व मे भगवान कश्यप की भव्य शोभा यात्रा निकली गय पुजारी पुजारीजिसके मुख्य आयोजक संतोष सिंह अध्यापक रहे यात्रा रिहार से नाउन पुरवा व डाले सिंह पुरवा सुमली बेहटा तम्बौर होते हुए रतनगंज प्राचीन मंदिर पर पहुंची जहाँ पर सारदा नदी के जल से कश्यप भगवान का जलाभिषेक कर उनका विधि विधान से पूजन किया गया यात्रा मे हजारों की संख्या मे श्रद्धालु शामिल हुए समस्त भक्तो ने मंदिर मे चल रहे भंडारे मे प्रसाद ग्रहण किया यात्रा मे सुरक्षा ब्यवस्था क़ो लेकर सी, ओ, लहरपुर विशाल गुप्ता थाना प्रभारी तम्बौर राकेश कुमार सिंह अपने समस्त स्टॉफ के साथ रिहार से रतनगंज तक चप्पे चप्पे पर नजर रखकर पूर्ण शांति में कश्यप भगवान की भव्य शोभायात्रा संपन्न हुई शोभा यात्रा में अरविंद कुमार सिंह व अंकुर सिंह व राम सिंह पिंटू सिंह शत्रोहन सिंह अवध राम प्रधान रामू सिंह अरुण कुमार मिश्रा अनुराग दिक्षित सरोज बाजपेई लवकुश मिश्रा पप्पू शिवकुमार सिंह उदयभान सुधाकर सिंह अभिजीत श्री कच्छप नगर रिहार शोभा यात्रा संपन्न हुई 5,9,2025 दिन शुक्रवार कच्छप पुजारी सुबोध दीक्षित उर्फ गोले अरविंद दीक्षित प्रेम शंकर पांडे संजय पांडेबृजेश मिश्रा जानू मिश्रा राजू मिश्रा मदन मिश्रा चंद्रशेखर दिक्षित दीपक तिवारीअमेरिका प्रसाद तिवारी बसंत मिश्रा नारायण दत्त शुक्ला दिलीप मिश्रा मनोज मिश्रा सौरभ मिश्रा सरोज मिश्रा पप्पू शुक्ला महेश पतन पांडे बाहर से लोग भारी संख्या में पधारे।

## सरदार फर्टिलाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के सी एंड एफ का हुआ उद्घाटन

झरेखापुर सीतापुर। जनपद के झरेखापुर में सरदार फर्टिलाइजर्स प्राइवेट कंपनी के सी एंड एफ का उद्घाटन शुक्रवार को सुधाकर पांडे एवं कल्पना पांडे एवं कंपनी के मार्केटिंग हेड राजीव सिंह के द्वारा फीता काटकर किया गया है कंपनी के मार्केटिंग हेड राजीव सिंह ने उद्घाटन के अवसर मौजूद सैकड़ो किसानों को कृषि से संबंधित बीमारियों व उनके निदान की जानकारी देते हुए सरदार फर्टिलाइजर्स के प्रोडक्ट्स के विषय में जानकारी दी। इस मौकेपर सीतापुर सी एंड एफ प्रो अमित पांडे धनंजय अवस्थी दिनेश मिश्रा सतीश सिंह प्रमोद सिंह विद्यासागर बूटा सिंह कुलदीप तिवारी विक्रम सिंह दिनेश यादव रजत श्रीवास्तव शिव नरेश पांडे प्रमोद पांडे सहित क्षेत्र के सैकड़ो किसान मौजूद रहे।

## आर.जे.जे. एजुकेशन प्वाइंट में श्रद्धा व आदर के साथ मनाया गया शिक्षक दिवस

सीतापुर। आर जे जे एजूकेशन प्वाइंट बीरमपुर मे शिक्षक दिवस के अवसर पर सर्वप्रथम शिक्षाविद् व भारत के द्वितीय राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के चित्र पर विद्यालय प्रबंधक कुलदीप जयसवाल व प्रधानाचार्या पूनम जयसवाल द्वारा माल्यार्पण कर पुष्प अरपित किये तदोपरान्त विद्यालय के छात्र व छात्राओ अपने शिक्षक शिक्षिकाओ के मस्तक पर तिलक लगाकर उनका स्वागत किया। उसके बाद विद्यालय की उपप्रधानाचार्या अरूणिमा जयसवाल ने बच्चो को पर्व की जानकारी दी, तत्पश्चात बच्चो ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कुलदीप जयसवाल जी ने सभी अध्यापको को शिक्षक दिवस की बधाई दी फिर बच्चो ने इस अवसर पर अपने शिक्षको को उपहार देकर सम्मानित किया। विद्यार्थियों ने अपने अध्यापको के लिये कई खेलो का आयोजन किया और साथ ही विद्यालय परिवार की ओर से उपहार देकर शिक्षको को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समस्त शिक्षको व बच्चो के साथ विद्यालय के संस्थापक जगदीश जयसवाल व विद्यालय व्यवस्थापक रूपेश प्रिंस भी उपस्थित थे।

# आई.जी.आर.एस. शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण को लेकर जिलाधिकारी ने दिए कड़े निर्देश

**जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर । समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आई.जी.आर.एस.) पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट सभागार ने जिलाधिकारी अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कड़े निर्देश दिए कि आई.जी.आर.एस. पोर्टल पर प्राप्त शिकायती प्रार्थना-पत्रों की आख्या किसी भी दशा में गुणवत्ताहीन न हो, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्थलीय सत्यापन अवश्य किया जाये। शिकायतकर्ता से समन्वय अवश्य स्थापित किया जाये तथा निस्तारण से भी अवगत कराया जाये। शिकायतों का निस्तारण समय से सुनिश्चित किया जाये।जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि जो शिकायतें मांग, सुझाव अथवा नीतिगत विषयों से सम्बन्धित हों, उनमें स्पष्ट कारण भी अंकित किया जाये तथा तत्संबंधी सूचना से शिकायतकर्ता को भी अवगत करायी जाये। निस्तारण के साथ सम्बंधित दस्तावेज भी संलग्न किए जाएं तथा आख्या दर्ज करने वाले अधिकारी का स्पष्ट नाम, पदनाम एवं मोहर भी अंकित किया जाये। किसी भी शिकायत को अनावश्यक रूप से लम्बित न रखा जाये। जनपद स्तरीय अधिकारी अपने अधीनस्थ अधिकारियों द्वारा दर्ज किये गये निस्तारण की नियमित रूप से समीक्षा सुनिश्चित करें तथा निस्तारण की गुणवत्ता की भी जांच करें। जनपद स्तर से लिये गये फीडबैक में जिन विभागों का खराब प्रदर्शन मिला, उनके अधिकारियों को सुधार के निर्देश जिलाधिकारी ने दिये।जिलाधिकारी ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी की मंशा है कि आमनजानस की शिकायतों एवं समस्याओं का गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उच्च स्तर से नियमित रूप से इसकी समीक्षा भी की जाती है, इसलिये इसमें लापरवाही बरतने वालों के विरूद्ध कठोर कार्यवाही की जायेगी।सम्भव अभियान की प्रगति में सुधार हेतु जिलाधिकारी ने किया निर्देशितसम्भव अभियान के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने निर्देश दिये कि खराब प्रगति वाले विकास खण्ड सुधार करें। कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों को समुचित उपचार उपलब्ध कराया जाये तथा संबंधित पोर्टल पर समय से फीडिंग सुनिश्चित की जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 सुरेश कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक खालिद अंजुम सहित सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# कीचड़ युक्त रास्ते से अन्धकारमय हो रहा स्कूली बच्चों का भविष्य

**उच्चाधिकारियों तक शिकायत होने के बावजूद भी नही लिया गया संज्ञान, ग्रामीण कीचड़ मे निकलने के लिए हो रहे मजबूर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



मोहम्मदी खीरी। जनपद की तहसील मोहम्मदी क्षेत्र के ग्राम पंचायत बंजरिया के दुल्हापुर गांव के रास्ता का बहुत ही बुरा हाल हुआ पड़ा है,और सड़क अपने इस बुरे हाल से खुद की दुर्दसा पर आंशु बहा रही है।

सड़क के खस्ताहाल और बदतर स्थिति से आने जाने वाले राहगीरों,बच्चों और ग्रामीणों को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।इसी कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल के बच्चे भी विद्यालय जाते हैं वह किस तरह निकलते हैं यह वही जान सकते हैं,कभी कभार तो बच्चे कीचड़ मे फिसल कर गिर भी जाते है और गिरकर चोटिल भी हो जाते है। सड़क की समस्याओं के लेकर संतोष सिंह पुत्र बच्चन सिंह, जसवीर सिंह, वीर सिंह, जीत सिंह, बलविंदर सिंह, निवासी ग्राम दुल्हापुर पोस्ट मूडा ग़ालिब तहसील मोहम्मदी जिला खीरी के झाले से मैन रोड तक कच्चा रास्ता है जिस को लेकर कई बार पंचायत अधिकारियों और उच्चाधिकारियों से मांग की किन्तु उनकी समस्याओं को न सुनते हुए बार-बार अनदेखा कर दिया गया,जिससे वह काफी परेशान है। रेहरिया मझिगवां रोड से जाने वाला यह रास्ता कच्चा होने के कारण हल्की सी भी बारिस होने पर चकरोड पर भारी मात्रा मे कीचड़ भर जाता है,जिससे काफी दिक्कत होती है और स्कूल जाने वाले बच्चों को बारिश आने पर काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ता है।चकरोड की गाटा संख्या 215 है। आने जाने वाले ग्रामीणों व राहगीरों को कच्चे रास्ते से आने जाने मे काफी परेशानी और मशक्क्त का सामना करना पड़ता है।कच्चे और कीचड़ से भरे चकरोड को कम से कम 35 वर्ष हो गए हैं,किन्तु किसी भी जिम्मेदार अधिकारी या कर्मचारी का ध्यान इधर नही गया और यह रास्ता पिछड़ेपन का दंश झेल रहा है। कीचड़ भरे चकरोड पर किनारे पर लिप्टिस के पेड़ होने के कारण वाहनों का निकलना बड़ा मुश्किल हो जाता है।चक मार्ग अधिक आबादी वाला क्षेत्र है फिर भी जिम्मेदारों द्वारा इसको अनदेखा किया जा रहा है। शासन प्रशासन के लोगो द्वारा संतोष सिंह पुत्र बच्चन सिंह जसवीर सिंह वीर सिंह जीत सिंह बलविंदर सिंह आदि ने कई बार जिलाधिकारी,खंड विकास अधिकारी, पंचायत सचिव व ग्राम प्रधान व जनसुनवाई मे कई बार शिकायत की और सडक की मांग की किन्तु किसी का भी सडक की बदतर स्थित की तरफ ध्यान नही दिया गया।

# नाव बनी एंबुलेंस, बाढ़ में भी पहुँची दवा और राहत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखीमपुर खीरी। बाढ़ की तबाही से जूझ रहे गाँव३ सड़कें जलमग्न, घरों के चारों ओर पानी ही पानी। हालात ऐसे कि पैदल चलना तो दूर, साइकिल और बाइक भी बेकार। मगर इन सबके बीच जब स्वास्थ्य सेवाएँ ठप पड़ने का खतरा मंडरा रहा था, तभी स्वास्थ्य विभाग की नाव उम्मीद का सहारा बनकर पहुँची।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल के सख्त निर्देश और सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता के कुशल मार्गदर्शन में स्वास्थ्य टीम ने कमर कसी और ठान लिया कि चाहे हालात जैसे भी हों, लोगों तक दवाएँ हर हाल में पहुँचेंगी। श्रीनगर और आज़ादनगर क्षेत्रों में चिकित्सा अधिकारी डॉ.अजीत सिंह, फार्मासिस्ट टी. रहमान और एनसीडी परामर्शदाता अंकित दीक्षित के नेतृत्व में नाव पर दवाइयाँ लदीं और टीम पानी से घिरे गाँवों तक निकल पड़ी।गाँव वालों के चेहरे पर जैसे ही स्वास्थ्यकर्मी पहुँचे, उम्मीद की किरण लौट आई। टीम ने बाढ़ प्रभावित परिवारों को घर-घर जाकर ज़रूरी दवाएँ उपलब्ध कराईं, लोगों की सेहत की जाँच की और ज़रूरतमंदों को परामर्श भी दिया। ग्रामीणों ने टीम का आभार जताते हुए कहा कि जब चारों ओर सिर्फ पानी ही पानी है, तब नाव से आई दवाइयाँ हमारे लिए जीवनदान साबित हुईं।डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि बाढ़ जैसी विकट परिस्थिति में भी स्वास्थ्य सेवाएँ किसी हाल में बाधित नहीं होंगी। हर ज़रूरतमंद तक दवा और चिकित्सा सुविधा पहुँचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगातार बाढ़ प्रभावित इलाकों में पहुँच रही।

## एल्पिस ग्लोबल विद्यालय में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन




सीतापुर। कस्बे के प्रतिष्ठित विद्यालय एल्पिस ग्लोबल में आज शिक्षक दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और भव्यता के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधक श्री मुदित सिंघल ने किया।''गुरु देवो महेश्वरा'' की भावना से ओतप्रोत छात्रों ने अपने शिक्षकों को सम्मानित करने हेतु विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। साथ ही, सभी गुरुजनों को उपहार भेंट कर विद्यार्थियों ने अपनी कृतज्ञता व्यक्त की। इस अवसर पर शिक्षकों ने बच्चों को उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद दिया तथा उनके प्रयासों की मुक्त कंठ से सराहना की।विद्यालय के डायरेक्टर श्री उमंग राजवंशी ने सभी शिक्षकों को शुभकामनाएँ दीं और कार्यक्रम के सफल आयोजन पर छात्रों की प्रशंसा की। वहीं, विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती दीपा चंद्रा ने डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को याद करते हुए गुरुजनों को बधाई दी तथा शिक्षक-छात्र संबंधों की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने समस्त अध्यापकों, को शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।कार्यक्रम ने विद्यालय परिसर को उत्साह और श्रद्धा से परिपूर्ण कर दिया।

## कुआं का अस्तित्व बचाने के लिए बजरंग दल ने एसडीएम को दिया ज्ञापन

बिसवां (सीतापुर)। राष्ट्रीय बजरंग दल के दर्जनों कार्यकर्ताओं द्वारा शुक्रवार को चार मांगों को लेकर बिसवां तहसील परिसर में जय श्रीराम व भारत माता की जय के नारे लगाते हुए पुलिस अधीक्षक सीतापुर को सम्बोधित दो ज्ञापन राष्ट्रीय बजरंग दल जिला अध्यक्ष आशुतोष वर्मा के नेतृत्व में उप जिलाधिकारी बिसवां शिखा शुक्ला को दिया गया। राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि ग्राम पंचायत जहांगीराबाद के जहांगीराबाद कस्बे में मो0सलीम अंसारी के घर के सामने छः दशकों से भी अधिक समय पूर्व से स्थापित पूजित कुआं जो विधर्मियों द्वारा कूड़ा करकट डालकर कब्जा करने की नियत से पाटा जा रहा है उसे विधर्मियों को मना कर कब्जा छुड़वाकर ब्लाक द्वारा उसका सौंदर्यीकरण कराया जाये। इन विधर्मियों द्वारा लगातार सनातनियों को ठेस पहुंचाई जा रही है फिर भी कोई जिम्मेदार इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। पूजित कुआं से जहांगीराबाद सहित आसपास के दर्जनों गांवों के हजारों हिन्दुओं की आस्था जुड़ी हुई है। ज्ञापन की दूसरी मांग में बिसवां ब्लाक के गांव हुलास पुरवा मजरा जनुवा में इंदल के घर से गजराज के घर तक कच्चा मार्ग होने से हो रही भारी परेशानियों की दृष्टिगत उसे पक्का मार्ग बनवाये जाने की मांग की गई है। इसी प्रकार तीसरी मांग के अन्तर्गत कार्यकर्ताओं ने साण्डा के कनैला गांव में आंगनबाड़ी केंद्र न होने से आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा बच्चों को प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक अमीन अंसारी द्वारा भगा दिया जाता है?। उसकी तत्काल जांच कर कार्यवाही किए जाने की भी मांग की गई है। दूसरे ज्ञापन के माध्यम से राष्ट्रीय बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने वर्तमान समय में थाना मानपुर में अंडर ट्रेनिंग क्षेत्राधिकारी जिनके पास थानाध्यक्ष का भी प्रभार है उनका तुरन्त स्थानांतरण किया जाये। इस मौके पर राष्ट्रीय बजरंग दल जिला महामंत्री नरेंद्र कुमार, राष्ट्रीय किसान परिषद जिला अध्यक्ष कृपा शंकर, पूर्णिमा कुमारी, शिवेंद्र बजरंगी, सर्वेश बजरंगी, शिव शंकर बजरंगी, राजकुमार, गुड्डू, ललित दीक्षित, मनोज कुमार व सुनील गुप्ता आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईद ए मिलादुन्नबी पर्व पर आसिफ अशरफी ने पिलाई चाय व खिलाया बिस्कुट

जहांगीराबाद (सीतापुर)। कस्बा निवासी सामाजिक कार्यकर्ता आसिफ अशरफी ने ईद उल मिलादुन्नबी पर्व पर जहांगीराबाद टैक्सी स्टैंड के निकट पंडाल लगाकर लोगों को चाय पिलाई तथा बिस्कुट खिलाये। देर शाम तक उनका चाय व बिस्कुट वितरण चलता रहा।इससे पूर्व लगभग एक सप्ताह पहले चहल्लुम के दिन मेला में लोगों को ठंडे पानी के पाउच वितरित किए थे। इस कार्य में उनके पिता मोहम्मद उमर उर्फ मुन्ना कहानी उसे हिम्मत बंधाते हैं। अभी हाल ही में लखनऊ के गोमती नगर स्थित सिनेपोलिस मॉल में आयोजित रनवे फैशन वीक में भाग लेकर आसिफ अशरफी ने अवार्ड जीतकर न केवल अपनी प्रतिभा साबित की बल्कि अपने क्षेत्र का नाम भी रोशन किया मॉडलिंग शो में सफलता मिलने के बाद क्षेत्रीय लोगों में खुशी की लहर देखने को मिली थी। आसिफ लगातार अलग अलग क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका निभाकर लोगों के बीच लगातार चर्चा में बने रहते हैं। कभी गरीबों की मदद कर देते हैं तो कहीं समाजसेवी के रूप में दिखाई देते हैं।

# नेपाली शराब सहित सीमा पर एक युवक को किया गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता




सम्पूर्णानगर- खीरी। थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर थाना क्षेत्र में अपराध की रोकथाम व अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को सूचना के आधार पर भारत नेपाल सीमा के निकट कुंडा पुलिया के पास एक युवक को नेपाल से बाइक पर दो बोरा लाद कर लाते समय रोका गया पुलिस द्वारा तलाशी के दौरान युवक के पास से 54 पीस प्लास्टिक की सीसी में नेपाली करणाली शराब बरामद की व दूसरे बोरे में 105 पाऊच नेपाली अवैध कच्ची शराब बरामद की गई। पुलिस द्वारा पूछे जाने पर आरोपी युवक ने अपना नाम दिनेश कुमार पुत्र बृजानंद निवासी ग्राम प्रताप नगर थाना संपूर्णा नगर बताया पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही शुरू कर दी है। पकड़ने वाली टीम में उप निरीक्षक अनिल सिंह पंकज हेड कांस्टेबल अजीत कुमार कांस्टेबल नरेंद्र कुमार कांस्टेबल प्रदीप कुमार मौजूद रहे।


## सिधौली में 60 वर्षीय किसान ने पेड़ से फांसी लगाकर दी जान

सिधौली। क्षेत्र के खेरवा गांव में उस समय हड़कंप मच गया जब गांव निवासी करीब 60 वर्षीय श्री राम गौतम ने आम के पेड़ से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।घटना की सूचना मिलते ही सिधौली कोतवाली प्रभारी बलवंत शाही, सीओ अमित कपूर, फॉरेंसिक टीम और पुलिस बल मौके पर पहुंचे। शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए सीतापुर पोस्टमार्टम हाउस भेजा गया।

# फर्जी मजदूरों की हाजिरी लगाकर ग्राम निधि धनराशि का बंदर बांट किए जाने का आरोप

**आरोप है कि ग्राम प्रधान ने अपने पुत्र पुत्री और पुत्रवधू के नाम फर्जी हाजिरी लगा निकला मजदूरी का पैसा निकाल लिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




लखीमपुर खीरी। मामला विकासखंड फूल बेहड की ग्राम पंचायत श्रीनगर का है जहां पर पंचायत सचिव दिनेश कुमार और ग्राम प्रधान की मिली भगत से ग्राम निधि खाते में फर्जीवाडा करके सरकारी धन का गवन किए जाने का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निधि से कराए गए कार्यों में प्रधान और सचिव ने मिली भगत करके ग्राम प्रधान के पुत्र जकी अहमद व नसीमूननिशा, अंजुम, सुमन पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख, रामनिवास की फर्जी हाजिरी लगाकर पैसा निकल जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। सूत्रों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार ग्राम निधि से कराए गए गुड्डू के घर से डामर रोड तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य में पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख/ बीडीसी सुमन और हरिद्वार की फैक्ट्री में काम कर रहे रामनिवास सहित प्रधान की बहु फिरदौस की फर्जी हाजिरी भर कर मजदूरी का पैसा निकल जाने के आरोप लगाए जा रहे हैं। इतना ही नहीं ग्राम प्रधान और पंचायत सचिव की मिली भगत का आलम यह है की नल रिबोर और आंगनबाड़ी केंद्र मरम्मत कार्य में प्रधान और सचिव ने ग्राम प्रधान के पुत्र जकी अहमद ,नसीमुननिशा ,आसमा ,का नाम मजदूरी का पैसा निकाल लिया गया जिसका खुलासा पेमेंट वाउचरों से हुआ है यह तो उनके भ्रष्टाचार की महज़ बानगी भर है यदि ग्राम निधि और मनरेगा से कराए गए कार्यों और उसमें निकाले गए मजदूरी भुगतान का किया जाए स्थलीय सत्यापन और निष्पक्ष जांच तो एक बड़े भ्रष्टाचार का होगा खुलासा और ग्राम प्रधान एवं पंचायत सचिव पर आएगी कार्यवाही की आंच ।उपरोक्त मामले की जानकारी खंड विकास अधिकारी से लेकर ग्राम पंचायत अधिकारी व एडियो पंचायत को होने की बात सूत्रों द्वारा कही गई है लोगों का कहना है यदि मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ले मामले का संज्ञान और कराये निष्पक्ष जांच तो ग्राम निधि में एक बड़ा घोटाला आएगा सामने।

# मंडलायुक्त की अध्यक्षता में विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**योजनाओं के क्रियान्वयन में समयबद्धता और पारदर्शिता जरूरी, अधिकारी गंभीरता दिखाएं**

**पात्रता के अनुसार योजनाओं का मिले लाभ, लापरवाह कार्मिकों के विरुद्ध कार्यवाही करें अधिकार**

मुरादाबाद । मंडलायुक्त आञ्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयुक्त सभागार में मा. मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के अनुसार विकास कार्यों की मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न हुई।बैठक में मंडलायुक्त ने स्वास्थ्य सेवाएं, फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, पर ड्रॉप-मोर क्रॉप, जल जीवन मिशन, एकीकृत बागवानी मिशन, 15वां वित्त, राज्य वित्त, विद्युत आपूर्ति, कृषि, आरआरसी और कूड़ा कलेक्शन कार्य, पंचायत भवनों में जन सेवा केंद्रों का संचालन, निराश्रित गौवंश संरक्षण, मुख्यमंत्री मत्स्य संपदा योजना, आईसीडीएस, एनआरएलएम, विद्युत सखी, लखपती दीदी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, मनरेगा और जल संचयन सहित विभिन्न योजनाओं और कार्यक्रमों की प्रगति को लेकर विस्तृत समीक्षा की।उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा के दौरान संस्थागत प्रसव की कम रिपोर्टिंग के मुद्दे पर गंभीरता बरतने के निर्देश दिए।टीबी मॉनिटरिंग की समीक्षा के दौरान मंडलायुक्त ने कहा कि आउटसोर्स/संविदा कर्मियों की लापरवाही से यदि प्रगति प्रभावित होती है तो उनकी सेवाएं समाप्त होनी चाहिए। इसके साथ ही हर चिन्हित टीबी मरीज से उसके स्वास्थ्य में सुधार की नियमित रूप से मॉनिटरिंग होनी चाहिए।आशाओं द्वारा प्राइवेट अस्पतालों में प्रसव कराए जाने के प्रकरण में एफआईआर के साथ ही उनकी सेवाएं समाप्त करने में भी कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए।जन आरोग्य मेले में चिकित्सकों की गैरमौजूदगी की शिकायतों पर मंडलायुक्त ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के क्रियान्वयन में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी, सभी सीएमओ प्रभावी नियंत्रण और गंभीरतापूर्वक स्वास्थ्य मेलों का आयोजन कराएं।उन्होंने बिना डिग्री और संसाधनों के प्रसव और अन्य स्वास्थ्य सेवाएं देने वाले अनाधिकृत अस्पतालों पर नियमित तौर पर कार्यवाही के भी निर्देश दिए।कुपोषण उन्मूलन में ग्राम पंचायतों की अहम भागीदारी है इसके लिए उन्होंने सभी सीडीओ को कुपोषित बच्चों के चिन्हांकन और उनके पोषण प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए निर्देशित किया।उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देश दिए कि वे जिलों में स्थित ड्रग्स वेयरहाउस का निरीक्षण कराएं ताकि मानकों के अनुसार दवाओं की उपलब्धता होने में कोई अवरोध न हो।उन्होंने बिजनौर और अमरोहा में स्वास्थ्य केंद्रों से मिल रही शिकायतों पर नाराजगी जताई और कहा कि सीएमओ यह सुनिश्चित करें कि स्वास्थ्य केंद्रों पर आने वाले मरीजों के साथ अच्छा व्यवहार होना चाहिए और बेहतर उपचार मिले। दुर्व्यवहार की शिकायतें किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं होंगी।नकली, प्रतिबंधित और मिलावटी दवाओं की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाने के लिए उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि मंडल में स्वास्थ्य सूचकांक में सुधार हुआ है परंतु अब भी काफी सुधार की आवश्यता है।हर जिले में कम से कम एक अस्पताल को मॉडल अस्पताल के रूप में विकसित करने की दिशा में भी कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि इससे स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक लाभप्रद बनाने में मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सीयूजी नम्बर पर आने वाली फोन कॉल अनिवार्य रूप से रिसीव करेंगे और यदि किसी कारणवश फोन रिसीव नहीं कर पाते हैं तो कॉलबैक करेंगे। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों के संबंध में प्राप्त हो रही शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए अधीक्षण अभियंता को निर्देशित किया कि विद्युत आपूर्ति से संबंधित सभी अभियंता अनिवार्य रूप से फोन रिसीव करें और समस्याओं का समाधान कराएं।मंडल में सड़कों के किनारे गोबर और कूड़ा डालने की परंपरा पूरी तरह समाप्त होनी चाहिए।

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों ने रखा उपवास, पुरानी पेंशन बहाली और निजीकरण का किया विरोध

मुरादाबाद, बबराला। शिक्षक दिवस पर जहाँ देशभर में शिक्षकों को सम्मानित किया जा रहा था, वहीं अटेवा सम्भल से जुड़े शिक्षकों और कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर विशेष तरीके से विरोध दर्ज कराया। आर.एस. प्ले ग्रुप, टीचर्स कॉलोनी, बबराला में शिक्षकों व कर्मचारियों ने उपवास रखकर पुरानी पेंशन बहाली और शिक्षा के निजीकरण के खिलाफ आवाज बुलंद की। उपस्थित वक्ताओं ने कहा कि पुरानी पेंशन योजना बहाल होना ही शिक्षकों और कर्मचारियों के सम्मान का सच्चा प्रतीक होगा। उन्होंने सरकार से मांग की कि शिक्षकों व कर्मचारियों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए और निजीकरण पर रोक लगे। उपवास कार्यक्रम में जिला कोषाध्यक्ष मंजीत, उपाध्यक्ष डॉ. धर्मवीर सिंह, ब्लाक अध्यक्ष गुन्नौर विशेष, विजयवीर सिंह, राहुल यादव, गौरव कुमार, ओमकार सिंह, देवदत्त सिंह, अमित कुमार, भूपेन्द्र, शिवम वार्ष्णेय, प्रकाश भारती, अजय यादव, अतुल कुमार, रामवीर सिंह वार्ष्णेय, किशन यादव, हेमराज, निखिल वार्ष्णेय सहित कई शिक्षक व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## सदर कोतवाली का सिपाही बातकर ठेकेदार को धमकाने का ऑडियो प्रसारित




बदायूँ। शहर के एक दलाल नेता का कोतवाली का सिपाही बातकर ठेकेदार को धमकाने का ऑडियो प्रसारित हो रहा है। वही आपको बता दें कि ऑडियो में दबंग दलाल नेता पुलिस को अपनी मुट्ठी में रखने का दावा करता है। वहीं प्रतिष्ठित एक नेता का भी मुंह लगा हुआ है। वहीं ऑडियो में यह दलाल नेता ठेकेदार को कह रहा है कि तेरे खिलाफ पार्टी ने मुकदमा लिखवाया है। और तुझे कोतवाल साहब बुला रहे हैं। अगर नहीं आया तो में पुलिस भेज कर तुझे थाने बुलवाऊंगा। वही दबंग नेता का कोतवाली का सिपाही बातकर का ऑडियो प्रसारित होने पुलिस विभाग में हड़काम मचा हुआ है। जिसको लेकर पुलिस की जमकर फजियत हो रही है। वही सूत्रों का कहना है कि यह दबंग नेता कोतवाली में उठता बैठता है। और एक संगठन की छवि खराब करने में लगा हुआ है। वहीं इस ऑडियो को लेकर क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। कैनविज टाइम्स समाचार पत्र इस ऑडियो की पुष्टि नहीं करता। वहीं ऑडियो में ऐसा भी प्रतीत हो रहा है कि पुलिस की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। फिलहाल यह तो जांच के बाद ही तय हो पाएगा। कोतवाल साहब ठेकेदार को बुला रहे थे या नहीं। अगर नहीं तो दलाल नेता पर कार्रवाई तय। इस मामले में एसएसपी डा0 बृजेश कुमार सिंह बताया कि ऑडियो मेरे संज्ञान में आया है, जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।

## नीलगाय की टक्कर से बाइक सवार किसान की मौत

मुरादाबाद, अनूपशहर। बाइक से खेत पर जा रहे किसान को नीलगाय ने टक्कर मार दी। जिससे किसान की सिर तथा सीने में गंभीर चोट लगने से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुरुवार की देर शाम गांव दुगरऊ निवासी 64 वर्षीय किसान नरेंद्र सिंह पुत्र तुलाराम बाइक से अपने खेत पर जा रहे थे। तभी तेजी से आई नीलगाय ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे नरेंद्र सिंह मौके पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी मिलने पर अन्य लोग उन्हें लेकर चिकित्सालय पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने नरेंद्र सिंह को मृत घोषित कर दिया। नीलगाय के हमले से नरेंद्र सिंह के सिर में गंभीर चोट लगने के साथ सीने की कई पसलियां टूट गई थी। पूर्व ग्राम प्रधान प्रेमपाल सिंह की सूचना पर पुलिस ने नरेंद्र सिंह के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। पोस्टमार्टम के बाद नरेंद्र सिंह का मस्तराम घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## पीईटी परीक्षा-2025 के दृष्टिगत जिले में नगर क्षेत्र के सभी विद्यालय और कोचिंग संस्थाओं में 6 सितंबर को अवकाश रहेगा: जिलाधिकारी

मुरादाबाद। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग लखनऊ द्वारा आयोजित प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (पीईटी) दिनांक 06 सितम्बर 2025(शनिवार) व 07 सितम्बर 2025 (रविवार) को जनपद मुरादाबाद के 52 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होनी है।जिलाधिकारी श्री अनुज सिंह ने बताया कि इस परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले परीक्षार्थियों एवं उनके अभिभावकों के जनपद में आने तथा शहर की यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाये रखने के साथ ही परीक्षार्थियों को ससमय परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने में सुगमता के दृष्टिगत जनपद मुरादाबाद के नगर क्षेत्र के समस्त बोर्ड के विद्यालय एवं कोचिंग संस्थान दिनांक 06 सितम्बर 2025 को बन्द रहेंगें।जिलाधिकारी ने जनपद मुरादाबाद के नगर क्षेत्र के सभी विद्यालयों और कोचिंग संस्थानों को इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया है।

## पिकअप ने मारी रिक्शा को टक्कर, एक किशोर की मौत, दूसरा घायल

गुन्नौर। बबराला रोड पर शुक्रवार दोपहर बड़ा हादसा हो गया। आगरा से गोभी छोड़कर लौट रही पिकअप गाड़ी अनियंत्रित होकर कबाड़ से भरे रिक्शा से टकरा गई। टक्कर में 15 वर्षीय मनीष पुत्र दानीवर की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी वीरेश पुत्र नारायण सिंह गंभीर रूप से घायल हो गया । हादसा पिकअप चालक बबलू कुमार निव ासी बवंडई थाना हाथरस को झपकी आने से हुआ। स्थानीय लोगों ने घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने मनीष को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा वाहन व चालक को कब्जे में ले लिया है।

## धूमधाम से निकला ईद ए मिलाद उन नबी का जुलूस

मुरादाबाद, अनूपशहर। ईद ए मिलाद उन नबी का जुलूस निकालकर इस्लाम के आखिरी पैगंबर हजरत मोहम्मद मुस्तफा सल्लल्लाहो अलेही वाले वसल्लम का जन्मदिन मोहब्बत अकीदत के साथ मनाया।शुक्रवार को बाल निकेतन मांटेसरी स्कूल से ईद ए मिलाद उन नबी के जुलूस का शुभारंभ चेयरमैन बृजेश गोयल ने हरी झंडी दिखाकर किया। जुलूस में सबसे आगे तीन घोड़ों पर सवार तीन बच्चे सबसे आगे चल रहे थे। जुलूस में युवाओं द्वारा अखाड़ेबाजी के करतब दिखाए जा रहे थे। जुलूस नगर के मुख्य बाजार से होते हुए जामा मस्जिद पहुंचकर सम्पन्न हुआ। इस्लाम के जानकर इकबाल पठान ने बताया कि यह दिन सभी के लिए हिदायत रहम दिल माफ कर देना और बराबरी का पैगाम लेकर आता है। आप जिस समय दुनिया में तशरीफ लाए तो पूरी दुनिया में लड़कियों को जिंदा दफन या मार देने की प्रथा थी। आपने अपनी बेटी हजरत फातिमा के लिए खड़े होकर सम्मान देकर समाज को संदेश दिया कि बेटियों को किस तरीके से सिर का ताज बना कर रखा जाता है। दुनिया जब महिलाओं पर अत्याचार में व्यस्त थी, तब आपने पंद्रह सौ साल पहले महिलाओं को सबसे पहले विरासत की जायदाद में हिस्सेदार बनाया। जब इंसानों को गुलामों के रूप में खरीदा बेचा जाता था, तब आपने हजरत ए बिलाल जो काले हब्शी को अपने बराबर में बैठाकर खिला कर पूरे विश्व को यह पैगाम दिया के गोरे को काले पर मालदार को गरीब पर अरब को गैर अरब पर कोई भरतरी हासिल नहीं यानी रंग रूप पैसा और धरती के कारण कोई भी इंसान दूसरे इंसान से ज्यादा बेहतर नहीं होगा। इस मौके पर जावेद अख्तर, सलाम खां, शेख रईस, बबलू कुरैशी, अफजल गाजी, अरशद गाजी, आकिब गाजी, शेख रेहान, उस्मान सैफी, अकील आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक सम्मान समारोह का किया गया आयोजन

रायबरेली । वित्तविहीन विद्यालय संगठन रायबरेली (उ.प्र.) के तत्वावधान में शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में जिलेभर से आए शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि वित्तविहीन विद्यालयों के शिक्षक विपरीत परिस्थितियों में भी बच्चों को शिक्षा देने का कार्य कर रहे हैं, जो अत्यंत सराहनीय है। संगठन के अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान ने कहा कि शिक्षक समाज के पथप्रदर्शक होते हैं और शिक्षा ही राष्ट्र की उन्नति का आधार है। उन्होंने संगठन की एकता और मजबूती पर बल देते हुए शिक्षकों के हक की लड़ाई को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया। समारोह में शिक्षकों को अंगवस्त्र व पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया।

# मुसलमान हर मज़हब के लोगों से करें प्यार: आबिद रज़ा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**ईदमिलदुन्नवी, जुलूसे मुहम्मदी के मौके पर मुहल्ला चौधरी सराय में शाह विलायत गेट के पास कैम्प लगाया गया तथा लंगर भी तकसीम किया गया**

बदायूँ। समापवाडी पार्टी के राष्टीय सचिव/स्टार प्रचारक व पूर्व मंत्री आबिद रज़ा की ओर से हर साल की तरह इस बार भी ईद ईदमिलदुन्नवी, जुलूसे मुहम्मदी के मौके पर मुहल्ला चौधरी सराय में शाह विलायत गेट के पास कैम्प लगाया गया तथा लंगर भी तकसीम किया गया। कैम्प पहुँच कर पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने जुसुले मुहम्मदी का इस्तकबाल किया। उनके साथ बदायूं सांसद के प्रतिनिधि अनिल गोस्वामी भी मौजूद रहे। पूर्वमंत्री आबिद रज़ा ने हज़रत अतीफ मिंया कादरी साहब व हज़रत अज़ज़्ज़ाम मियाँ साहब का फूल माला डालकर इस्तकबाल किया। आबिद रज़ा ने जुलूसे मुहम्मदी मे चल रहे छोटे सरकार के परचम को अपने हाथ मे उठाया। आबिद रज़ा ने जुलूसे मुहम्मदी में शिरकत करने वाले लोगो से मुलाकात की और उनका इस्तकबाल किया। पूर्व मंत्री आबिद रज़ा ने कहा आज मुसलमानों के लिए सबसे बड़ा दिन है क्योंकि अल्लाह ताला ने आज के दिन इस्लाम फैलाने के लिए अपने पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम को दुनिया में भेजा। हुजूरे पाक की यौमे पैदाइश का दिन है। पूरी दुनिया के मुसलमानो के लिए आज का दिन अहम और बड़ा है। आज के दिन मुसलमानों को यह तय करना चाहिए कि जो हमारे हुजूर ने जो बातें बताई और अल्लाह का पैगाम दिया। उन बातों पर चलने की अल्लाह तौफीक अता फरमाए एवं हक पर चलने वालों का साथ देने की भी अपील की हिंदुस्तान में रहने वाले सभी मजहबो हिंदू, मुस्लिम, सिख इसाई जैन सभी से मोहब्बत का रिश्ता कायम करें तथा उनके दुख दर्द में शामिल हो ताकि आपसी नफरते खत्म होकर आपस में मोहब्बतें पैदा हूं इस्लाम मजहब के पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब ने यह पैगाम सभी धर्मों के मानने वाले लोगो को दिया कि सभी धर्मों की इज़्जत करो ,किसी के साथ धोखा मत करो, झूठ मत बोलो ,जकात ,नमाज रोजा पाबंदी से अदा करो जितनी भी बातें इस्लाम मजहब के पैगंबर साहब ने बताई हैं उन पर मजबूती से अमल करना चाहिए। इस अबसर पर मोतशम बदायूं सांसद के प्रतिनिधि अनिल गोस्वामी, मोते शाम सिद्दीकी, मोहम्मद् मिंया, ओमवीर सिंह यादव, , शशांक यादव फ़रहत सिद्दीकी, अली अल्वी अनीस सिद्दीकी, अनवर खान सभासद, नवेद सभासद, गुड्डू खान पूर्व सभासद,सलमान एडवोकेट, नीरज राठौर, कौसर अली , फैसल खां, फिरोज अंसारी, नदीम खां, लालू, पप्पन पीएस भइये उर्फ सलीम आशिक, बबलु , निहाल पीरजी,सोहेल सिद्दीकी, मिंटू, डॉ आशु, डिंपल, शकील भाई, साजिद खान, हसीब उद्दीन , समीर अंसारी आदि बड़ी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

# साझा धर्मस्थल पर राम-राम लिखे जाने से विवाद, पुलिस ने किया समाधान

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बिनावर। थाना बिनावर क्षेत्र के गांव रंझौरा में स्थित साझा धर्मस्थल पर बृहस्पतिवार को उस समय विवाद हो गया, जब फर्श पर जगह-जगह राम-राम लिख दिया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने तुरंत कार्रवाई कर लोगों को शांत किया। गांव रंझौरा के दक्षिण दिशा में करीब आधा किलोमीटर दूरी पर स्थित इस धर्मस्थल के अंदर मुस्लिमों की मजार और हिंदूओं का देवस्थान हैं। यह स्थल छौकर बाबा के नाम से प्रसिद्ध है। यहां पर एक ओर शिव पूजा होती है तो दूसरी ओर इबादत की जाती है। मजार और देवस्थान की साफ-सफाई और देखरेख गांव के ही अजय पाल करीब 20 वर्षों से कर रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अजय पाल मंदबुद्धि भी हैं। बताया जाता है कि अजय पाल ने ही सेवा भाव में मजार और देवस्थान के पास फर्श पर पेंट से जगह-जगह राम-राम लिख दिया। गांव अहरुइया निवासी अखिलेश जब पूजा करने वहां पहुंचे तो उन्होंने फर्श पर लिखे राम-राम को देखा और इसकी जानकारी अपने गांव तथा रंझौरा के लोगों को दी। इसके बाद मामला पुलिस तक पहुंचा। सूचना पाकर थाना प्रभारी राजेंद्र सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल पेंट मंगाकर फर्श पर लिखे राम-राम को ढकवा दिया। एहतियातन सीओ सिटी भी मौके पर पहुंचे। फिलहाल किसी भी पक्ष की ओर से तहरीर नहीं दी गई है और शांति व्यवस्था कायम है। ग्रामीणों ने बताया कि इस साझा स्थल की देखरेख और पूजा-अर्चना, इबादत का कार्य वर्षों से बिना विवाद चल रहा है। अजय पाल यहां लगातार सेवा करते हैं और दोनों समुदाय के लोग छौकर बाबा के नाम से इस स्थल को मानते हैं।

# अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा ने शिक्षकों को किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

मुरादाबाद, अनूपशहर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा शिक्षक दिवस पर डा. राधाकृष्णन का स्मरण कर उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा व बेसिक शिक्षा के 50 शिक्षकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया। शुक्रवार को गांव रोरा में डा. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एडवोकेट सुमन सिंह राघव, कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह राघव, ग्राम प्रधान रायसिंह, बार सचिव दीपेंद्र राघव, ठाकुर राकेश भाटी ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में प्रो़फ़ेसर, असिस्टेंट प्रो़फ़ेसर, माध्यमिक शिक्षा के प्रवक्ता, मुख्य प्रवक्ता, प्रधानाचार्य, बेसिक शिक्षा से आए सहायक अध्यापक व प्रधानाध्यापक को स्मृति चिन्ह भेंट कर तथा उन्हें माला पहनकर सम्मानित किया। शिक्षक दिवस को संबोधित करते हुए सुमन सिंह राघव, कार्यक्रम संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह राघव, प्रो.पीके त्यागी, शिक्षिका प्रज्ञा गौड़, डा. अरविंद सिंह चौहान, प्रो. सीमांत दुबे व शिक्षक विपिन कुमार ने सर्वपल्ली राधाकृष्णन को एक महान दार्शनिक के साथ-साथ महान शिक्षाविद बताया। महासभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर, शिक्षा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले उच्च शिक्षा, माध्यमिक शिक्षा, बेसिक शिक्षा व निजी विद्यालयों में ग्रामीण आंचल में अंतिम इस मौके पर प्रो. पीके त्यागी, प्रो. चंद्रावती, प्रो. सीमांत दुबे, असिस्टेंट प्रो़फ़ेसर सौरभ मिश्रा जेपी यूनिवर्सिटी, असिस्टेंट प्रो़फ़ेसर भीष्म सिंह अमर सिंह लखावटी कालेज, ज्ञानेश शर्मा, अखंड प्रताप सिंह, ओम प्रकाश वर्मा, अभिजीत सिंह चौहान, डा. अरविंद सिंह चौहान, शिक्षक नेता राजकुमार राघव, भीष्म सिंह, जयप्रकाश सिंह, विपिन कुमार, प्रज्ञा गौड़, गुंजन देवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सर्व धर्म सामाजिक संगठन के द्वारा शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने कहा कि शिक्षकों के निस्वार्थ प्रयासों से उनके समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर देता है**

चंदौसी। पंचशील की अवधारणा चंदौसी कार्यक्रम ब्रज धाम कॉलोनी प्रमोद कुमार चौहान के आवास पर संपन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता प्रमोद कुमार चौहान ने तथा संचालक मोहित कुमार ने किया। जिसमें सर्व धर्म सामाजिक संगठन के कार्यकर्ताओं द्वारा प्रमोद कुमार व डॉक्टर रोहित अग्रवाल को पटका सरस्वती माता का चित्र भेंट कर स्वागत किया गया जिसमें मुख्य वक्ता संगठन के अध्यक्ष नरेश राघव ने कहा कि शिक्षकों के निस्वार्थ प्रयासों से उनके समर्पण और शिक्षा के क्षेत्र में उनके अमूल्य योगदान को याद करने का अवसर देता है। शिक्षक केवल किताबी ज्ञान नहीं देते, बल्कि जीवन जीने की कला भी सिखाते हैं। वे हमारे मार्गदर्शक, दोस्त और प्रेरणा के स्रोत होते हैं। वे हमारे व्यक्तित्व को गढ़ते हैं और जीवन में सकारात्मक सोच रखने में मदद करते हैं। प्रमोद चौहान ने बताया शिक्षक एक कुम्हार की तरह हमारे जीवन रूपी घड़े की कमियों को दूर करते हैं, भले ही उन्हें कभी-कभी क्रोधित होना पड़े। उनका प्रभाव शाश्वत होता है और वे हमेशा हमारे जीवन में प्रेरणा का स्रोत बने रहते हैं।''आप ज्ञान की वह ज्योति हैं, जो अज्ञानता के अंधकार से हमें निकाल कर ज्ञान की रोशनी में लाती हैं।'' ''मेरे जीवन में आपके द्वारा दिए गए उपदेश और सीख एक मार्गदर्शक की तरह हमेशा मेरे साथ रहेंगी।, क्योंकि आपके बिना हम अपने सपनों को पूरा करने की दिशा नहीं पहचान पाते।'' ''आप केवल शिक्षक नहीं, बल्कि जीवन के एक अनमोल गुरु हैं, जो हमें जीवन की हर राह पर सही दिशा दिखाते है।संजीव शर्मा ने कहा कि''एक अच्छी शिक्षा वह नहीं जो बाल्टी को भरती है, बल्कि वह है जो आग जलाती है - और आप ही वह अग्नि प्रज्वलित करते हैं।''''जहाँ कहीं भी आप कोई अद्भुत चीज़ पाएंगे, आपको वहाँ एक महान शिक्षक के निशान मिलेंगे।''''शिक्षक चाक और चुनौतियों के सही मिश्रण से जीवन बदल सकते हैं, और आप हमारे लिए यही करते हैं।''इस मौके पर नरेश राघव, संजीव शर्मा, मोहित कुमार, प्रमोद कुमार, डॉ रोहित अग्रवाल, अंशु शर्मा, भूपेन्द्र यादव,जतिन चौहान,आदि उपस्थित रहे ।

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में आयोजित होगा दिव्यांगों के लिये कैम्प

कैनविज टाइम्स संवाददाता

संभल। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा संचालित समस्त योजनाओं एवं अन्य विभागों में दिव्यांगजन से सम्बन्धित योजनाओं का पात्र दिव्यांगजन को लाभ दिलाये जाने हेतु प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान में विशेष कैम्प आयोजित होंगे, जिससे दिव्यांगजन को छोटे-छोटे कार्यो हेतु अन्य कार्यालयों में जाना एवं भटकना न पड़ेगा। प्रत्येक सम्पूर्ण समाधान दिवस में निम्न कार्यालयों के द्वारा कैम्प आयोजित होंगे-जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में विभाग द्वारा संचालित समस्त योजनाओं जैसे- दिव्यांग पेंशन, कृत्रिम अंग एवं सहायक उपकरण, शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना, एवं शल्य चिकित्सा आदि लाभ दिलाये जाने हेतु आवेदन कराये जायेंगे।जिला पूर्ति अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में राशन कार्ड से वंचित दिव्यांगजन के राशन कार्ड हेतु आवेदन कराये जायेंगे। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय, सम्भल द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन का स्वास्थ्य परीक्षण, दिव्यांग बोर्ड के चिकित्सक द्वारा दिव्यांगता प्रमाण-पत्र/यू.डी.आई.डी. कार्ड निर्गत किये जायेंगें तथा साथ ही साथ रेलवे रियायती प्रमाण-पत्र हेतु कार्य किया जायेगा।परियोजना अधिकारी (डूडा) एवं सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा कैम्प में पात्र दिव्यांगजन को आवास हेतु आवेदन कराये जायेंगे।जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक, सम्भल कार्यालय द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन को रोजगार हेतु ऋण दिये जाने एवं इण्डियन पोस्ट पेमेन्ट बैंक में एन.पी.सी.आई. लिंक खाते खोले जायेंगे तथा दिव्यांगजन पूर्व चालू बैंक खातों में एन.पी.सी.आई. मैपिंग का कार्य किया जायेगा।जिला सूचना विज्ञान अधिकारी, सम्भल कार्यालय के द्वारा कैम्प में दिव्यांगजन के आधार बनाये तथा आधार कार्ड में संशोधन किया जायेगा। सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय द्वारा कैम्प में दिव्यांग पेंशन से वंचित पात्र दिव्यांगजन का ग्राम सभा की खुली बैठक का प्रस्ताव बनवाकार दिव्यांग पेंशन संस्तुति देंगे।जी.एम.डी.आई.सी, सम्भल कार्यालय द्वारा कैम्प में मा. मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना के अन्तर्गत पात्र दिव्यांगजन का आवेदन करायेंगे तथा योजना का प्रचार-प्रसार करेंगे। अ त : जिलाधिकारी सम्भल द्वारा बताया गया कि दिव्यांगजन के सशक्तीकरण और उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान हेतु सभी विभागों को विशेष निर्देश दिए गए हैं, तथा जनपद स्तर पर दिव्यांगजन की समस्याओं को निरंतर मॉनिटरिंग की जाएगी, आगे जिलाधिकारी डा राजेंद्र पैंसिया द्वारा बताया गया कि समाज के इस विशेष वर्ग के लिए संवेदनशीलता और तत्परता दोनों आवश्यक है, प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी यह सुनिश्चित करें कि दिव्यांगजन सम्मानपूर्वक तथा आत्मनिर्भर जीवन निर्वाह कर सकें। दिनांक 6 सितंबर 2025 शनिवार को गुन्नौर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में दिव्यांगजन हेतु कैंप लगाया जाएगा।

## घर में फांसी लगा रही महिला को पुलिस की तत्परता बचाया

मुरादाबाद, अनूपशहर। पुलिस की तत्परता से पति-पत्नी के विवाद के बाद कमरे में फांसी लगा रही महिला की जान को बचाया गया। मददगार पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। गुरुवार की देर शाम गांव अनीवास निवासी सुधीर कुमार ने पीआरबी 112 नंबर की पुलिस गाड़ी पर कार्यरत गाड़ी चालक पवन कुमार तथा मुख्य आरक्षी आदेश कुमार को फोन पर अवगत कराया कि उसकी पत्नी ने अपने कमरे को अंदर से बंद कर लिया है। और फांसी लगा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पीआरबी 112 गाड़ी पर तैनात दोनों पुलिसकर्मी तत्काल सुधीर के घर पहुंचे, और कमरे का दरवाजा तोड़कर फांसी के फंदे पर लटक रही 30 वर्षीय फूलवती को मौके से उतारकर तत्काल अनूपशहर सीएचसी ले जाकर भर्ती कराया। वहां चिकित्सकों के उपचार से फूलवती की तबीयत ठीक हो गई। पुलिस कर्मियों की सजगता को लेकर कोतवाली प्रभारी धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने दोनों पुलिस कर्मियों को सम्मानित किया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा भी सम्मानित किए जाने की संतुति की गई है।

# एनएफआईआर के 31वें अधिवेशन से डेलीगेट के वापसी पर हुआ भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**स्पेशल ट्रेन द्वारा लौटते समय NFIR के लिए चुने गए पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो का लखनऊ, गोंडा एवं गोरखपुर स्टेशन पर रेल कर्मचारियों द्वारा किया गया भव्य स्वागत**

**NFIR के 31वें अधिवेशन में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वर्किंग प्रेसिडेंट श्री रमेश मिश्रा को जोनल सेक्रेटरी NFIR, महामंत्री श्री विनोद राय को असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरीNFIR इज्जत नगर मंडल के श्री सतीश बघेल को वर्किंग कमेटी मेंबर NFIR चुना गया**

गोरखपुर । 2 से 4 सितंबर को नेशनल फ़ेडरेशन ऑफ इंडियन रेलवे मैन का 31वां वार्षिक अधिवेशन नई दिल्ली के करनैल सिंह स्टेडियम में संपन्न हुआ। अधिवेशन में पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के वर्किंग प्रेसिडेंट श्री रमेश मिश्रा को जोनल सेक्रेटरी गक्क्रट महामंत्री श्री विनोद राय को असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी गक्क्रट एवं इज्जत नगर मंडल के श्री सतीश बघेल को वर्किंग कमेटी मेंबर गक्क्रट के पद पर चुना गया।इस कार्यक्रम हेतु गोरखपुर से डेलीगेट स्पेशल ट्रेन नई दिल्ली तक सभी कर्मचारियों तथा पदाधिकारियो को लेकर गई थी एवं आज डेली गेट स्पेशल वाया लखनऊ गोरखपुर पहुंचेगी।डेली गेट स्पेशल ट्रेन का लखनऊ गोंडा तथा गोरखपुर में रेल कर्मियों तथा पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो द्वारा भव्य स्वागत किया गया। पदाधिकारी तथा कर्मचारियों ने लखनऊ गोंडा और गोरखपुर में वर्किंग प्रेसिडेंट घ्टखट्ट एवं जोनल सेक्रेटरी गक्क्रट श्री रमेश मिश्रा महामंत्री घ्टखट्ट एवं इक्ट्ट गक्क्रट श्री विनोद राय तथा उनकी धर्मपत्नी का माल्यार्पण तथा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के पदाधिकारियो तथा रेल कर्मियों ने डेली गेट स्पेशल ट्रेन का जगह-जगह ढोल नगाड़ों एवं पुष्प वर्षा कर अभूतपूर्व स्वागत किया। इस अवसर पर वर्किंग प्रेसिडेंट घ्टखट्ट एवं जोनल सेक्रेटरी गक्क्रट श्री रमेश मिश्रा एवं असिस्टेंट जनरल सेक्रेटरी एनएफआईआर एवं महामंत्री घ्टखट्ट श्री विनोद राय ने कहा कि गक्क्रट द्वारा जो जिम्मेदारी सौंपी गई है उसका भली भांति निर्वहन किया जाएगा एवं घ्टखट्ट/गक्क्रट द्वारा कर्मचारी हित में सभी कार्य कराए जाएंगे।

# गोंडा जिले में सरकारी आदेश को ठेगा दिखा रहे अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालक

**सरकारी दिशा-निर्देशों को ठेंगा दिखाया अल्ट्रासाउंड सेंटर**

**शहर के तमाम गली मोहल्लों में नित्य नए अल्ट्रासाउंड सेंटर धड़ल्ले से खुल रहे है जिन पर कोई रोक टोक नहीं**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंड़ा । जिले में स्वास्थ्य से खिलवाड़ चरम पर है। इसकी पहली सीढ़ी,दवा दुकान,पैथोलॉजी जांच अल्ट्रासाउंड सेंटर करीबी हर जगह झोल है। सरकारी दिशा-निर्देशों को ठेंगा दिखाया जा रहा है। बात करें अल्ट्रासाउंड सेंटर की तो हर गली मोहल्लों में नित्य नए सेंटर खुल रहे है। शहर में इसकी बाढ़ आ गई है।बिना निबंधन सेंटर खोल संचालक मोटी कमाई कर रहे हैं। जो निबंधित है वहां मानक की खिल्ली उड़ाई जा रही है। बिना संबंधित डॉक्टर अल्ट्रासाउंड किया जा रहा है। हालांकि विभाग की ओर से अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालन के लिए कई गाइड लाइन तैयार की गई है। इसको अमलीजामा पह नाने के लिए विभागीय अधिकारियों को भी तैनात किया गया है। लेकिन सेटिग गेटिग के खेल ने सभी नियमों को ताक पर रख दिया है। नतीजतन हर दिन दर्जनों मरीज ठगी के शिकार हो रहे हैं। विभागीय जानकारों की माने तो डिप्लोमा या डिग्री वाले रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर को ही अल्ट्रासाउंड का अधिकार दिया गया है।वे ही अल्ट्रासाउंड कर सकते है। लेकिन विडंबना है,कि यहां साधारण एमबीबीएस डॉक्टर तो दूर बिना टेक्नीशियन के भी अल्ट्रा साउंड सेंटरों का संचालन धड़ल्ले हो रहा है।अप्रशिक्षित लोगों द्वारा इसकी रिपोर्ट तैयार की जा रही है।इसी रिपोर्ट के आधार पर डॉक्टर बड़े बड़े ऑपरेशन कर रहे हैं।हालांकि सच्चाई क्या है ? यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा।लेकिन जिले में स्वास्थ्य से खिलवाड़ से इनकार नहीं किया जा सकता है।ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर जिला मुख्यालय स्थित अस्पताल रोड में इसकी बानगी तो सहज ही देखी जा सकती है।सेंटर की ओर से तैयार रिपोर्ट पर डॉक्टर का सिग्नेचर या नाम तो होता है लेकिन अंदर की कहानी कुछ और ही होती है।

### गिनती के रेडियोलॉजिस्ट, सैकड़ों से अधिक अल्ट्रासाउंड सेंटर

अल्ट्रासाउंड सेंट्रल संचालन के लिए रेडियो लॉजिस्ट डॉक्टर जरूरी है।लेकिन मजे की बात यह कि यहां बिना निबंधन एवं रेडियो लॉजिस्ट डॉक्टर के ही कई सेंटरों का संचालन धड़ल्ले जारी है।विभागीय जानकारों के अनुसार जिले में रेडियोलॉजिस्ट की संख्या गिनती के है लेकि न,अल्ट्रासाउंड सेंटरों की संख्या सैकड़ों में है। केवल जिला मुख्यालय में ही इसकी संख्या दर्जनों से अधिक होगी।

## अंजुमन इस्लामिया स्कूल में साप्ताहिक बाल सभा, सीरत-ए-नबी (स.) पर कार्यक्रम



नानपारा, बहराइच । मोहल्ला बेलदारन टोला स्थित अंजुमन इस्लामिया स्कूल में साप्ताहिक बाल सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सीरत-उन्नबी (स.) पर एक विशेष कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम की सदारत मौलाना अफ़ज़ल नदवी, प्रधानाध्यापक ने की जबकि संचालन (निजामत) का दायित्व मो. आसिफ़ ख़ान नानपारवी ने निभाया। सभा की शुरुआत कारी आमिर ने कुरआन-ए-पाक की तिलावत से की। इसके बाद यासीन ख़ान ने नात-ए-नबी को बड़े ही खूबसूरत अंदाज़ में पेश किया, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। बाल सभा के अंतर्गत बच्चों ने भी विभिन्न प्रस्तुतियाँ दीं, जिनमें सीरत-ए-नबी से संबंधित तक़रीरें और नातें शामिल थीं। बच्चों के जोश और उत्साह ने कार्यक्रम को और भी प्रभावी बना दिया। मुख्य वक्ता के तौर पर मौलाना अफ़ज़ल नदवी ने हज़रत मोहम्मद सअव की जिंदगी और उनकी सीरत पर विस्तार से रोशनी डाली।

# जमीनी विवाद में चचेरे भाई ने चचेरे भाई को चाकूओ से गोदा

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंड़ा। जिले के कटरा बजार थाना क्षेत्र के माधव पुर में जमीन को लेकर चली आ रही रंजिश में एक भाई ने घात लगाकर दूसरे भाई पर चाकु ओं से ताबड़तोड़ हमला क़र दिया।गंभीर हालत में घायल युवक को जिला अस्पताल लाया गयाजहाँ पर डॉक्टरो ने लखनऊ रेफर कर दिया है। माधवपुर गाँव निवासी नौशाद उर्फ इल्ला (35) के पिता कमाली ने बताया कि बीती रात करीब साढ़े दस बजे उनका लड़का अपनी आटा च क्की से घर लौट रहा था।इसी दौरान रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे इशरत अली पुत्र तज म्मुल ने उस पर पेट और गर्दन पर चाकू से कई वार कर दिए है।अचानक हुए हमले से युवक ल हूलुहान होकर गिर पड़ा।चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल को अस्पताल पहुंचाया।घटना की जानकारी ग्रा म प्रधान डॉ.नियामत उल्लाह और चौकीदार मु बारक ने माधोपुर पुलिस चौकी पर दी।सूचना पाकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।डॉक्टरों ने पहले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कटरा बाजार भेजा,जहां से मेडिकल कॉले ज गोंडा रेफर किया गया।हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे लखनऊ ट्रॉमा सेंटर भेज दि या।बताया जा रहा है कि दोनों चचेरे भाइयों के बीच लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था।पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है,कटराबजार थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिं ह ने बताया कि घटना की सूचना मिली है,अभी तहरीर नहीं मिली है,तहरीर मिलने पर कारवाई की जाएगी।

# बजाज ग्रुप के चेयरमैन की एग्जीक्यूटिव असिस्टेन्ट ने किया चीनी मिल का भ्रमण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। बजाज हिन्दुस्थान शुगर लिमिटेड ग्रुप के चेयरमैन कुशाग्र बजाज की एग्जीक्यूटिव असि स्टेन्ट साक्षी गिनोडिया ने बजाज चीनी मिल कुन्दरखी परिक्षेत्र गोंडा का दो दिवसीय प्लान्ट भ्रमण एवं कृषकों के प्लाटों में बोई गई गन्ने की फसलों का भ्रमण किया।उन्होने इकाई प्रमुख पी.ए. सिंह व वरिष्ठ महाप्रबन्धक गन्ना डॉ. अनि ल कुमार त्रिपाठी के साथ फील्ड में भी जाकर गन्ने की खड़ी फसलों का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने कारखाने के सभी विभागाध्यक्षों व वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर आगा मी पेराई सत्र 2025-26 हेतु महत्वपूर्ण बिन्दु ओं पर विस्तार से चर्चा कर जरूरी दिशा निर्देश दिया।प्लाट भ्रमण के दौरान चेयरमैन की एग्जी क्यूटिव असिस्टेन्ट चीनी मिल के वरिष्ठ अधि कारियों के साथ सर्वप्रथम सोहांस गांव में पंहु चकर खेतों में खड़ी गन्ने की अगेती प्रजाति की फसल का जायजा लिया।इसके उपरान्त सभी लोग रामपुर गांव के ग्राम प्रधान सत्येन्द्र विक्रम सिंह पुत्र शिवकुमार सिंह के गन्ना प्लाट पर पंहु चकर को.जे. 85 एवं को.लख. 14201 गन्ना प्लाटो का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने ग्राम रामपुर में आयोजित कृषक गोष्ठी में भी प्रतिभाग किया।गोष्ठी के दौरान मौजूद कृषकों को गन्ने की उपज बढ़ाने के बारे में विस्तार से जानकारियां दी गयीं।तत्पश्चात ग्राम पिकौरा, झिलाही, सेहरिया,धनेष्वरपुर,परसापुर महरोर का निरीक्षण करते हुये सभी लोग ग्राम करदा के कृषक अब्दुल समद पुत्र शमशेर के गन्ना प्रजाति को.0118 व कृषक मकबूल पुत्र भूलर के गन्ने की प्रजाति को.0238 तथा ग्राम बन्धवा के कृषक शमसुल हक पुत्र हसन मोहम्मद के गन्ना प्रजाति को.0118 व को. 0238 के प्ला टों का निरीक्षण किया।इस दौरान चीनी मिल के अधिकारियों ने मौजूद कृषक भाईयों को उत्पादन बढ़ाने सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारि यां भी दीं।निरीक्षण के दौरान जोनल एच.आर. हेड एन.के.शुक्ला, उप महाप्रबन्धक गन्ना प्रदीप पवांर,वरिष्ठ प्रबन्धक निखिलेश कुमार सिंह, दिनेश सिंह,शशिकान्त दूबे,विष्णु प्रताप सिंह, रमेश प्रताप सिंह,अभिषेक कुमार सिंह,विजय प्रताप सिंह आदि मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

डलमऊ,रायबरेली। आका की आमद या रसूल अल्लाह दाताकी आमद या रसूल अल्लाह के नारो से जुलूस से मोहम्मदी अपने मुकाम बदरुद्दीन दारुल उलूम मदरसे से निकाल कर कस्बे के मोहल्ला शेखवाडा से नहर की पटरी होते हुए मियां टोला गौशाला तहसील से अपने मुकाम की तरफ बढ़ते हुए थाना चौराहा होकर अपने कदीमी रास्ते से बदरुद्दीन दारुल उलूम मदरसे में समाप्त हुआ रास्ते में जगह-जगह लंगर खानी व सिरीनी का इंतजाम भी लोगों ने किया था। नन्हे मुन्ने बच्चे हाथों मैं इस्लामिक झंडा लिए लब्बैक या रसूल अल्लाह के नारों से जुलूस आगे बढ़ता रहा ज़ुलुसे मोहम्मदी को संपन्न कराने में डलमऊ कोतवाल कोतवाल श्याम कुमार पाल अपने स्टाफ के साथ जुलूस में अपनी पैनी नजर बनाए हुए थे और जुलूस ए मोहम्मदी सकुशल संपन्न कराया। इस मौके पर उपनिरीक्षक अबरार हुसैन डलमऊ चौकी इंचार्ज विनय पाठक उपनिरीक्षक नसीरुद्दीन उपनिरीक्षक रंजीत यादव उपनिरीक्षक अतुल त्रिपाठी उपनिरीक्षक पवन सचान अन्य लोग मौजूद रहे।

# 105 दुकानों के आवंटन की दोबारा जांच शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। नगर पालिका परिषद में तीन स्थानों पर बनाए गए मॉडल वेंडिंग जोन में दुकानों के आ वंटन की दोबारा जांच शुरू हो गई है।डूडा वि भाग ने 93 लाख रुपये की लागत से 105 दु कानें बनवाई थी इन दुकानों के लिए 1600 सौ आवेदन आएथे नगर पालिका परिषद पर अपा त्र लोगों को दुकानें आवंटित करने का आरोप है,शिकायत के अनुसार बिना ठेला चलाने वाले लोगों को भी मॉडल वेंडिंग जोन में दुकानें दी ग ईं इन दुकानों को किराए पर देने की योजना थीगोंडा सदर तहसीलदार मनीष वर्मा ने नगर पा लिका से सभी आवेदको के मूल दस्तावेज मांगे हैं,और नगर पालिका परिषद संबंधित कर्मचारी अभी तक तहसीलदार के सवालों का जवाब न हीं दे पाए हैं।जुलाई में पात्रों की सूची फाइनल की गई थी गड़बड़ियों की शिकायत पर तत्का लीन डीएम ने दोबारा जांच के आदेश दिए थे। वेंडिंग जोन में आफिसर्स फील्ड हॉस्टल से बाउं ड्री तक 40 दुकानें हैं।गांधी पार्क मुख्य द्वार के सामने नाले पर एलबीएस चौराहा तक 34 दु कानें हैं।नेकी की दीवार से जीआईसी गेट बह राइच रोड तक 31 दुकानें हैं।प्रत्येक दुकान का प्रीमियम पंद्रह हजार रुपये तय किया गया है।सदर तहसीलदार मनीष वर्मा ने कहा कि निष्प क्ष जांच की जाएगी।उन्होंने आश्वासन दिया कि केवल पात्र व्यक्तियों को ही योजना का लाभ मिलेगा।मेरे द्वारा पूरे मामले की जांच की जा र ही है।इसका लाभ सिर्फ उन्हीं लोगों को मिलेगा जो वास्तव में ठेले और अन्य चीज लगा करके अपने परिवार का जीवन यापन कर रहे हैं।एक व्यक्ति को एक ही दुकान का लाभ भी दिया जा एगा ताकि वह दूसरे को किराए पर ना दे सके। गोंडा नगर पालिका परिषद की प्रभारी अधिशासी अभियंता को भी पूरे मामले को लेकर पत्र लिखा गया है।

# एसएसबी कर्मियों को दिया गया मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । कृषि विज्ञान केंद्र, नानपारा द्वितीय द्वारा सशस्त्र सीमा बल के कर्मियों को उनके मुख्यालय नानपारा में दो दिवसीय मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण संपन्न कराया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य सशस्त्र सीमा बल के मुख्य परिसर में मधुमक्खी पालन को बढ़ावा देना है। प्रशिक्षण संयोजक एवं केंद्र के अध्यक्ष डॉ संदीप कुमार द्वारा यह जानकारी दी गई कि मधुमक्खी एक सामाजिक कीट है इसकी कई प्रजातियां प्रकृति में पाई जाती है। प्रजातियों में मुख्य रूप से इटालियन मधुमक्खी का पालन किया जाता है। इस मधुमक्खी से एक बॉक्स से वर्ष में कम से कम 40 किलोग्राम शहद का उत्पादन किया जा सकता है। मधुमक्खी पालन का व्यवसाय 20-25 हजार रुपए से शुरू करके बड़े पैमाने पर किया जा सकता है । शहद के अलावा मधुमक्खियों द्वारा गोंद, मोम, पराग, मधुमक्खी विष एवं लाख रुपए प्रति किलोग्राम की दर से बिक्री होने वाली रॉयल जेली का उत्पादन करके अधिक से अधिक आय प्राप्त की जा सकती है। मधुमक्खियां पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत एवं संतुलित करने के साथ-साथ फसलों में परागण का कार्य करती है जिससे फसलों के उत्पादन में 25 से 30% की वृद्धि हो जाती है तथा गुणवत्ता बढ़ जाती है। डॉ संदीप कुमार ने मधुमक्खियों के मौसमी प्रबंधन, पोषण प्रबंधन के साथ-साथ मधुमक्खियां में लगने वाले कीट एवं बीमारियों की रोकथाम की विस्तृत जानकारी प्रदान की। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करके विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान केंद्र के वैज्ञानिक उमेश कुमार वर्मा ने प्रकृति में पाए जाने वाले सभी प्रकार के फ्लोरा जैसे सरसों, करंज, यूकेलिप्टस, लीची, सहजन, नीम, सूरजमुखी इत्यादि की जानकारी दी जिससे मधुमक्खियां शहद का उत्पादन करती है। प्रशिक्षण के प्रशिक्षण के दौरान सीमा सशस्त्र बल के कमांडर, डिप्टी कमांडर तथा अन्य कर्मी उपस्थित रहे।

# डाकघरों में प्रत्येक शनिवार को आयोजित होगा विशेष शिविर

**आधार नामांकन के साथ होगा अपडेशन कार्य**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बहराइच । अधीक्षक डाकघर, बहराइच मण्डल ने बताया कि बहराइच डाक मण्डल के अन्तर्गत बहराइच प्रधान डाकघर और उसके अधीनस्थ नानपारा, कैसरगंज, फखरपुर, कल्पीपारा, खैरीघाट, पयागपुर, मिहींपुरवा, रूपईडीहा, विशेश्वरगंज, रिसिया, मटेरा, भिनगा, गिलौला, इकौना, सिरसिया व बेड़नापुर उपडाकघरों में अब प्रत्येक शनिवार को आधार नामांकन एवं अद्यतन हेतु विशेष कैम्प का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि इस कैम्प में लोग अपने आधार कार्ड से सम्बन्धित संसोधन और नामांकन आसानी से करा सकते है।

# थारू जनजातीय क्षेत्र में लगा विशाल स्वास्थ्य शिविर, आयुक्त ने किया शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोण्डा। बलरामपुर बॉर्डर एरिया में रहने वाले ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से गुरूवार को बलरामपुर जिले के विकास खंड पचपेड़वा में थारू संग्रहा लय में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।स्वास्थ्य शिविर का शुभारंभ देवी पाटन मंडल के आयुक्त शशिभूषण लाल सुशील द्वारा किया गया।आयुक्त के द्वारा शिविर में लगाए गए विभिन्न स्वास्थ्य कैम्पों का निरीक्षण भी किया गया,निरीक्षण के दौरान उन्होंने चिकि त्साधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

आयुक्त ने स्पष्ट कहा कि शिविर में आने वाले प्रत्येक मरीज का फॉलोअप किया जाए ताकि उनकी बीमारियों का स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सके।निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने आंगनबा ड़ी कार्यकत्रियों से गर्भवती महिलाओं व बच्चों को उपलब्ध कराए जा रहे पोषण की जानकारी ली।आयुक्त ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों से उन के द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानका री ली।निरीक्षण के दौरान ही आयुक्त ने कहीं प रिषदीय विद्यालयों के बच्चों से पढ़ाई से सम्ब न्धित कई छोटे-छोटे सवाल पूछे जिनका सभी बच्चों द्वारा सही जवाब दिया गया।आयुक्त ने बच्चों के ज्ञान का स्तर देख उनको शाबाशी दी। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने ह्लस्वास्थ्य एवं पोष ण विषय पर थारू जनजाति समुदाय के लोगों से सीधा संवाद भी किया।संवाद करते हुए आ युक्त ने कहा कि हम सबका प्रयास है कि बच्चों गर्भवती महिलाओं और किशोरियों का स्वास्थ्य सही हो और उन्हें समय पर उचित पोषण मिले सरकार का उद्देश्य है कि कोई भी परिवार मूल भूत सुविधाओं से वंचित न रहे और सभी पात्र लोगों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे छोटी-छोटी बीमारियों को भी नजरअंदाज न किया जाए क्योंकि यही आगे चलकर गंभीर रूप ले सकती हैं।आयुक्त ने कहा कि सीमावर्ती (बार्डर एरिया) क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुँचाना सरकार की प्राथमिकता है।इसी उद्देश्य से डोर-टू-डोर अभियान चलाकर योजनाओं का लाभ हर पात्र व्यक्ति तक पहुँचाया जा रहा है। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग,आंगनबाड़ी व पंचायती राज वि भाग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के विकास में इन विभागों का अहम योगदान है।उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया कि लोगों को जागरूक करने के लिए नियमित अभियान चलाए जाएं और जरू रतमंद मरीजों को अन्य अस्पतालों में रेफर कर ने के बाद उनका फॉलोअप अनिवार्य रूप से किया जाए।इस मौके पर आयुक्त ने डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ कई आयुष्मान ला भार्थियों को आयुष्मान कार्ड वितरित किये और साथ ही महिलाओं व बच्चों को अपने हाथों से पोषहार, टाफियां व मिठाई भी वितरित की। स्वास्थ्य शिविर के बाद आयुक्त शशिभूषण ला ल सुशील और जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने थारू जनजाति ग्राम बढ़वा भूकुरवा में ग्राम चौपाल लगाई।इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से संवाद किया और मूलभूत सुविधाओं व विभिन्न लोककल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी ली।उन्होंने अधिकारियों को निर्दे श दिया कि वाइब्रेंट विलेज योजना के तहत ग्रा म को सभी कल्याणकारी योजनाओं से संतृप्त किया जाए।

ग्रामीणों द्वारा बेहतर कनेक्टिविटी की मांग पर आयुक्त व डीएम ने वन विभाग के अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर आवश्य क दिशा-निर्देश जारी किए।वहीं,ग्राम बढ़वा भू कुरवा के रास्ते में पड़ने वाले पहाड़ी नाले पर फ्लड फाइटिंग कार्य और मनरेगा से सॉइल इरोजन वर्क कराने के भी निर्देश दिए गए।इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता,जिला पंचायत राज अधिकारी,जिला बे सिक शिक्षा अधिकारी, खंड विकास अधिकारी पचपेड़वा,ग्राम प्रधान बड़का भुकुरवा सहित अ न्य विभागीय अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पैगंबर मोहम्मद के जन्मदिन पर निकाला गया जुलूस

कैनविज टाइम्स संवाददाता

महराजगंज,रायबरेली। कस्बा सहित क्षेत्र में बारा रवी उल अव्वल का त्यौहार हर्षोल्लास व धूमधाम के साथ मनाया गया। वही इस बार के निकाले गए जुलूस में हजारों की संख्या में युवाओं की भागीदारी व बुजुर्गों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तो वही जुलूस के दौरान भारी मात्रा में पुलिस बल व तहसील प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। बताते चले कि, विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी आज दिन शुक्रवार को सुबह 9 बजे कस्बे के चन्दापुर तिराहे से एक विशाल जुलूस निकाला गया। जिसमें हजारों की संख्या में युवा व बुजुर्ग लोग मौजूद रहे।

## शिक्षक दिवस पर लायंस क्लब गोंडा सेवा ने मेजर राजेश द्विवेदी को किया सम्मानित



गोण्डा। शिक्षक दिवस के अवसर पर लांयस क्लब गोंडा सेवा द्वारा श्री गांधी विद्यालय इंटर कॉलेज रेलवे कॉलोनी बडगांव के प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी को उनके द्वारा दिए गए अतुलनीय अविस्मरणी योगदान के लिए, उनके सतत प्रयास से विद्यालय को एक नया आयाम प्रदान करने के लिए संस्था में जाकर प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र प्रदान करते हुए सम्मानित किया गया।मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी वर्ष 2017 से प्रधानाचार्य पद पर कार्यरत हैं। इनके प्रयास से विद्यालय का वातावरण एवं शिक्षा का स्तर उत्कृष्ट हुआ है। इस अवसर पर सम्मानित होने के उपरांत प्रधानाचार्य मेजर डॉक्टर राजेश द्विवेदी ने कहा कि यह सब पूरे विद्यालय परिवार के कर्तव्य निष्ठा से संभव हुआ है।इस अवसर पर लायंस क्लब गोंडा सेवा से लायन राजकुमार जायसवाल,लायन अमित पांडे,लायन पवनजायसवाल, लायन बी.पी. जायसवाल के अलावा अध्यापक गण रोशन लाल, राम नारायण उपाध्याय, संतोष कुमार, अनिल सिंह, रामजीत राम, हरि शंकर द्विवेदी, पीतांबर,गिरजा शंकर मिश्रा, रामदुलारे सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# नानपारा में ईद-ए-मिलादुन्नबी की दिखी रौनक

**चेयरमैन वहीद ने किया फूलों से स्वागत**

**ईद-ए-मिलादुन्नबी पर नानपारा में जुलूस-ए-मोहम्मदी, पुष्पवर्षा और राजा मस्जिद की सजावट रही आकर्षण का केंद्र**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच। पैग़म्बर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश की खुशी में नगर में ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर परंपरागत अंदाज़ और अकीदत के साथ जुलूस-ए-मोहम्मदी का जुलूस निकाला गया। मजहबी झंडों और परचमों से सजे जुलूस में नात-ओ-मनकबत और दुरूद-ओ-सलाम की सदाएं गूंजती रहीं, जिसमें बड़ी तादाद में अकीदतमंद शामिल हुए। गुरुवार की रात नमाज़-ए-ईशा के बाद अंजुमन जुलूस-ए-मोहम्मदी कमेटी के सदर मौलाना मोईनुद्दीन कादरी की सरपरस्ती में दरगाहे गौसिया मोहल्ला तोपखाना से मुख्य जुलूस रवाना हुआ। इसके अलावा रौजा अब्दुल वहाब, फैजान-ए-मदीना मस्जिद हकीम कैसर, मोहल्ला बेलदारन टोला और राजा वाली मस्जिद राजा बाजार से भी जुलूस निकाले गए। सभी जुलूस परंपरागत रास्तों से गुजरते हुए भाईचारे और मोहब्बत का पैग़ाम देते रहे। जगह जगह पर जुलूस का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इसके साथ ही कई स्थानों पर शर्बत, पानी और शीरनी के स्टॉल लगाए गए।

### पुलिस प्रशासन की मुस्तैदी

जुलूस के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट रहा। कोतवाल नानपारा रामाज्ञा सिंह, राजा बाजार चौकी प्रभारी एवं कस्बा चौकी प्रभारी पूर्णेश नारायण पाण्डेय मय पुलिस बल लगातार गश्त करते रहे। वहीं, बहराइच से विशेष रूप से तैनात किए गए शमशेर बहादुर सिंह (पूर्व कोतवाल नानपारा) ने भी मोर्चा संभालते हुए सुरक्षा प्रबंधन को और मजबूत किया।

### सजावट और रौजो ने खींचा ध्यान

ईद-ए-मिलादुन्नबी के मौके पर नगर की मस्जिदों और धार्मिक स्थलों को रंग-बिरंगी झालरों और रोशनी से सजाया गया। राजा वाली मस्जिद की सजावट आकर्षण का केंद्र रही। साथ ही खान-ए-काबा और अन्य धार्मिक रौजो ने जुलूस में चार चांद लगाए। नारे तकबीर, अल्लाह हू अकबर की सदाएं वातावरण में गूंजती रहीं।

### चेयरमैन (नपाप) ने जुलूस पर की पुष्पवर्षा

नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल वहीद ने मदरसा अजीजुल उलूम के पास समेत कई स्थानों पर जुलूस-ए-मोहम्मदी पर फूलों की बारिश कर अकीदतमंदों का हौसला बढ़ाया। बीते वर्ष की तरह इस बार भी उनकी पुष्पवर्षा चर्चा का विषय रही। इस दौरान उनके साथ मुबारक अली पिंटू, शफीक कुरैशी, मोहम्मद असलम और नानपारा उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष सुहैल अहमद सहित कई लोग मौजूद रहे।

### समापन और अमन-चैन की दुआ

जुलूस दूसरे दिन दोपहर बाद सलात-ओ-सलाम के साथ सम्पन्न हुआ। मौके पर उलमा-ए-कराम ने मुल्क और कौम की खुशहाली व अमन-चैन की दुआ की। वहीं, नगर के विभिन्न स्थानों पर सीरनी और मिठाइयों का वितरण कर जश्न की रौनक और भी बढ़ाई गई।

### जुलूस को सकुशल संपन्न कराने में अहम भूमिका

जुलूस को सफल बनाने में मौलाना मोईनुद्दीन कादरी, नगर पालिका चेयरमैन अब्दुल वहीद, मास्टर अख्तर जाफरी, डॉ. शकील अंसारी, मोहर्रम कमेटी के सदर नदीम चौधरी, सै अब्दुल वली, पप्पू साइकिल, डॉ. एखलाक, शोएब खान मेंबर, सै अफसर, इलियास, ख़बीर सहित आदि लोगों का सराहनीय योगदान रहा।

# छह महीने में ही कई जगह धंस गई सत्ताइस करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क



**सेमरौता इन्हौना मार्ग पर स्थित गुमिया ड्रेन के पास सड़क धंसने से निर्माण पर उठी उंगली**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी। प्रदेश सरकार द्वारा लगातार गुणवत्ता पूर्ण कार्यों के लिये निर्देश जारी किये जा रहे हैं लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के चलते कार्यदायी संस्थाएं मनमाना रवैया अपनाते हुये मानक को अनदेखा कर निर्माण कार्य को अंजाम दे रही हैं। क्षेत्र के इन्हौना से सेमरौता मार्ग के निर्माण के लिये सरकार द्वारा सत्ताइस करोड़ उन्तीस लाख रुपया निर्गत किया गया था किन्तु इतनी बड़ी लागत से बनी सड़क छह माह में ही धंसने लगी जिससे उसकी गुणवत्ता पर सवाल उठना लाजिमी हैं। सड़क निर्माण के दौरान भी गुणवत्ता विहीन निर्माण की शिकायत भी उच्चाधिकारियों से की गयी थी किन्तु उच्चाधिकारियों की उदासीनता के चलते कार्यदायी संस्था ने मानक विहीन सड़क निर्माण कर अपने कर्तव्यों की इतिश्री कर ली।सड़क निर्माण में मानक की अनदेखी का आलम यह था कि बिना डिसमेन्टलिंग के ही सड़क पर बड़ी सफ़ेद गिट्टी डाल दी गयी।गिट्टी डालने के बाद बिना अच्छी तरह कुटाई किये ही उस पर कार्यदायी संस्था ने डामर डाल दिया जिसका परिणाम यह निकला कि सत्ताइस करोड़ रुपये की लागत से बनी सड़क दो माह में ही धंसने लगी जिस पर कार्यदायी संस्था के साथ ही उच्चाधिकारी भी चुप्पी साधे हुये हैं जिससे साफ जाहिर हो रहा है कि कहीं न कहीं सड़क निर्माण में मानक के साथ खिलवाड़ किया गया है। सेमरौता से इन्हौना मार्ग पर स्थित गुमिया ड्रेन के पास परसौना मार्ग के निकट करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सड़क कई जगहों पर धंसी देखी जा सकती है जो कि दुर्घटना को दावत भी दे रही है लेकिन किसी भी जिम्मेदार अधिकारी को यह नजर नही आ रहा है। क्षेत्रीय नागरिकों की मानें तो पटरी भराई में हीलाहवाली बरतने के कारण सड़क धंसने लगी है जबकि इसके पूर्व में अडवारा झील के पास भी सड़क धंस गई थी जिसमें खेवनहारों द्वारा मरहम लगाकर इतिश्री कर दी गई है।क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के साथ नागरिकों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर सवालिया निशान लगाया है।इस सम्बंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता रमेश चंद्र ने बताया कि जांचोंपरांत मामला सही पाया गया तो कार्यदायी संस्था के खिलाफ कार्यवाही की जायेगी।

# बाढ़ प्रभावित गांव में स्वास्थ्य कैम्प लगाकर वितरण की दवाइयां



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पूरनपुर ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्र राहुल नगर मजदूर बस्ती में स्वास्थ्य कैंप लगाया। इस कैंप में चिकित्सक और एएनएम जितेंद्र कौर सहित अन्य स्टाफ ने बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कीं हैं।स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित लोगों की स्वास्थ्य जांच की और उन्हें आवश्यक दवाएं प्रदान कीं हैं। कैंप में बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं, जिसमें दवाएं,पट्टियां और अन्य आवश्यक सेवाएं शामिल थीं। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य जागरूकता प्रदान की और उन्हें स्वच्छता और स्वास्थ्य के महत्व के बारे में बताया।स्वास्थ्य विभाग की इस पहल से बाढ़ प्रभावित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने में मदद मिली और उन्हें अपनी स्वास्थ्य समस्याओं का समाधान करने में सहायता मिली। चिकित्सक और एएनएम जितेंद्र कौर सहित अन्य स्टाफ ने इस कैंप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और बाढ़ प्रभावित लोगों की मदद के लिए काम किया है।

## रामगंज रेलवे स्टेशन के पास झाड़ियों में मिला युवक का शव

अमेठी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना रामगंज क्षेत्र के रेलवे स्टेशन रामगंज के पास सड़क किनारे झाड़ियों से एक युवक का शव बरामद हुआ है और शव के पास उसकी साइकिल भी पड़ी रही। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों का रो रोकर बुरा हाल रहा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के रामगंज रेलवे स्टेशन के समीप सड़क के किनारे झाड़ियों में राहगीरों को एक अधेड़ का शव दिखाई पड़ा। शव को देखते ही इलाके में सनसनी फैल गई।शव के पास ही अधेड़ की साइकिल भी पड़ी हुई थी। राहगीरों एवं स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की पहचान कराई। शव की शिनाख्त थाना रामगंज क्षेत्र के गांव पवारिया मजरे अग्रेसर निवासी राम बहाल पुत्र रामसुख उम्र पैंतालिस वर्ष के रूप में हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया है। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्रा ने घटनास्थल पर पहुंच कर स्थलीय निरीक्षण कर स्थानीय पुलिस को दिशा निर्देश दिया। इस सम्बंध में थाना रामगंज के प्रभारी निरीक्षक कृष्ण मोहन सिंह ने बताया कि सड़क के किनारे मिले शव की शिनाख्त हो चुकी है। उन्होंने बताया कि फॉरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य का संकलन किया गया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है। घटना के सम्बंध में परिजनों के साथ ही अन्य लोगों से पूंछतांछ की जा रही है।

## धान के खेत में अधेड़ का शव मिलने से फैली सनसनी

अमेठी । थाना मुसाफिरखाना क्षेत्र के गांव जमवारी में शुक्रवार की सुबह एक युवक का शव धान के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई है। परिजनों ने हत्या की आशंका जाहिर की है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव जमवारी निवासी कुंवर बहादुर सिंह पुत्र शिव शरण सिंह उम्र करीब पचास वर्ष का शव धान के खेत में पड़ा मिला।परिजनों की मानें तो वह गुरुवार से गायब थे जिसकी सूचना मुसाफिरखाना थाने में दी गई थी लेकिन कोई सुराग नही लग सका। शुक्रवार की सुबह कुंवर बहादुर का शव धान के खेत में मिलने से सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल को सीलकर दिया और साक्ष्य संकलन के लिये गौरीगंज से फॉरेंसिक टीम बुलाई गई।परिजनों का कहना है कि कुंवर बहादुर सिंह की हत्या की गई है। पुलिस घटना के प्रत्येक पहलू पर जांच कर रही है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## रेल संचालन संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने केन्द्रीय मंत्री से की मुलाकात सौंपा ज्ञापन

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। रेल संचालन संघर्ष समिति के पदाधिकारी नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री जितिन प्रसाद से मुलाकात कर लौटे हैं नियमित रूप से रेल चलाने को को लेकर  रेल संचालन संघर्ष समिति लगातार प्रयासरत है इसी क्रम में तकरीबन एक पखवाड़े तक हस्ताक्षर अभियान चलाकर हस्ताक्षरयुक्त व अपनी मांग पत्र लेकर बीते दिन संघर्ष समिति का एक प्रतिनिधि मंडल नई दिल्ली पहुंचा जहां सांसद  के नेतृत्व में रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव के नाम मांग पत्र देकर नियमित रूप से रेल चलाने की मांग की। जिस पर रेल मंत्री ने जल्द ही बड़ी सौगात देने की आश्वासन दिया है  रेल संचालन समिति ने केंद्र सरकार व रेल मंत्रालय से मांग की है कि पूर्व की भांति पीलभीत जनपद से बरेली,दिल्ली, हरिद्वार,लखनऊ, गोंडा, कासगंज,अमृतसर, जयपुर समेत अन्य प्रमुख स्थानों के लिए ट्रेनों का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए और कहा कि ब्रॉड गेज लाइन बनने के बावजूद यात्रियों को उचित सुविधा नहीं मिल पा रही है जिससे,व्यापारी, किसान, छात्र व कर्मचारी सभी वर्ग प्रभावित हैं रेल मंत्री को ज्ञापन भेजकर रेल सेवाओं को बहाल करने की मांग भी की साथ ही पूरनपुर स्टेशन के विशेष विकास की मांग भी की अनुज गुप्ता ने बताया कि रेलमंत्री से भेंट करने रेलभवन भी गये, उनकी गैरहाजिरी में कार्यालय में मांग पत्र ज्ञापन रिसीव कराया पीलीभीत सांसद व राज्यमंत्री ने शीघ्र समाधान हेतु विशेष रूप से अपने पीआरओ कुमार सौरभ को इस कार्य हेतु लगाया पूरनपुर पिछले कई सालों से कई व्यापारिक संगठन और आम जनता मांग करती चली आ रही केन्द्रीय मंत्री होने के बाद भी जनता और मांग करने वाले को हमेशा निराशा ही मिली कागज का टुकड़ा समझकर किसी दफ्तर मे दबा दिया जाता है अगर नियमित रूप से ट्रेनें नहीं मिली तो इस बार पूरनपुर की जनता ने उग्र आन्दोलन करने की रूप रेखा तैयार कर ली है।

## शेरपुर कला में ईद उल मिलादुन्नबी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव शेरपुर कला में ईद उल मिलादुन्नबी के मौके पर पूर्व प्रधान नाजिया खानम के कैंप कार्यालय पर जुलूस में चल रहे ग्राम वासियों को हाजी रियाजत नूर खान ने अपनी टीम के साथ बड़ी तादाद में लंगर वितरण किया लंगर वितरण कार्यक्रम उपस्थित पूर्व सदस्य शान मियां, वाजिद खान ,डॉक्टर इरशाद मंसूरी,आरिश रजा खान, अदनान रजा खान, डॉक्टर नाजिम खान, मुन्ना बैग,सोहेद खान, सुभान ,रोहन, बबलू खान, अनीश अंसारी ,अजीज मंसूरी, फूनदन खान एवं पुलिस प्रशासन इंस्पेक्टर क्रीम अशोक कुमार, कस्बा इंचार्ज सागर कुमार अपनी टीम के साथ जुलूस में मुस्तैद रहे हैं।

## गुरु तेग बहादुर साहिब जी का 350 वां शहीदी दिवस निकली नगर यात्रा

पूरनपुर कैनविज टाइम्स संवाददाता। शुक्रवार को पूरनपुर के गुरुद्वारा गुरु तेग बहादुर साहिब धोबड़ी साहिब असम रोड से शुरू हुई यह ऐतिहासिक यात्रा देश के कई नगरों से होती हुई आज पूरनपुर पहुंची यहां सिख समुदाय के लोगों ने नगर कीर्तन यात्रा का श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया श्रद्धालुओं ने गुरु के शौर्य, त्याग और बलिदान को याद करते हुए कीर्तन और अरदास की हिन्द की चादर कहे जाने वाले गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी दिवस पर पूरे विश्व में श्रद्धा और भक्ति के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं विशाल नगर कीर्तन गुरुद्वारा श्री गुरु तेग बहादुर जी, धोबड़ी साहिब, असम से आरंभ हुआ, जिसकी समाप्ति विभिन्न स्थानों से होते हुए श्री आनंदपुर साहिब में होगी नगर कीर्तन का गुरुद्वारा नानक पियो साहिब, महंगापुर, लखीमपुर खीरी, उत्तर प्रदेश से  शुरू होकर पलिया भीरा मैलानी खुटार लौंगापुर कजरी गढ़वा कढ़ेर चौरा मोहनापुर पूरनपुर होते हुए गुरुद्वारा दमदमा साहिब, गोमती, नवदिया सुल्तानपुर पर संपन्न हुआ हजारों की संख्या में सिख संगत ने नगर कीर्तन में पहुंचकर नगर कीर्तन की शान बढ़ाई ।जगह-जगह संगत द्वारा नगर कीर्तन का स्वागत किया गया वह लंगर शकाया गया ।सिख संगत पालकी साहिब में सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को नतमस्तक हुई व गुरु गोबिंद सिंह जी के पुरातन शास्त्र व वस्तर के दर्शन किए  गुरुद्वारा सिंह सभा ब्लॉक रोड पूरनपुर, गुरुद्वारा सिंह सभा अशोक कालोनी पूरनपुर, गुरुद्वारा दुख निवारण साहिब बौंठा की कमेटी व सिख संगत ने गुरुद्वारा नानक पिआयो महंगापुर पहुंचकर महान नगर कीर्तन का स्वागत किया ।महंगापुर से लेकर गोमती तक विभिन्न जगहों पर महान नगर कीर्तन का स्वागत करते हुए पुष्प वर्षा की गई शान ए खालसा लहर के चलते खालसा यूथ ग्रुप, पूरनपुर के सदस्यों ने दस्तर मार्च करते हुए नगर कीर्तन का स्वागत किया इस मौके पर रनजीत सिंह, जसपाल सिंह, बाबा मान सिंह, निर्मल सिंह ढिल्लों, जोगा सिंह, चरनजीत सिंह, जुगराज सिंह, सोनू मान, गुरप्रीत सिंह, जशनदीप सिंह, अमरजीत सिंह, कुलविंदर सिंह व हजारों की संख्या में सिख संगत सिगत मौजूद रही ।

# बड़े ही हर्षोल्लास के साथ निकाला गया जुलूस ए मोहम्मदी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।पैग़म्बरे इस्लाम की यौमे विलादत पर नगर पूरनपुर में जुलूस ए मोहमद्दी बड़ी शानो शौकत से निकाला गया।ये जुलूस अंजुमन अरबाउस सलासिल की जानिब से मदरसा अरबिया कादरिया से परचम कुशाई के बाद निकाला गया।जिसमें कई दर्जन ग्रुप के नौजवान लड़के इस्लामी भेष भूषा में सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए चल रहे रहे थे।जिसमें इश्क ए हुसैन ग्रुप के मेंबर इस्लामी लिबास में घोड़ों पर चल रहे थे।इस्लामी झांकी बनी ट्राली पर उलेमा इकराम तकरीर करते हुए चल रहे थे।तकरीर करते हुए मौलाना आमिर रजा खान मौलाना फ़जले अहमद नूरी मुफ्ती नाजिम मिशवाही ने कहा इस्लाम प्यारे इस्लाम की मोहब्बत आजेजी इंक्सारी से फैला है आप की ईमानदारी मोहब्बत देख कर लोग आप पर ईमान ले आते थे।क्योंकि आप बच्चों यतीम बेसहारा की मदद फरमाते थे।इस्लाम तलवार से नहीं फैला प्यारे नबी की मोहब्बत से फैला है।आप पूरी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजे गए।आजकल हम मुसलमान बनकर तो घूम रहे है हमारा किरदार इस्लाम और प्यारे नबी के किरदार से जरा सा भी मेल नहीं खाता हमें प्यारे नबी के किरदार को पहले पढ़ना होगा और उसपर अमल करना होगा।जुलूस मोहम्मदी में इश्क़े मुस्तफा ग्रुप आला हजरत ग्रुप ख्वाजा के दीवाने ग्रुप ताजुश्रय ग्रुप साबरी ग्रुप दर्जनों ग्रुप थे।उनके साथ इस्लामी झांकियां भी थीं।जुलूस में मुख्य रूप से

सपा के वरिष्ठ नेता राजकुमार राजू,तौफीक अहमद क़ादरी,सभासद नादिर रजा बरकाती, राजकुमार राजू,मुन्ने मियां अनजाना, खालिद रजा बरकाती, सभासद शराफत हुसैन सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे हैं।स्टेशन रोड पर तौफीक़ अहमद क़ादरी की ओर से कैंप लगाया गया और ग्रुप्स को सम्मानित किया गया है।

# बाढ़ पीड़ितों के पास पहुंचे राजस्व के प्रमुख सचिव वितरण की खाद्य सामग्री



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर।उत्तर प्रदेश सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पूरनपुर में बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और राहत सामग्री वितरित की। शारदा नदी के विकराल रूप धारण करने से कई गांवों में पानी भर गया है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस दौरान उप जिलाधिकारी, तहसीलदार वीरेंद्र कुमार और ग्राम प्रधान विवेकानंद सरकार सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। राजस्व मुख्य सचिव ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और स्थिति का जायजा लिया हैं।उन्होंने बाढ़ प्रभावित लोगों को राहत सामग्री वितरित की, जिसमें खाने के सामान और अन्य आवश्यक सामग्री शामिल थी।राजस्व मुख्य सचिव ने प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिए कि बाढ़ प्रभावित लोगों को हर संभव मदद प्रदान की जाए। उन्होंने अधिकारियों को राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए है।

## जीवन में सशक्त व्यक्तित्व प्रदान करने में शिक्षक की भूमिका महत्वपूर्ण: जिलाधिकारी

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर जनपद में स्थित गणेश शंकर विद्यार्थी मेडिकल कॉलेज के एल.टी.-एक सभागार में शुक्रवार को राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद उत्तर प्रदेश ने शिक्षक दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया। बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह ने 150 शिक्षकों को सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि जीवन में व्यक्ति को निखारने और उसे एक सशक्त व्यक्तित्व प्रदान करने में शिक्षक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। शिक्षा केवल ज्ञानार्जन का साधन नहीं है, बल्कि यह जीवन को दिशा देने और संस्कारों से जोड़ने का माध्यम है। मेरे विद्यार्थी जीवन और सेवा जीवन दोनों में ही मुझे अपने शिक्षकों का निरंतर स्नेह, मार्गदर्शन और आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। उनके कारण ही मैं आज इस स्थान पर खड़ा हूँ। यह मेरा सौभाग्य है कि शिक्षक दिवस जैसे पावन अवसर पर मुझे शिक्षकों का सम्मान करने का यह अवसर मिला। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का दायित्व केवल पढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों के भीतर छिपी हुई ।

# समाज एवं राष्ट्र के निर्माण में योगदान करें शिक्षक : हरिओम तिवारी



कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । एक शिक्षक का प्रभाव अनंत होता है जिसकी सीमा कोई नही जान सकता है और शिक्षक वो दीपक है जो खुद जलकर भी दूसरों का जीवन रोशन करते हैं। यह बात ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कही।ब्लाक संसाधन केन्द्र सिंहपुर के सभागार में महान शिक्षाविद एवं भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विकास क्षेत्र के प्राथमिक,पूर्व माध्यमिक एवं कम्पोजिट विद्यालय के साथ कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कार्यरत उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाओं को शिक्षक दिवस पर सम्मानित किया गया। खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने पूर्व माध्यमिक विद्यालय महेशपुर की शिक्षिका सीमा यादव, जेहटा उसरहा के प्रधानाध्यापक राम बरन, फूला के पुष्पेंद्र कुमार,कम्पोजिट विद्यालय रामपुर टेढ़ई के विकल्प श्रीवास्तव, खानापुर चपरा की प्रधानाध्यापिका जया त्रिपाठी, प्राथमिक विद्यालय कुकहा रामपुर के सहायक अध्यापक जय श्री सैनी, रामपुर पंवारा के गोधन सिंह, अंगुरी के विजय गौंड, इन्हौना की नायला सिददीकी, राजा फत्तेपुर की तहसीन कौसर, प्राथमिक विद्यालय महेशपुर की चंद्रा त्रिवेदी, मिर्ज़ागढ़ के धर्मेन्द्र कुमार सिंह, कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय की वार्डे न संजू शुक्ला को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित गया।खण्ड शिक्षा अधिकारी हरिओम तिवारी ने कहा कि आप सब लोगों को अपने गुरुजनों से मिली शिक्षा और मूल्यों को जीवन में उतारकर समाज व राष्ट्र के निर्माण में योगदान दें।कार्यक्रम का संचालन अनुज शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष श्याम बहादुर सिंह, रवि कांत श्रीवास्तव, आशीष मौर्या, मोहम्मद अनीस, आलोक शुक्ला, चंद्र शेखर द्विवेदी, दीपक चौरसिया सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने निचले इलाकों का किया निरीक्षण

पीलीभीत। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने शहर के निचले इलाकों में पहुंचकर जल भराव की स्थिति जानी। जिन क्षेत्रों में अभी भी कुछ पानी रह गया है, उसको निकलवाने के लिए पंपिंग सेट लगवा कर पानी क्रॉस करवाने के निर्देश दिए।पालिका अध्यक्ष डॉ आस्था अग्रवाल ने नकटादाना चौराहा के समीप स्थित साई धाम मंदिर कॉलोनी, गोदावरी स्टेट कॉलोनी, ऑफीसर कॉलोनी और बल्लभनगर कॉलोनी का निरीक्षण किया। नालों की सफाई चेक की। इस अवसर पर उन्होंने निर्देश दिए कि जिन निचले इलाकों में अभी भी पानी रुका हुआ है, वहां पंपिंग सेट लगाकर पानी को निकलवाया जाए। उन्होंने बताया कि कई स्थानों पर नगर पालिका द्वारा पंपिंग सेट लगवाए गए हैं। पम्पिंग सेट द्वारा लगातार निचले इलाकों का पानी निकलवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए तहसील सदर में लगातार किचन चल रहा है और खाने के पैकेट पहुंचाए जा रहे हैं। लोगों से अपील की कि यदि जल भराव संबंधी किसी भी तरह की दिक्कत होती है ।

# गजब ! अमेठी में गरीबों के राशन पर अमीरों का कब्जा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

अमेठी । जनपद अमेठी की चार तहसील क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों में गरीबों के राशन पर अमीरों का कब्जा है।राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन के तहत गरीब और जरूरतमंद परिवारों को मिलने वाला मुफ्त राशन अपात्र लोगों के बीच बांटा जा रहा है।आधार और पैन कार्ड डेटा के डिजिटल मिलान में एक बड़ा फर्जीवाड़ा उजागर हुआ है।जिले की जांच में आठ सौ छब्बीस ऐसी महिलाओं के नाम राशनकार्ड पर दर्ज पाये गये, जिनके पति न केवल कंपनियों के मालिक हैं बल्कि नियमित इनकम टैक्स भी भरते हैं।हैरानी की बात यह है कि ये परिवार अब तक सरकारी योजना के तहत कई महीनों से मुफ्त राशन ले रहे थे। जनपद की तहसील मुसाफिरखाना, गौरीगंज,तिलोई के साथ ही अमेठी क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में बनाये गये अन्त्योदय एवं पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड में बड़े पैमाने पर अनियमितता देखी जा सकती है। यहां पर गरीबों को मिलने वाले मुफ़्त के राशन पर अमीरों का कब्जा है और वह प्रतिमाह सार्वजनिक वितरण प्रणाली की दुकान से खाद्यान्न भी उठा रहे हैं। यहां पर गरीब दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं और अमीर इसका भरपूर फायदा उठा रहे हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है जब वही गरीब परिवार जिनके लिये यह योजना बनाई गई थी वह सरकारी दफ्तरों के चक्कर काट रहे हैं जबकि अपात्र लोग आराम से योजना का लाभ ले रहे हैं। इससे न सिर्फ जरूरतमंदों का हक मारा जा रहा है बल्कि सरकारी योजनाओं की साख पर भी सवाल उठ रहे हैं।सूची सामने आने के बाद विभाग का कहना है कि जल्द ही सभी अपात्र लाभार्थियों की पहचान कर ली जायेगी और वास्तविक पात्र परिवारों को योजना से जोड़ा जायेगा।यह सूची सामने आते ही अधिकारियों में खलबली मच गई और आनन फानन में पूर्ति विभाग ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों के मुताबिक तहसीलवार सत्यापन किया जा रहा है जांच में अगर कोई नाम फर्जी या अपात्र पाया जाता है तो राशनकार्ड तत्काल निरस्त कर दिये जायेंगे। अमेठी के जिला पूर्ति अधिकारी शशिकांत सेन ने बताया कि शासन से प्राप्त सूची का गहन सत्यापन कराया जा रहा है जांच में जिन लाभार्थियों की पात्रता संदिग्ध पाई जा रही है उनके कार्ड निरस्त कर दिये जायेंगे और उन्हें योजना से बाहर किया जायेगा।

# पूरनपुर में खुली इंडिया एआई डाटा लैब का सफल संचालन शुरू

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पूरनपुर। नगर के पकड़िया चौराहे पर तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिये उठाया गया महत्वपूर्ण कदम का सफल संचालन शुरू हो गया केंद्रीय मंत्री एवं सांसद जितिन प्रसाद के प्रयास से इंटेल द्वारा संचालित इंडिया एआई डाटा लैब स्थापित की गई थी 3 अगस्त 2025 को जितिन प्रसाद, माननीय राज्य मंत्री (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय) द्वारा किया गया। यह लैब इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय एवं इंटेल इंडिया के सहयोग से स्थापित हुई है यह पहल पूरनपुर के युवाओं व अन्य सभी नागरिकों को भविष्य के लिए कौशल प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है 4 सितंबर, 2025 को पहले बैच के 14 प्रतिभागियों ने कोर्स के माध्यम से अपनी यात्रा की शुरुआत की। यह आधारभूत कार्यक्रम प्रतिभागियों को आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस के सिद्धांतों और अनुप्रयोगों से परिचित कराता है, जिससे वे एक मजबूत वैचारिक नींव बना सकें जिसका आज से कोर्स शुरू करा दिया गया है पहले बैच के युवाओं ने एआई की बुनियादी और आधारभूत अवधारणाओं पर अपनी एआई यात्रा शुरू की एआई डेटा लैब का उद्देश्य छात्रों और पेशेवरों में एआई प्रथम मानसिकता और कौशल विकसित करना है इसका मूल लक्ष्य अगली पीढ़ी को अत्याधुनिक एआई तकनीकों से सक्षम करना है।जिससे वह डिजिटल और स्वचालित होती दुनिया में सफल हो सकें नवाचार और डिजिटल साक्षरता को बढ़ावा देकर, यह लैब विभिन्न क्षेत्रों में ए आई प्रतिभाओं की एक मजबूत श्रृंखला तैयार करने का प्रयास कर रही है। पहले बैच के 14 प्रतिभागियों ने ऋद्रप्द्गद्यरु इद्य द्धधन् इद्यद्य कोर्स के माध्यम से अपनी एआई यात्रा की शुरुआत की।

# मदद का संकल्प

उत्तर से दक्षिण भारत तक जब भी कोई आपदा या संकट देश पर आया है, पंजाबियों ने आगे बढ़-चढ़कर पीड़ितों की मदद की है। पंजाब की धरा से गुरुओं व पीर-पैगम्बरों ने मानवता के उत्थान व मिल-जुलकर खाने की सीख दी है। गुरुओं का यह संदेश देश-दुनिया में प्रेरणा का प्रतीक बना हुआ है। ऐसे वक्त में जब पंजाब बाढ़ की विभीषिका से जूझ रहा है तो शेष देश के लोगों को निस्वार्थ भाव से आगे आने की जरूरत है। उल्लेख करना जरूरी है कि पंजाब के लोग हमेशा बेहद स्वाभिमानी रहे हैं। इस सीमावर्ती राज्य ने गाहे-बगाहे विभिन्न चुनौतियों का डटकर मुकाबला किया है। मध्यकाल में विदेशी आक्रांता रहे हों या आजादी के बाद पाकिस्तान के आक्रमण, पंजाबियों ने भारत की सुरक्षा ढाल बनकर जीवटता का परिचय दिया है। यहां जरूरी है कि किसी मदद से पहले पंजाबियों के स्वाभिमान का विशेष ख्याल रखा जाए। यूं तो इस आपदा की घड़ी में सेना के अलावा पंजाब के विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक संगठन अपने स्तर पर लोगों को संकट से उबारने के काम में प्राणपण से लगे भी हुए हैं। लेकिन आपदा का बड़ा स्तर देखते हुए शेष देश से योगदान की उम्मीद की जा रही है। निस्संदेह, आपदा का दायरा बड़ा है, जिसमें राज्य के 23 जिलों में करीब तीन लाख से अधिक लोग जलप्लावन का त्रास झेल रहे हैं। बड़े पैमाने पर कृषि भूमि जलमग्न हुई है। लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि संकट की इस घड़ी ने लोगों को स्वतरूस्फूर्त रूप में एकजुट किया है। पंजाबियों का जज्बा देखिए कि सरकारी मदद पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने उफनते पानी में नावें उतार दीं। उन्होंने न केवल पड़ोसियों, बच्चों-बूढ़ों को बचाया, बल्कि पशुओं को बचाने के लिये भी भरसक प्रयास किए। सारी दुनिया में मानवता का पर्याय बने लंगर लगाए गए। जगह-जगह अस्थायी आश्रय स्थल बनाए गए। बिना किसी संकोच के राशन बांटा गया। निस्संदेह, पंजाबियों की यह भावना कोई पहली बार नहीं देखी गई। अपने देश में ही नहीं, विदेशों में भी मदद के तमाम प्रेरणादायक उदाहरण हमारे सामने हैं। अब चाहे तुर्की का भूकंप हो या केरल में प्राकृतिक आपदा का तांडव, पहले प्रतिक्रिया देने वालों के रूप में पंजाबियों की विशिष्ट पहचान रही है। खालसा एड, यूनाइटेड सिख्स, हेमकुंट फाउंडेशन और अनगिनत स्थानीय गुरुद्वारों से जुड़े संगठनों ने मुश्किल वक्त में तेजी से काम किया है। जरूरतमंद लोगों तक भोजन,पानी,दवा और चारा पहुंचाया है। गुरुदासपुर और कपूरथला में स्वयंसेवकों ने कमर तक गहरे पानी में जाकर संकटग्रस्त लोगों को बाहर निकाला है। इतना ही नहीं, पशु चिकित्सक ग्रामीण क्षेत्रों में फंसे मवेशियों की देखभाल कर रहे हैं। वित्तीय मदद भी मिल रही है, जिसे राज्य व केंद्र सरकार द्वारा अविलंब बढ़ाए जाने की जरूरत है। इसके साथ ही गैर सरकारी संगठन, परोपकारी लोग और यहां तक कि कलाकार भी लोगों की मदद व पुनर्वास का संकल्प ले रहे हैं। एक पंजाबी सेलिब्रिटी ने 200 घरों के लिये सहायता का वायदा किया है। जो इस बात का प्रमाण है कि कैसे सांस्कृतिक हस्तियां तबाही की विभीषिका कम करने के लिये सामुदायिक समूहों के साथ आगे आ रही हैं। निस्संदेह, इस संकट की घड़ी में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सेना, वायु सेना ने नावों, हेलीकॉप्टरों और राहत शिविरों के जरिये पीड़ितों को तात्कालिक राहत पहुंचाने का सराहनीय कार्य किया है। वे तसवीरें मानव सेवा के संकल्प को दर्शाती हैं, जिसमें ग्रामीणों ने ट्रैक्टर-ट्रालियों को जीवन रक्षक नौकाओं में तब्दील कर दिया है। प्रवासी समूहों द्वारा आर्थिक मदद भेजना भी एक सुखद पहल है। निस्संदेह, पंजाब में इस सेवा की संस्कृति और निस्वार्थ पहल की बार-बार परीक्षा भी हुई है। लेकिन जब आपदा का स्तर विकराल हो तो महज इस सद्भावना से ही संकट का निवारण संभव नहीं है। पंजाब में अब बाढ़ पीड़ितों को तेजी से मुआवजा देने, पारदर्शी ढंग से फसल की क्षति का मूल्यांकन तथा घरों के पुनर्निर्माण में तेजी लाने की जरूरत होगी। अगर सरकारी तंत्र और नागरिक समाज मिलकर अपनी ऊर्जा का उपयोग करे, तो न केवल पंजाब इस प्राकृतिक आपदा से जल्दी उबर पाएगा, बल्कि ये प्रयास एक प्रेरणादायक पहल के रूप में पूरे देश का मार्गदर्शन कर सकते हैं।

# जीएसटी का नया दौर: कराधान व्यवस्था क्रांति की ओर

**जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल एवं आयाम है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। जीएसटी के बड़े सुधार को लेकर विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस एवं भाजपा के बीच जो आरोप-प्रत्यारोप शुरु हुआ है, वह इसलिये औचित्यहीन, अतार्किक एवं व्यर्थ है, क्योंकि जीएसटी परिषद ने लम्बी विवेचना एवं आम सहमति से यह फैसला लिया है। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सकेगा। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं।**

भारतीय कराधान व्यवस्था में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) का आगमन एक ऐतिहासिक एवं क्रांतिकारी कदम था। इसने अप्रत्यक्ष करों के जटिल और उलझे जाल को जहां सरल बनाने का प्रयास किया, वहीं शासन एवं प्रशासन में पसरे भ्रष्टाचार एवं अफसरशाही को भी काफी सीमा तक नियंत्रित किया। सुधार, सुविधा एवं जनता को राहत देने के लिये किये इस प्रयास के बावजूद इसमें अनेक जटिलताएं एवं भारी-भरकम कराधान जनता को बोझिल किये हुए था, इस बात को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सरकार लम्बे समय से महसूस कर रही थी, इसीलिये इसवर्ष स्वतंत्रता दिवस के लालकिले के उद्बोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी को अधिक सुगम एवं जनता के हित में करने की घोषणा की। अब सरकार ने इसे और सुसंगठित करते हुए केवल दो स्लैब्स में कराधान को समेट दिया है और कर भी काफी कम कर दिये हैं तो निश्चय ही यह उपभोक्ताओं और कारोबारियों दोनों के लिए राहतकारी है। इसमें मिडल एवं लोअर क्लास का व्यापक ध्यान रखते हुए उन्हें राहत दी गयी है, जिससे हर परिवार के पास ज्यादा खर्च करने लायक आमदनी बचेगी और लोग अन्य वस्तुओं एवं सेवाओं पर अधिक खर्च कर सकेंगे। इन बड़े एवं क्रांतिकारी सुधारों से खपत बढ़ेगी, विकास को तीव्र गति मिल सकेगी। निश्चित ही यह एक नए कराधान युग का सूत्रपात है, जिसमें कर प्रणाली अधिक पारदर्शी, सरल और उपयोगी बनने की ओर अग्रसर है। जीएसटी काउंसिल की 56वीं बैठक के बाद घोषित जीएसटी की नई दरें 22 सितंबर से लागू करने करने की घोषणा की गई है। जिसमें अब 12 व 28 फीसदी के दो स्लैब को खत्म करके सिर्फ 5 व 18 फीसदी कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि यह सरकार की ओर से आर्थिक सुधारों की कड़ी में एक नई पहल एवं आयाम है, जिससे जीएसटी को तार्किक बनाने व आम जनता को महंगाई से राहत देने का प्रयास हुआ है। वहीं दूसरी ओर विलासिता आदि वस्तुओं के लिये चालीस फीसदी का एक नया स्लैब जोड़ा गया है। विपक्ष इसे देर से उठाया गया कदम बता रहा है, तो सरकार आर्थिक सुधार की दिशा में बड़ा कदम। जीएसटी के बड़े सुधार को लेकर विपक्ष और विशेषतः कांग्रेस एवं भाजपा के बीच जो आरोप-प्रत्यारोप शुरु हुआ है, वह इसलिये औचित्यहीन, अतार्किक एवं व्यर्थ है, क्योंकि जीएसटी परिषद ने लम्बी विवेचना एवं आम सहमति से यह फैसला लिया है। वहीं कुछ अर्थशास्त्री इस कदम को ट्रंप के टैरिफ वॉर के परिप्रेक्ष्य में उठाया गया सुरक्षात्मक कदम मानते हैं। जिससे घरेलू खपत को बढ़ाकर निर्यात घाटे को कम किया जा सकेगा। वहीं कुछ लोग इसे नवरात्र में दिवाली से पहले सरकार का तोहफा बता रहे हैं। अनेक कर दरों की जटिलता उपभोक्ताओं के लिए हमेशा भ्रम और बोझ का कारण रही। बार-बार की दर-संशोधन प्रक्रियाओं से व्यापार जगत में असमंजस की स्थिति बनी रहती थी। अब दो स्लैब्स की व्यवस्था से यह समस्या काफी हद तक समाप्त हो जाएगी। उपभोक्ता को वस्तुओं और सेवाओं पर अपेक्षाकृत सरल, न्यायोचित और संतुलित कर ढांचा मिलेगा। इससे न केवल मूल्य स्थिरता आएगी, बल्कि खरीदारी और उपभोग की प्रक्रिया भी सहज होगी। इससे व्यापार एवं उद्योग भी विकास की रफ्तार पकड़ेंगे। यह कहना अनुचित नहीं होगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भ्रष्टाचार को नियंत्रित करने के लिए कई प्रभावी कदम उठाए गए हैं। डिजिटलाइजेशन, प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण, आधार लिंकिंग और पारदर्शी तंत्र ने व्यवस्था में विश्वास जगाया है। जीएसटी भी इसी कड़ी का एक क्रांतिकारी सुधार है जिसने 'वन नेशन, वन टैक्स' की अवधारणा को मजबूत किया। परंतु सच्चाई यह भी है कि जीएसटी विभाग आज भी भ्रष्टाचार की जकड़न से पूरी तरह मुक्त नहीं हो पाया है। छोटे व्यापारियों और उद्यमियों को आए दिन नोटिस, जांच और जटिल प्रक्रियाओं के जाल में उलझाया जाता है। कई बार भ्रष्ट तंत्र इन्हें भयभीत कर अनुचित लाभ उठाता है। यह स्थिति जीएसटी सुधार की भावना के विपरीत है। यदि वास्तव में कराधान को क्रांतिकारी मोड़ देना है, तो जीएसटी व्यवस्था को भी पूर्णतः भ्रष्टाचार मुक्त करना अनिवार्य होगा। यह किसी से छिपा नहीं है कि टैक्स विभाग लंबे समय तक भ्रष्टाचार का गढ़ बना रहा। जटिल कानून और अनेक कर-श्रेणियाँ इस भ्रष्टाचार को बढ़ावा देती थीं। लेकिन जब कराधान पारदर्शी और सरल होगा, तो अधिकारी और कारोबारी के बीच की अनावश्यक जटिलता भी कम होगी। इससे जनता एवं छोटे व्यापारियों का विश्वास व्यवस्था पर मजबूत होगा। अब आवश्यकता है कि सरकार जीएसटी प्रणाली को तकनीकी और प्रशासनिक स्तर पर और अधिक पारदर्शी बनाए। कृत्रिम बुद्धिमत्ता और डिजिटल ट्रैकिंग का उपयोग कर कर चोरी रोकने के साथ-साथ अधिकारियों की मनमानी और रिश्वतखोरी पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। करदाता के अधिकारों की रक्षा हो, ईमानदार व्यापारी को भयमुक्त वातावरण मिले और उपभोक्ता को राहत-तभी जीएसटी सचमुच क्रांति कहलाएगा। जीएसटी का नया दौर एक बड़ी राहत और परिवर्तन का संदेश लेकर आया है। अब अगला कदम यही होना चाहिए कि इसे भ्रष्टाचार से पूरी तरह मुक्त कर ईमानदार करदाताओं का विश्वास जीता जाए। तभी यह कहा जा सकेगा कि भारत ने वास्तव में 'सही अर्थों में एक राष्ट्र, एक कर और एक पारदर्शी कर व्यवस्था' की ओर निर्णायक कदम बढ़ा लिया है। भारत की आर्थिक यात्रा में कुछ फैसले ऐसे होते हैं, जो केवल नीतिगत बदलाव नहीं, बल्कि युगांतरकारी मोड़ साबित होते हैं। वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में हालिया सुधार उसी दिशा में उठाया गया एक साहसिक कदम है। कराधान व्यवस्था को सरल बनाने और जनता को सीधी राहत पहुँचाने की दिशा में यह सुधार महज सरकारी निर्णय नहीं, बल्कि एक लोककल्याणकारी दृष्टि का प्रमाण है। आजादी के बाद से भारत में कर-व्यवस्था जटिलताओं, बहुस्तरीय बोझ और भ्रष्टाचार की दलदल में फंसी रही। छोटे व्यापारी हों या आम उपभोक्ता, हर कोई अप्रत्यक्ष करों की इस भूलभुलैया से परेशान था। मोदी सरकार ने जीएसटी को लागू करके पहले ही इस दिशा में बड़ा कदम उठाया था, लेकिन अब इसे और सरल बनाना तथा दो स्लैब्स तक सीमित करना एक क्रांतिकारी सुधार है। इससे न केवल उपभोक्ताओं पर बोझ घटेगा, बल्कि व्यवसाय करने की सुगमता भी बढ़ेगी। अर्थव्यवस्था का असली इंजन जनता की जेब है। जब उपभोक्ता को राहत मिलती है, उसके हाथ में थोड़े अधिक पैसे बचते हैं, तो खपत बढ़ती है। यही खपत उद्योगों को गति देती है, उत्पादन में उछाल लाती है और अंततः रोजगार के नए अवसर पैदा करती है। जीएसटी सुधार का सबसे बड़ा असर यही होगा कि यह आर्थिक गतिविधियों को नये पंख देगा और इससे भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थ-व्यवस्थ बन सकेगा। किसी भी लोकतांत्रिक शासन का मूल्यांकन इस बात से होता है कि वह अपने नागरिकों के हितों को किस हद तक प्राथमिकता देता है। मोदी सरकार ने जीएसटी सुधार के जरिए यह स्पष्ट किया है कि उनकी नीतियाँ महज आँकड़ों का खेल नहीं, बल्कि जनजीवन को आसान बनाने की कोशिश हैं। यह सुधार जनता को केवल आर्थिक ही नहीं, बल्कि मानसिक राहत भी देता है। हालाँकि सुधार के साथ चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। राज्यों को राजस्व हानि की भरपाई, छोटे कारोबारियों को नई व्यवस्था में सहज बनाना और कर-प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखना, ये सब गंभीर प्रश्न हैं। लेकिन यदि इन्हें दूर किया गया तो यह सुधार भारत को एक मजबूत, पारदर्शी और विकासोन्मुख अर्थव्यवस्था की ओर ले जाएगा। जीएसटी सुधार को जनता के लिए एक 'उपहार' कहना गलत नहीं होगा। यह केवल कराधान का बदलाव नहीं, बल्कि जनता के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की पहल है। यह निर्णय बताता है कि शासन की नीतियाँ केवल सत्ता चलाने के लिए नहीं, बल्कि जनता को राहत देने और देश को विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ाने के लिए बनाई गई हैं। लेकिन यहां यह देखना ज्यादा जरूरी है कि इस बदलाव से वास्तव में आम उपभोक्ता को कितना फायदा होता है। यह इस बात पर निर्भर करेगा कि उद्योग कर कटौती का लाभ उपभोक्ता तक कैसे पहुंचाते हैं। साथ ही नियामक कितनी सतर्कता से अनुपालन सुनिश्चित करते हैं। **–ललित गर्ग**

# तुलसी इस संसार में भांति भांति के लोग...

**सुधाकर आशावादी**

जिसे भी देखिए वह अपने अपने विमर्श लिए घूम रहा है। वह समझता है कि उससे अधिक ज्ञानी ध्यानी संसार में कोई दूसरा नहीं है। वह जिसका चाहे अपमान कर सकता है। जिसे चाहे चोर बोल सकता है, जिसे चाहे ईमानदार घोषित कर सकता है। वैसे एक अदद आदमी न्यूनतम दो चेहरे लेकर घूमता है। उसका एक चेहरा व्यक्तिगत होता है और दूसरा चेहरा सार्वजनिक होता है। लड़ाई बस यहीं से शुरू होती है, कि लोगों को उसका कौन सा चेहरा भाता है। उसका व्यक्तिगत चेहरा या सार्वजनिक चेहरा। सार्वजनिक जीवन में व्यक्ति को नख से शीश तक पब्लिक की नज़रों में रहना होता है। पब्लिक उसके रहन सहन, जीवन शैली और उसके द्वारा किए जाने वाले कार्यों का पल पल का हिसाब रखना चाहती है। बाकायदा उसके साक्षात्कार सुनती है। साक्षात्कार सुनकर उस व्यक्ति की जीवन चर्या से प्रभावित होकर उसे अपना नायक मानकर या तो उसका अनुसरण करना प्रारम्भ कर देती है या उसे खलनायक की संज्ञा देकर उससे दूरी बनाने लगती है। सार्वजनिक है तो उसका प्रत्येक आचरण भी सार्वजनिक होना सुनिश्चित होता है। ऐसे में अपनी छवि बनाने या बचाए रखने का बड़ा दायित्व सेलिब्रिटी का होता ही है।

अपने एक मित्र हैं। अपनी भाषण कला से सभी को प्रभावित करते हैं। उनकी खासियत यही है कि वे सिर्फ अपनी अपनी ही कहते हैं, किसी दूसरे की नहीं सुनते। दूसरे की सुनेंगे तो उत्तर भी देना पड़ेगा। एक चुप सौ को हराए की तर्ज़ पर चुप रहते हैं। इसलिए वे किसी की नहीं सुनते। अलबत्ता जब अपनी बात कहनी होती है, तो विशिष्ट लोगों को ही साक्षात्कार देने के लिए न्यौता देते हैं। फिर अपनी जीवन यात्रा का खुलासा करते हैं, कि ज़िंदगी के सफ़र की शुरुआत उन्होंने कहाँ से की। उसके बाद कैसे कैसे कष्ट भोग कर वह वीर तुम बढ़े चलो की तर्ज़ पर आगे बढ़ते रहे। उन्हें आम खाने का शौक़ है, मगर वे आम काटकर नही खाते, चूस कर आम खाने में ही उन्हें आनंद की अनुभूति होती है। लोग उनकी जीवन यात्रा पर चर्चा करते हैं और अपने अपने तर्क कुतर्क करते हैं। यदि वे सार्वजनिक जीवन में मुखर न होते, तब भला कौन उनकी चर्चा करता। बहरहाल सार्वजनिक जीवन में किसी व्यक्ति का होना सर पर लटकती तलवार के नीचे खड़े होने जैसा है।

अपुन के दूसरे मित्र हैं। उनका सार्वजनिक चरित्र ऐसा है जिस पर कोई निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता कि उनका चरित्र अनुकरण योग्य है भी अथवा नहीं। उनकी स्थिति बिन पेंदे के लोटे सरीखी रहती है। पता नहीं वे कब किसे चोर बताने लगे और कब किसे ईमानदार । एक मंदबुद्धि बालक की तरह उन्हें कुछ नारे याद करने होते हैं। कभी बच्चों के साथ सड़क पर नारे लगाते हैं कि गली गली में शोर है उनका साथी चारा चोर है, कभी नारा लगाते हैं कि उनके अलावा सभी चोर हैं। कभी कभी तो ऐसा लगता है कि उन्हें किसी ने चोर का मतलब ही नहीं समझाया, कि चोर की परिभाषा क्या है ? कभी चारा चोर से हाथ मिलाते हैं कभी किसी दूसरे चोर से। वह नारा लगाते हैं तो बुद्धिजीवी उनके अतीत को खंगालने लगते हैं। वे नारा लगाते हैं तो उनकी बुद्धि लब्धि से अधिक बुद्धिमान छह छह साल के बच्चे उनके कान में फुसफुसाते हैं कि मंदबुद्धि मित्र सही कह रहे हैं। यदि वे सार्वजनिक जीवन में न होते, तो लोग उनकी असलियत जानकर उनका मज़ाक़ न उड़ाते। वे मज़ाक़ प्रूफ़ हैं । कोई उनका कितना ही मज़ाक़ उड़ाए, उन पर कोई फर्क नहीं पड़ता । सार्वजनिक जीवन में निर्लज्ज आचरण अपनाना भी महत्वपूर्ण घटक है। भले ही कितनी बार माफी मांगनी पड़े, मगर मन की भड़ास निकालने पर कोई प्रतिबंध नहीं होता। इसीलिए तो बरसों पहले गोस्वामी तुलसीदास जी कह गए हैं-तुलसी इस संसार में भांति-भांति के लोग...

## सेहत मंत्र

# बारिश में होता है अमीबियासिस संक्रमण का खतरा

बारिश बीमारियों का मौसम है। मॉनसून में कई तरह के संक्रामक रोग तेजी से फैलते हैं। दरअसल बरसात होने के बाद वातावरण में नमी हो जाती है और नमी में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से फैलते हैं। इस मौसम में त्वचा की बीमारियों के अलावा वायरल बुखार, डेंगू, डायरिया और मलेरिया, अमीबीयासिस का खतरा बढ़ जाता है। आमतौर पर लोग अमीबियासिस के बारे में कम जानते हैं और जानकारी का अभाव बीमारी से होने वाले खतरों को बढ़ाता है। अमीबियासिस एक जलजनित रोग है यानि ये रोग पानी के द्वारा फैलता है। इसके साथ ही ये रोग संक्रामक होता है यानि कुछ विशेष परिस्थितियों में ये रोग एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में पहुंच जाता है। कैसे होता है अमीबियासिसः अमीबियासिस मुख्य रूप से पानी से फैलने वाला रोग है। इस मौसम में बाहर के खुले पानी में कई तरह के हानिकारक बैक्टीरिया और वायरस मौजूद होते हैं। ऐसे में बाजार में खुले में बिकने वाले खानों (विशेष रूप से होटल, ठेले आदि के खानों) को अशुद्ध पानी से बनाया जाता है। इसके अलावा बारिश के मौसम में खुले में रखा हुआ खाना जल्दी संक्रमित होकर खराब हो जाता है जबकि बाजार में बिकने वाले खाद्य पदार्थ आमतौर पर काफी देर पहले बने होते हैं। इसके अलावा खाना बनाने और परोसने वाले लोगों द्वार नाखून, सिर एवं शरीर के अन्य खुले भाग का ध्यान नहीं रखे जाने के कारण अमीबियासिस का जीवाणु एक से दूसरे तक पहुंचता है। अमीबा एक-कोशकीय जीवाणु है, जो अमीबियासिस का प्रमुख कारण है। अमीबियासिस शरीर के कई अंगों को प्रभावित करता है। आमतौर पर इससे सबसे पहले बड़ी आंत प्रभावित होती है। इसके अलावा ये रोग लीवर, फ़ेफड़ों, हृदय, मस्तिष्क, वृक्क, अंडकोष, अंडाशय, त्वचा आदि को भी प्रभावित कर सकता है। अमीबियासिस के लक्षणः पतले दस्त, भोजन के बाद पेट में दर्द, रुक-रुक कर दस्त शुरू हो जाना, कब्ज की समस्या हो, अपच हो जाए और उल्टी हो, पेट में गैस बनना यानि वायु-विकार होना, त्वचा संबंधी रोग होना जैसे रैशेज, दाद, खुजली आदि।

## धर्म मंत्र

# पंचमुंडीय आसन पर विराजित हैं मां काली, दर्शन से होती है मन्नत पूरी

घसियारी मंडी के कालीबाड़ी में मां काली का प्राचीन मंदिर स्थित है। कहा जाता है कि यह मंदिर 147 साल प्राचीन है। यहां पर मां काली पंचमुंडीय आसन पर विराजमान हैं। कहा जाता है कि ये आसन नर, बंदर, सांप, उल्लू, चमगादड़ के सिर से बना है, जो मां काली को प्रिय है। यहां आकर जो भी भक्त मां से मन्नत मांगता है, वह अवश्य पूर्ण होती है।

कहा जाता है कि इस मंदिर की स्थापना तांत्रिक मधुसुदन मुखर्जी ने की थी। वे मां काली के भक्त थे। वे नीम के वृक्ष के नीचे बैठकर तप करते थे। मां ने मुखर्जी की तपस्या से प्रसन्न होकर उन्हें मंदिर की स्थापना के लिए कहा। मां ने आदेश दिया कि वह मां काली की मिट्टी से प्रतिमा का निर्माण करवाए। उसके पश्चात उसे पंचकुंडीय आसन पर विराजमान करके पूजा करें। उसके बाद मंदिर में मां की पूजा-अर्चना शुरु हो गई। उसके बाद यहां पर दूर-दूर से भक्तजन मां के दर्शनों के लिए आने लगे। कहा जाता है कि नवरात्र में यहां आने से भक्तों की मुरादें पूरी होती हैं। अष्टमी और नवमी को मंदिर में विशेष पूजा का आयोजन होता है और शाम की आरती होती है।

माना जाता है कि नवरात्रों में मंदिर में जो भी भक्त 108 कमल के फूल अर्पित करता है उसकी हर मनोकामना पूर्ण होती है। मंदिर की विशेष बात यह है कि यहां पशु बलि की जगह पेठा फल और गन्ने की बलि दी जाती है।

पर्यटन



# भारत की इस झील में मछलियां नहीं, तैरते हैं कंकाल

झील का नाम सामने आते ही एक बेहद ही खूबसूरत से पानी से भरे स्थान की तस्वीर आंखों के आगे आ जाती है। लोग झील के किनारे बैठकर कुछ वक्त सुकून के बिताना पसंद करते हैं। वहीं कुछ लोगों को वहां पर मछलियां पकड़ना भी अच्छा लगता है। लेकिन क्या आपने कभी किसी ऐसी झील की कल्पना की है, जिसमें मछलियों की जगह कंकाल तैरते हुए नजर आए। ऐसा सुनना ही कितना डरावना है। हालांकि, उत्तराखंड राज्य के चमोली जिले में एक ऐसी झील स्थित है, जिसे रूपकुंड झील के नाम से भी जाना जाता है। उत्तराखंड के चमोली जिले में स्थित रूपकुंड झील वास्तव में एक ग्लेशियर है, जो लगभग 5,029 मीटर की ऊंचाई पर स्थित है। यही कारण है कि यहां पर अधिक पानी की जगह बर्फ ही नजर आती है। लेकिन जब बर्फ पिघलती है, तो झील में सैकड़ों मानव कंकाल पानी में या सतह के नीचे तैरते दिखाई देते हैं। यह मानव कंकाल किसके हैं, इसके बारे में कुछ पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है। जब इस झील के बारे में पता चला था, तब यह माना जा रहा था कि यह अवशेष जापानी सैनिकों के थे जो इस क्षेत्र में घुस गए थे। हालांकि, बाद में जांच के बाद यह पता चला कि यह लाशें जापानी सैनिकों की नहीं हो सकतीं, क्योंकि ये काफी पुरानी थीं। 1960 के दशक में एकत्र किए गए नमूनों से यह अनुमान लगाया गया कि वे लोग 12वीं सदी से 15वीं सदी तक के बीच के थे। जहां एक ओर यह झील देखने में बेहद ही भयावह है, लेकिन इसका रूपकुंड नाम होना यकीनन काफी आश्चर्यचकित करता है। हालांकि, इस झील के नाम को लेकर एक मान्यता यह भी है कि इस कुंड की स्थापना भगवान शिव ने अपनी पत्नी पार्वतीजी के लिए की। कहा जाता हैं कि जब देवी पार्वती अपने मायके से अपने ससुराल की ओर प्रस्थान कर रही थी तो तब उन्हें रास्ते में प्यास लगी और उन्होंने भगवान शिव से पानी की प्यास बुझाने के लिए कहा। तब भगवान शिव ने माता पार्वती की प्यास बुझाने के लिए उसी जगह पर अपने त्रिशूल से एक कुंड का निर्माण किया। इसके बाद, माता पार्वती ने उस कुंड से पानी पिया।

# शिक्षक दिवस रूप में मनाया गया पूर्व राष्ट्रपति डा.राधाकृष्णन का जन्म जयंती

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्म दिवस शुक्रवार को पूरे जनपद में शिक्षक दिवस के रूप में पूर्ण श्रद्धा - सम्मान एवं हर्षोल्लास से मनाया गया। शैक्षणिक संस्थानों में उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया गया और भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। जेबीएस शैक्षणिक संस्थान बंदीपुर में चेयरपर्सन श्रीमती पूनम सिंह की अध्यक्षता में संस्थान के शिक्षकों ने डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया एवं केक काटा।नगर के विकास भवन रोड स्थित ब्राइट फ्यूचर एकेडमी विद्यालय में भारत के पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ.राधाकृष्णन का जन्मदिवस शिक्षक दिवस के रूप में धूमधाम से मनाया गया। संस्था के अध्यक्ष महंत बी.पी दास ने सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण किया और विद्यालय परिवार द्वारा भावभीनी पुष्पांजलि अर्पित की गई। दिसावर संस्था अध्यक्ष महंत बी.पी.दास ने कहा कि शिक्षक की नवनिर्माण में भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि वे छात्रों को जीवन के मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक सरोकारों के बारे में भी सिखाते हैं।शिक्षक स्वयं अभाव में रहता है। बिना किसी प्रभाव छात्रों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान करने वाले शिक्षक वास्तव में समाज के लिए एक अमूल्य संपत्ति होते हैं।विभिन्न विषयों में ज्ञान प्रदान करते, उन्हें जीवन के मूल्यों और नैतिकता के बारे में सिखाते हैं। और उन्हें समाज के लिए योगदान करने के लिए भी प्रेरित करते हैं। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि वे छात्रों को जीवन के मूल्यों, नैतिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के बारे में भी सिखाते हैं। इस अवसर पर संस्था के शिक्षकों को उपहार भेंट का सम्मानित किया गया। निदेशक मनोज तिवारी व शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखें। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षिकाओं नीती शुक्ला, रूचि वर्मा, निधि वर्मा, रिचा शुक्ला, राजक्रान्ती, सीमा वर्मा, पूनम वर्मा, रश्मि सिंह, मानसी सोनी, शिवानी दूबे, रिचा रावत, अनुशिका ,प्रतीसा रावत शालू यादव व गणमान्य नागरिक अनूप सिंह महेन्द्र विक्रम, वरिष्ठ पत्रकार शुर्तिमान शुक्ल , दिलीप तिवारी अरुनेद्र, संतोष, जितेन्द्र, आदि उपस्थित रहे।








रामनगर -शिक्षक दिवस के अवसर पर डॉ राधाकृष्णन का जन्मदिन पूरे क्षेत्र में धूमधाम के साथ मनाया गया। नगर के सुप्रसिद्ध संस्था न भगवान देवी पाटन शाह बालिका इंटर कॉलेज रामनगर में समिति के प्रबंधक संजय कुमार यादव द्वारा शिक्षक एवं शिक्षिकाओ को सम्मानित करते हुए बच्चों की अच्छी पढ़ाई और उनके चरित्र निर्माण के लिए सहयोग करने के लिए कहा। इस मौके पर कॉलेज के प्रधानाचार्या बृज लता जैन शिक्षक अनिरुद्ध दीक्षित, शैलेंद्र कुमार शुक्ला, सुधीर कुमार, घनश्याम शर्मा, शिक्षिका शिखा, सुनीता दीक्षित, शिवानी सिंह सहित अनेक लोग उपस्थित थे। इसी क्रम में न्यू संजय मेमोरियल विद्यालय महादेव, प्राथमिक विद्यालय महादेवा उच्च प्राथमिक विद्यालय महादेवामे शिक्षक दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। बनीकोडर- शुक्रवार को शिक्षक दिवस के अवसर पर यूनिवर्सल गर्ल्स इंटर कॉलेज कोटवा सड़क में उपप्रबंधक हुकुम सिंह वर्मा ने शिक्षकों को उपहार भेंट किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शिक्षक छात्रों के भविष्य को आकार देते है। शिक्षक न केवल ज्ञान प्रदान करते हैं, बल्कि छात्रों के चरित्र निर्माण करते हैं।

इस मौके पर विद्यालय के उपाध्यक्ष पन्नालाल वर्मा,प्रधानाचार्या माधवी शुक्ला सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। 'निंदूरा' - विकासखंड क्षेत्र में आज डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती शिक्षक दिवस के रूप में मनाई गई। सोशल मीडिया पर बधाई संदेश प्रेषित कर गुरुजनों के प्रति आदर व्यक्त किया।

## पास्को एक्ट में 25 दिन बाद भी गिरफ्तारी नहीं, पुलिस की कार्यशैली पर सवाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। उत्तर प्रदेश सरकार लगातार बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ और भयमुक्त शासन का दावा करती है। लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और बयां कर रही है। दरियाबाद थाना क्षेत्र में पास्को एक्ट के तहत दर्ज मामले में 25 दिन बीत जाने के बाद भी अभियुक्त की गिरफ्तारी न होना, पुलिस की कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 11 अगस्त 2025 की शाम लगभग 6 बजे एक नाबालिग लड़की शौच के लिए गांव से बाहर गई थी। उसी दौरान गांव का ही बिन्देश कुमार पुत्र कल्लू कनौजिया ने यौन शोषण की नियत से छेड़छाड़ की। शोर मचाने पर आरोपी मौके से भाग निकला। पीड़िता की तहरीर पर थाना दरियाबाद में मुकदमा दर्ज किया गया, मेडिकल परीक्षण हुआ तथा न्यायालय में धारा 183 बीएनएसएस के तहत बयान भी दर्ज कराए गए। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद से ही पुलिस का रवैया उदासीन रहा। 12 अगस्त को आरोपी का चालान केवल शांति भंग की धारा में किया गया और उसे तहसील रामसनेहीघाट से जमानत मिल गई। जबकि मुकदमा अपराध संख्या 302/2025 धारा 75/3513(3), 352 वीएनएसएस व 7/8 पास्को एक्ट में गिरफ्तारी अब तक नहीं की गई। परिजनों का कहना है कि आरोपी दबंग किस्म का है और थाने से सांठगांठ कर खुलेआम घूम रहा है। आरोपी परिवार पीड़ित पक्ष को लगातार धमकियां भी दे रहा है। 1 सितम्बर को आरोपी के पिता ने लड़की को जान से मारने की धमकी दी। पीड़िता ने 18 अगस्त और 2 सितम्बर को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रार्थना पत्र देकर गिरफ्तारी की मांग की, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इससे परिवार भयभीत है और किसी बड़ी अप्रिय घटना की आशंका जता रहा है।

## अक़ीदत एवं सादगी से निकला, रबी उल अव्वल का झण्डा जुलूसं

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। आका की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा के नारों के बीच 12 रबी उल अव्वल का झण्डा जुलूस शहर में अक़ीदत एवं सादगी से निकला ।और नबी की शान में जश्ने ईदमिलादुन्नबी आयोजित की गयीं। मसौली प्रतिनिधि के अनुसार पैगम्बर- ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद (सल्ल.) के यौमे पैदाइस की याद में क़स्बा मसौली, बड़ागांव, बांसा,शहाबपुर सहित तमाम जगहों पर जश्ने ईदमिलादुन्नबी धूमधाम से मनायी गयी।गांव-गलियों में रोशनी की गयीं।तथा लोग रात भर जागकर तिलावते कुरान शरीफ की। हज़रत मुहम्मद साहब के जन्मदिवस को लेकर घर-घर मिलाद पढ़ी गयी।तथा तबरुकात का वितरण किया गया। क़स्बा बांसा शरीफ में दरगाह हज़रत सैय्यद अब्दुर्रज्जाक शाह (रह.) से झण्डा जुलूस निकाला गया। जुलूस में बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक नबी का झण्डा लेकर नारे तकबीर अल्लाह हु अकबर ,सरकार की आमद मरहबा के नारे लगाते हुए चल रहे थे।जुलूस अपने निर्धारित मार्गों से भृमण करते हुए ईदगाह तक गया।इसी क्रम में क़स्बा बड़ागांव मे बड़ी चौक से झंडा जुलुस निकाला गया जिसका समापन हजरत काजी शहाबुद्दीन औलिया के आस्ताने पर हुआ। कस्बा शहाबपुर में गुरुवार की देर रात्रि चौकों एव पिंडालो में ताजिये रखे गये तथा प्रातः जुलूस निकाला गया।और देर शाम नम आंखों के साथ ताजियों को करबला में दफन किया गया। जुलूस के दौरान शांति बनाये रखने के प्रभारी निरीक्षक अमित प्रताप सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक शमशाद अली, शिवकुमार,राहुल शर्मा पुलिस के जवानो के साथ मुस्तैद रहे।

### शिक्षक दिवस पर डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का मनाया गया जन्म दिन

प्रयागराज। शिक्षक दिवस के अवसर पर महान शिक्षाविद् डॉ सर्वपल्ली राधाकृष्णन का भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर सह संयोजक राजा मेहरोत्रा ने बच्चों के साथ जन्मदिन मनाया और इस मौके पर बच्चों ने केक काट कर उन्हें नमन किया। भाजपा दिव्यांग प्रकोष्ठ महानगर सह संयोजक ने कहा कि महान शिक्षाविद डॉ.सर्वपल्ली राधाकृष्णन का शिक्षकों और बच्चों से बहुत लगाव था। जिससे उन्होंने अपने जन्मदिन को शिक्षक दिवस के रूप में मनाने के लिए अपील किया था। इस मौके पर राजा मेहरोत्रा ने बच्चों को फल, मिठाई, बिस्कुट, टॉफी का वितरण किया। इस मौके पर समाजसेविका अर्चना वर्मा, राजेश केसरवानी व अंश साहू, भूमि साहू, ऋषभ पाल, इशिका पाल, सारा मेहरोत्रा, कृष्ण गिरी संचित मालवीय , दिव्य श्रीवास्तव सहित कई बच्चे उपस्थित थे।

### बंजर ज़मीन पर कब्ज़े को लेकर खूनी संघर्ष, तीन लोग गंभीर रूप से घायल

देवा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। थाना देवा क्षेत्र के ग्राम ढर्रेपुर मजरे कुरखिला में गुरुवार की सुबह बंजर ज़मीन के कब्ज़े को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। विवाद इतना बढ़ा कि मामला लाठी-डंडों तक पहुँच गया। इस झगड़े में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिनका इलाज कराया जा रहा है।पीड़ित पक्ष के रामराज ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि गांव में उनकी पुश्तैनी बंजर ज़मीन है। उसी ज़मीन पर जानवर बांधने के लिए लगाया गया तार टूट गया था। उनका भाई निर्मल कुमार तार ठीक कर रहा था, तभी गांव के महावीर प्रसाद के बेटे प्रमोद कुमार, सुधीर और संकेत कुमार मौके पर पहुँच गए और निर्मल पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।शोर सुनकर बीच-बचाव करने पहुंचे रामराज और उनकी मां कलावती देवी को भी आरोपियों ने बेरहमी से पीटा। हमले में तीनों को सिर और शरीर पर गंभीर चोटें आईं।सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भिजवाया। थाना प्रभारी अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है।

### कुटुंब प्रबोधन कार्यक्रम में दिखी आमजन की सहभागिता

बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। राष्ट्रीय स्वयं सेवक की कुटुंब प्रबोधन इकाई के संयोजक शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव वा उनकी टीम द्वारा थाना जहांगीरा बाद के रमता राम चतुर्भुज मंदिर प्रांगण में कुटुंब प्रबोधन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में स्त्री, पुरुष स्वयं सेवकों ने भाग लिया।इस अवसर पर कुटुम्ब प्रबोधन के प्रांतीय सदस्य कृष्ण कुमार,जिला कार्यवाह सुधीर जी,नगर कार्यवाह अमितेश जी,नगर की सभी शाखाओं के शाखा कार्यवाह,पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता देवी शरण,सुरेश गौतम,शुभम,सतिशजी,प्रत्युष, भाजपा के पूर्व अध्यक्ष वरिष्ट एडवोकेट संतोष सिंह,अधिवक्ता परिषद के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी एडवोकेट,शासकीय अधिवक्ता कृपा शंकर तिवारी,सुनील कुमार मौर्य,आशीष गुप्ता,प्रभात जी,अजय सिंह, बसन्त लाल,सुनीत सहित सैकड़ों की संख्या में लोग स पत्नी, स परिवार उपस्थित रहे।

### उद्देश्यों से कोसों दूर भटकी जल जीवन मिशन योजना

निंदूरा बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। विकास खंड की ग्राम पंचायत मोहसंड के कस्बा टिकैतगंज में जल जीवन मिशन के तहत जल आपूर्ति योजना का कार्य शुरू हुए एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है, लेकिन आज तक लोगों को पानी नसीब नहीं हुआ। न तो घरों में कनेक्शन दिए गए हैं और न ही पाइपलाइन का कार्य पूरी तरह संपन्न कराया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि पूरे कस्बे में पाइप डालकर सड़कों पर ही छोड़ दिए गए हैं। कई स्थानों पर तो पाइपों को आपस में जोड़ा ही नहीं गया, जबकि कुछ जगह पाइप सड़क किनारे खुले पड़े हैं। इससे आए दिन लोग फंसकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। स्थानीय लोगों आदेश कुमार नीरज कुमार,शतीश यादव ने जिम्मेदार अधिकारियों से शीघ्र कार्य पूरा कराने और जल आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि कस्बावासियों को जल जीवन मिशन का लाभ मिल सके।

### जीवन कौशल योजना, प्रमाण पत्र वितरित

मसौली बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। वात्सल्य संस्था की सक्षम परियोजना के तत्वावधान मे पंचायत भवन बड़ागांव पर चल रहे दो दिवसीय जीवन कौशल के 10 आयामो एवं बाल विवाह से संबंधित प्रशिक्षण शिविर के समापन पर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम मे विभिन्न ग्राम पंचायतो से आयी 36 किशोरियों को उनके स्वास्थ्य संबंधी विषय पर जानकारी दी गई जिसमें माहवारी स्वच्छता, पोषण, शारीरिक परिवर्तन, मानसिक स्वास्थ्य और शिक्षा जैसे विभिन्न मुद्दों पर प्रशिक्षित किया गया. जिससे कि वह अपने गांव में और सदस्यों को सही जानकारी दे सके। सभी किशोरियां अपने स्वास्थ्य, अधिकार एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर सही फैसला ले सके और अपने आने वाले जीवन को बेहतर बना सकें इस प्रशिक्षण में परियोजना प्रबंधक भुआल सिंह एवं ट्रेनर नीलिमा गुप्ता ने जीवन में कठिन समस्याओं का सामना करने एवं सही निर्णय लेने की प्रेरणा दी गई। प्रशिक्षण के दौरान ब्लाक कोऑर्डिनेटर महेंद्र कश्यप के माध्यम से किशोरियों को आत्म जागरूकता से संबंधित विषय पर जानकारी दी गई। समापन के मौक़ेपर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि नूर मोहम्मद ने सभी किशोरियों को प्रमाण पत्र देते हुए सम्मानित किया । सामुदायिक कार्यकर्ता शोभिका मिश्रा एवं सीमा वर्मा की देखरेख में प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ।

### भंडारा आयोजन श्रद्धालुओं ने छक्का भोजन प्रसाद

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। महादेवा क्षेत्र में संत हरदेवलाल बाबा की समाधि पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने पूरी सब्जी व बूंदी का प्रसाद ग्रहण किया।यह भंडारा प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी के दसवें दिन साध्वी किरण मिश्रा माताजी द्वारा कराया जाता है।इसी दौरान चेयरमैन रामशरण पाठक ने बताया कि इस प्राचीन स्थान के विकास पर 1.88 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे।यहां संत हरदेवलालजी की जिंदा समाधि और चमत्कारी कुंड है। जिसके बारे में श्रद्धालुओं का विश्वास है कि स्नान से रोगों से मुक्ति मिलती है।

### कन्या भोज का भव्य आयोजन

रामनगर बाराबंकी कैनविज टाइम्स संवाददाता। लोधेश्वर महादेव धाम में गणेश चतुर्थी महोत्सव के दशमी दिवस पर शुक्रवार को भव्य कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी व सहयोगियों ने कन्याओं को भोजन व दान दक्षिणा देकर विदा किया।प्रतिदिन श्रद्धालु पूजन दर्शन कर रहे हैं। रात्रि में त्रिमूर्ति जागरण ग्रुप व लखनऊ के कलाकारों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।रविवार को प्रतिमा विसर्जन यात्रा नगर भ्रमण करते हुए घाघरा नदी तट पर पहुंचेगी जिसमें भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल होंगे।

### एशिया का सबसे बड़ा जुलूस-ए-मोहम्मदी कानपुर से निकला, लाखों ने मिलकर मनाई ईद-ए-मिलादुन्नबी

कानपुर। पैग़ंबर-ए-इस्लाम हज़रत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस ईद-ए-मिलादुन्नबी की खुशियों में शुक्रवार को कानपुर से एशिया का सबसे बड़ा जुलूस-ए-मोहम्मदी मगरिब की नमाज के बाद निकाला गया। जो परेड ग्राउंड से शुरू होकर शहर की तमाम गलियों और मार्गों से गुजरते हुए यह विशाल जुलूस शाम तक फूलबाग मैदान पहुंचा। जुलूस को ज्वाइंट पुलिस आयुक्त आशुतोष सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सबसे आगे जमीयत उलमा के सदस्य रहे, जबकि उनके पीछे तंजीमें हाथों में हरे झंडे और लाउडस्पीकर पर नात पढ़ते हुए शामिल हुईं। जगह-जगह स्टेज बनाकर विभिन्न संगठनों और धर्मों के लोगों ने जुलूस का स्वागत किया।
जुलूस में शामिल अनुयायी ''या रसूल अल्लाह'' के नारे लगाते और पैगंबर-ए-इस्लाम की शान में नात पढ़ते चल रहे थे। जैसे-जैसे जुलूस आगे बढ़ता गया, लोगों की भीड़ बढ़ती चली गई। अनुमान है कि इस साल भी करीब पांच लाख से अधिक लोग इसमें शामिल हुए। करीब 14.5 किलोमीटर लम्बा यह जुलूस परेड, नई सड़क, पेंचबाग, तलाक महल, बेगमगंज, कंघी मोहाल, नाला रोड, चमनगंज, बांस मंडी, मूलगंज, शिवाला, पटकापुर होते हुए फूलबाग पहुंचा। खास बात यह रही कि जब जुलूस का अगला सिरा फूलबाग पहुंचा ।

## प्रबंधक व प्राचार्य द्वारा पूर्व शिक्षकों का सम्मान, वंदन

कैनविज टाइम्स संवाददाता

सिरौली गौसपुर बाराबंकी। तहसील सिरौली गौसपुर के कस्बा सहादतगंज स्थित श्री गांधी पंचायत इण्टर कालेज में शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक सन्तोष अवस्थी वा प्राचार्य संतोष मिश्रा ने संयुक्त रूप से देश के पूर्व राष्ट्रपति रहे डा राधाकृष्णन की जयंती तथा कालेज के लम्बे समय तक अध्यक्ष रहे,पूर्व शिक्षक शंभू दयाल त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण कर नमन किया। प्रिंसिपल सन्तोष मिश्रा ने इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए शिक्षको के महत्व पर व्याख्यान दिया और कहा कि शिक्षक वर्ग का समाज में अग्रणी स्थान सदा से रहा है।उन्होंने सर्व पल्ली डा राधाकृष्णन का उल्लेख करते हुए कहा कि पहले शिक्षक रहे श्री कृष्णन अपनी विद्वता/व्यक्तित्व के दम पर देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति तक की ऊंचाइयां छू ली। उनका जन्म 5 सितंबर 1884को हुआ था। प्रबंधक सन्तोष अवस्थी ने कहा कि इस कालेज के लम्बे समय तक अध्यक्ष पद सुशोभित कर शम्भू दयाल त्रिपाठी ने कालेज के विकास में उल्लेखनीय योगदान दिया।श्री अवस्थी ने कहा ने कहा की स्व शंभू दयाल त्रिपाठी उनके गुरु रहे है।उन्होंने कहा कि स्व त्रिपाठी बेसिक शिक्षा विभाग में अध्यापक रहे और जीवन के अंतिम सांस तक इस कालेज प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष रहे तथा 5सितंबर 2008 को श्री त्रिपाठी का निधन हो गया था। इस अवसर पर सभी शिक्षक गण छात्र, छात्राओं के अलावा स्टाफ के सभी लोग उपस्थित रहे।



## मसाल जुलूस एबीवीपी ने कराया, संघे शक्ति का बोध

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। श्रीरामस्वरूप मेमोरियल विश्वविद्यालय के भ्रष्टाचार एवं एबीवीपी कार्यकर्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में शुक्रवार की शाम अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदेशव्यापी आंदोलन के तहत मशाल जुलूस निकाल कर अपना विरोध दर्ज कराया। विभाग संगठन मंत्री आकाश शुक्ला के नेतृत्व में यह जुलूस छाया चौराहे से प्रारंभ होकर गुरुद्वारा,लखपेड़ा बाग चौराहा होते हुए सतरिख नाका चौराहा पर संपन्न हुआ। इसमें बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यकर्ता हाथों में मशालें और स्लोगन लिखी तख्तियां लिए ‎न्याय दो-न्याय दो‎ तथा ‎एबीवीपी डायनामाइट ,शिक्षा के दलालों को खत्म करो‎ जैसे नारे गगन भेदी नारे लगाते रहे। परिषद पदाधिकारियों ने कहा कि लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांग उठाने वाले छात्रों पर पुलिसिया लाठीचार्ज निंदनीय है। सभी कार्यकर्ता दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की पुरजोर मांग कर रहे थे। एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने एसआरएमयू में फैले भ्रष्टाचार और विद्यार्थियों से अवैध वसूली के खिलाफ भी जमकर आवाज बुलंद की। इस मौके पर आकाश शुक्ला,देवेंद्र प्रताप सिंह,कार्तिकेय मिश्रा, योगेश सिंह,आदर्श सिंह, प्रांशी वाजपेई , स्तुति , ईशा गुप्ता जिज्ञासा , विश्वजीत, दीपू पाठक, शशांक गुप्ता,शशांक मिश्रा, शिवम मिश्रा, दिव्यांशु प्रताप सिंह, पुलकित त्रिवेदी, शिवम सिंह राठौड़, निशांत द्विवेदी, उत्कर्ष सिंह, प्रिंस वर्मा, आयुष सिंह, पूर्णेन्द्र चतुर्वेदी, तरुण कुमार, अभय, राम त्रिपाठी ,विभु ,पार्थ,सूर्यांशु,अभय शुक्ला सहित काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। मशाल यात्रा के दौरान प्रशासन भी पूरी तरह सतर्क दिखा।

## तेज रफ्तार डिवाइडर में घुसा डंपर , लगी आग, हलचल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

निंदूरा बाराबंकी। लखनऊ - महमूदाबाद मार्ग पर दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए जगह- जगह डिवाइडर बनाए गए हैं लेकिन अभी तक सड़क व डिवाइडर पर कई जगह रिफ्लेक्टर नहीं लगाए गए हैं। जिसके चलते वाहन दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। देर रात बड्डूपुर थाना क्षेत्र के रीवा सीवा गांव के निकट महमूदाबाद की तरफ से आ रहा एक डंपर डिवाइडर में जा घुसा।यह डंपर सीतापुर से कानपुर गिट्टी लादने जा रहा था।डंपर की रफ्तार इतनी तेज थी कि उसमें आग लग गई।हादसे में चालक व खलासी ने कूद कर जान बचाई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया लेकिन तब तक डंपर का अगला हिस्सा जलकर राख हो गया। एक सप्ताह में दूसरी बार हादसा हुआ है।बीते 28 अगस्त को रीवा सीवा चौराहे के निकट ही एक डंपर इसी डिवाइडर में जा घुसा था।डंपर मौरंग खाली कर वापस लौट रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि डिवाइडर के साथ सड़क का चौड़ीकरण तो कर दिया गया है।लेकिन सड़क पर न तो रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था की गई है और न ही रोड व डिवाइडर पर रिफ्लेक्टर ही लगाए गए हैं। ऐसे में तेज रफ्तार वाहन अंधेरे मे दुर्घटना का कारण बन रहे हैं।



रिफ्लेक्टर के अभाव में हो रही है दुर्घटनाएं

## आईजीआरएस की शिकायतों के निस्तारण में हमीरपुर फिर चौथे स्थान पर

एजेंसी

हमीरपुर। उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिलाधिकारी धनश्याम मीना के निर्देशन में जनपद हमीरपुर द्वारा जनसुनवाई आईजीआरएस में प्रदर्शन लगातार बेहतर हो रहा है। हमीरपुर जनपद को जनसमस्याओं के प्रभावी निस्तारण में माह अगस्त 2025 की रैंकिंग में पुनः प्रदेश में चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ है। प्रदेश स्तर पर जारी माह माह अगस्त 2025 की रैंकिंग में जनपद को 94.29 प्रतिशत अंक प्राप्त हुए हैं एवं शिकायतकर्ताओं से प्राप्त संतुष्ट फीडबैक में भी उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। इससे पूर्व भी माह जुलाई में भी जिले को चतुर्थ स्थान प्राप्त हुआ था। विगत कई माह से जनपद का निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है एवं जनपद प्रदेश मे टॉप-5 में बना हुआ है। अधिकारियों द्वारा आवेदक से सम्पर्क स्थापित किये जाने के फलस्वरूप प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित हो सका है।

ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर चक्रेश त्रिवेदी ने शुक्रवार को बताया कि जिलाधिकारी के मार्गदर्शन व अपर जिलाधिकारी के निर्देशन व निरंतर समीक्षा से जनपद का प्रभावी प्रदर्शन रहा है। जनपद में जनसमस्याओं का पूर्ण गंभीरता के साथ गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जन समस्याओं के प्रभावी निस्तारण किये जाने के उपरांत शिकायतकर्ता से प्राप्त फीडबैक के आलोक में प्रभावी कार्यवाही कर संतुष्ट करने का प्रयास किया जा रहा है। जिलाधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में शिकायतों के प्रभावी निस्तारण हेतु सम्बंधित अधिकारियों द्वारा आवेदक से संपर्क स्थापित कर स्थलीय निरीक्षण किया जा रहा है। जिलाधिकारी जनता दर्शन में सभी उपजिलाधिकारी, खंड विकास अधिकारी सहित अन्य अधिकारी नियमित रूप से ऑनलाइन जुड़े रहकर शिकायतकर्ता की समस्याओं के सम्बन्ध में त्वरित संज्ञान लेते हैं जिससे समस्याओं का प्रभावी निस्तारण हो रहा है।

आईजीआरएस सन्दर्भों सहित सम्पूर्ण समाधान दिवस सन्दर्भ, ऑनलाइन सन्दर्भ तथा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सन्दर्भ की शिकायतों के निस्तारण के क्रम में शासन की मंशानुरूप भूमि विवाद सहित अन्य विवादित प्रकरणों में यथावश्यक पुलिस बल सहित मौके पर जाकर शिकायतकर्ता एवं सम्बंधित स्थानीय लोगों के साथ समस्या का स्थलीय निस्तारण समयबद्ध सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने आई.जी.आर.एस. टीम के सभी कार्मिकों व जनपद के सभी अधिकारियों को बधाई देते हुए इसी प्रकार आगे भी प्राप्त शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए हैं।

## फाइनल में जगह बनाने के लिये चीन के खिलाफ भारत को करना होगा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

एजेंसी

राजगीर। फाइनल में जगह बनाने से एक कदम दूर भारतीय पुरूष हॉकी टीम को एशिया कप में शनिवार को सुपर 4 चरण के आखिरी मैच में आत्मविश्वास से ओतप्रोत चीन के खिलाफ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। पांच बार की चैम्पियन दक्षिण कोरिया से 2-2 से ड्रॉ के बाद भारत ने दूसरे सुपर 4 मैच में मलेशिया को 4-1 से हराया। इस जीत से चीन के खिलाफ अहम मुकाबले से पहले हरमनप्रीत सिंह की टीम का मनोबल बढा होगा। भारत दो मैचों में चार अंक लेकर शीर्ष पर है जबकि चीन और मलेशिया के तीन अंक है। कोरिया एक अंक लेकर फाइनल की दौड़ से बाहर हो गया है। सुपर 4 चरण से शीर्ष दो टीमें फाइनल में जायेंगी और भारत के लिये एक ड्रॉ भी काफी होगा। कोरिया के खिलाफ औसत प्रदर्शन के बाद भारत ने मलेशिया के खिलाफ बेहतर खेल दिखाया हालांकि शुरूआत बहुत अच्छी नहीं रही। भारत ने




शुरूआती गोल गंवा दिया लेकिन इसके बाद शानदार वापसी की। मलेशिया पर मिली जीत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा कि अभी भी यह टीम का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है और भारतीय खिलाड़ियों को पता है कि उनसे अपेक्षायें बहुत ज्यादा है। सवाल यह है कि वे अपेक्षाओं पर कैसे खरे उतरें और इसका जवाब भी आसान है कि बारीकियों पर ध्यान देकर अपने प्रदर्शन में और सुधार किया जाये। टूर्नामेंट में अभी तक मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद और राजिंदर सिंह ने मिडफील्ड में अच्छा खेल दिखाया है। मलेशिया के खिलाफ फॉरवर्ड पंक्ति से उनका तालमेल कमाल का था। हार्दिक ने खास तौर पर तेज ड्रिबलिंग और अकेले गेंद लेकर दौड़ते हुए कई मौके बनाये। बरसों से भारतीय हॉकी की सेवा कर रहे मनप्रीत ने दिखा दिया कि अभी भी उनके भीतर जीत की भूख कम नहीं हुई है। उन्होंने न सिर्फ मौके बनाये बल्कि गोल के सूत्रधार भी रहे। अभिषेक, सुखजीत सिंह और मनदीप सिंह ने आक्रमण का जिम्मा बखूबी संभाला और आगे भी इस लय को कायम रखना चाहेंगे। भारत को हालांकि सर्कल के भीतर मिले हर मौके को भुनाना होगा और इसके लिये हड़बड़ाने से बचना जरूरी है। पेनल्टी कॉर्नर कोच फुल्टोन की परेशानी का सबब होगा। अच्छी शुरूआत के बाद कप्तान हरमनप्रीत पेनल्टी कॉर्नर भुनाने में नाकाम रहे। जुगराज सिंह, संजय और अमित रोहिदास का भी यही हाल था। मलेशिया के खिलाफ छह में से एक ही पेनल्टी कॉर्नर पर गोल हो सका और वह भी रिबाउंड पर था। दूसरी ओर पूल चरण में भारत से 3-4 से हारने के बाद से चीन ने अपने प्रदर्शन में काफी सुधार किया है। लिहाजा भारतीय टीम को एहतियात बरतनी होगी क्योंकि मामूली सी गलती से अगले साल बेल्जियम और नीदरलैंड में होने वाले विश्व कप के लिये सीधे क्वालीफाई करने की उम्मीदों पर पानी फिर सकता है।

## एशिया कप 2025: भारतीय महिला हॉकी टीम ने थाईलैंड को 11-0 से रौंदा

एजेंसी



हंगझोउ। भारतीय महिला हॉकी टीम ने महिला एशिया कप 2025 की अपनी शुरुआत बेहद शानदार अंदाज़ में की। पूल-बी मुकाबले में भारत ने थाईलैंड को एकतरफा अंदाज़ में 11-0 से मात दी। भारतीय टीम अब अपना अगला मुकाबला 6 सितम्बर को शाम 4:30 बजे (भारतीय समयानुसार) जापान के खिलाफ खेलेगी।

भारत के लिए मुमताज खान (7', 49'), उदिता (30', 52') और ब्यूटी डुंग डुंग (45', 54') ने दो-दो गोल दागे। इनके अलावा संगीता कुमारी (10'), नवनीत कौर (16'), लालरेमसियामी (18'), शर्मिला देवी (57') और रुतुजा दादासो पिसल (60') ने भी गोल करके टीम की जीत में अहम योगदान दिया। भारत ने पहले क्वार्टर में ही दबदबा बना लिया था। मुमताज खान (7') और संगीता कुमारी (10') के फील्ड गोल से टीम ने बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरे क्वार्टर में नवनीत कौर (16'), लालरेमसियामी (18') और उदिता (30', पेनल्टी कॉर्नर) ने गोल कर स्कोर को और आगे बढ़ाया। तीसरे क्वार्टर में भारत ने लगातार दबाव बनाए रखा और चार पेनल्टी कॉर्नर अर्जित किए। इसी दौरान ब्यूटी डुंग डुंग (45') ने अपना पहला गोल किया। अंतिम क्वार्टर में भारत ने एक के बाद एक पांच गोल दागकर मैच को पूरी तरह अपने नाम कर लिया। इस दौरान मुमताज खान (49'), उदिता (52'), शर्मिला देवी (57'), ब्यूटी डुंग डुंग (54') और रुतुजा दादासो पिसल (60') ने गोल किए।

## संक्षिप्त समाचार

### न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान रॉस टेलर ने संन्यास वापस लिया, करेंगे समोआ टीम का प्रतिनिधित्व

नई दिल्ली। न्यूजीलैंड के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज रॉस टेलर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी का ऐलान किया है। टेलर अब समोआ टीम की ओर से आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप एशिया-ईस्ट एशिया पैसिफिक क्वालिफायर में खेलते नज़र आएंगे। यह टूर्नामेंट अगले साल होने वाले पुरुषों के टी20 वर्ल्ड कप के लिए समोआ की आखिरी राह है। समोआ की टीम अपना अभियान 8 अक्टूबर से ओमान में शुरू करेगी, जहां उसका सामना ओमान और पापुआ न्यू गिनी से होगा। टेलर ने सोशल मीडिया पर इसकी आधिकारिक घोषणा करते हुए कहा, ''यह आधिकारिक है कि मैं नीली जर्सी पहनकर समोआ का प्रतिनिधित्व करने जा रहा हूं। यह सिर्फ उस खेल में वापसी नहीं है, जिसे मैं प्यार करता हूं, बल्कि अपनी विरासत, संस्कृति, गांवों और परिवार का सम्मान करने का भी बड़ा अवसर है।'' टेलर ने आगे कहा, ''मैंने हमेशा सोचा था कि समोआ के लिए कोचिंग या किसी अन्य भूमिका में योगदान दूंगा। मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं खेलूंगा। लेकिन जब यह मौका मिला तो मैंने इसे अपनाने का फैसला किया। अब मेरा ध्यान बस तेजी से फिट होने और टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने पर है। दरअसल, टेलर की मां समोआ मूल की हैं, जिससे उन्हें समोआ का प्रतिनिधित्व करने की पात्रता मिली। न्यूजीलैंड के लिए आखिरी मैच अप्रैल, 2022 में खेलने के बाद टेलर ने तीन साल का स्टैंडऑफ पीरियड पूरा कर लिया है। इसके बाद अब वह दूसरी अंतरराष्ट्रीय टीम से खेलने के योग्य हो गए हैं।41 वर्षीय टेलर ने न्यूजीलैंड के लिए 450 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में 18,199 रन बनाए। इसमें टेस्ट में 7683, वनडे में 8607 और टी20 अंतरराष्ट्रीय में 1909 रन शामिल हैं। वह जून 2021 में न्यूजीलैंड को पहली बार आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप जिताने वाली टीम का हिस्सा भी रहे।

### इक्वाडोर के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच में नहीं खेलेंगे मेसी

नई दिल्ली। अर्जेंटीना के फारवर्ड और कप्तान लियोनेल मेसी 10 सितंबर को इक्वाडोर के खिलाफ होने वाले अगले फीफा विश्व कप क्वालीफायर मैच में नहीं खेल पाएंगे। वेनेजुएला के खिलाफ जीत के बाद मेसी ने कहा, ''मैंने लियो (स्कालोनी) से बात की और फिर फैसला लिया कि मुझे आराम करना चाहिए। मैं एक चोट से उबर रहा हूं। हालांकि अब मैं ठीक हूं, लेकिन हम यात्रा करने और कोई और मैच खेलने से बचना चाहते हैं, ताकि मैं आगे आने वाले मैचों के लिए आराम कर सकूं। मेसी ने कहा, ''यहां इस तरह से अंत करना मेरा हमेशा से सपना रहा है। मैंने इस मैदान पर बहुत कुछ अनुभव किया है, अच्छा भी और बुरा भी, लेकिन अर्जेंटीना में अपने प्रशंसकों के सामने खेलना हमेशा खुशी की बात होती है। मेसी ने गुरुवार को खचाखच भरे दर्शकों के सामने अर्जेंटीना की वेनेजुएला पर 3-0 की जीत में दो गोल दागे, जो उन्हें विदाई देने के लिए एस्टाडियो मोनुमेंटल में इकट्ठा हुए थे। मेसी ने अभी तक इस बारे में कोई संकेत नहीं दिया है कि वह खेल के शीर्ष स्तर से कब संन्यास लेंगे, लेकिन 2030 विश्व कप के क्वालीफायर 2027 में शुरू होंगे, जब वह 40 वर्ष के होंगे। मेसी के अब दक्षिण अमेरिकी विश्व कप क्वालीफायर में 36 गोल हो गए हैं और वह सर्वकालिक गोल स्कोरिंग लीडर बने हुए हैं। उनके इंटर मियामी टीम के साथी लुइस सुआरेज़ ने महाद्वीपीय क्वालीफाइंग में 29 गोल किए हैं, लेकिन वह उरुग्वे की राष्ट्रीय टीम से संन्यास ले चुके हैं। बोलीविया के मार्सेलो मोरेनो मार्टिंस 22 गोल के साथ तीसरे स्थान पर हैं।

### यूएस ओपन फाइनल में पहुंचीं अमांडा अनीसिमोवा आर्यना सबालेंका से होगा सामना

न्यूयॉर्क। अमेरिका की अमांडा अनीसिमोवा ने जबरदस्त वापसी करते हुए चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका को 6-7(4), 7-6(3), 6-3 से हराकर यूएस ओपन 2025 के फाइनल में जगह बना ली। अब खिताबी मुकाबले में उनका सामना मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका से होगा। अनीसिमोवा ने कहा, ल्लओसाका ने मुझे कड़ी चुनौती दी। कई बार लगा कि मैं आगे नहीं बढ़ पाउंगी, लेकिन मैंने गहराई तक जाकर संघर्ष किया। यह मेरे लिए एक सपना पूरा होने जैसा है।ङ्क 24 वर्षीय अनीसिमोवा ने अपने करियर में पहली बार फ्लशिंग मीडोज़ के फाइनल में प्रवेश किया। जीत के बाद उन्होंने कहा, ल्लओह माय गॉड, यह मेरे लिए दुनिया के बराबर है। यह मेरे जीवन का सपना रहा है कि मैं यूएस ओपन के फाइनल में खेलूं और अब मैं खिताब जीतने की उम्मीद कर रही हूं। दो बार की यूएस ओपन विजेता ओसाका 2021 के बाद पहली बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफ़ाइनल में उतरी थीं। आर्थर ऐश स्टेडियम में खेले गए इस रोमांचक मुकाबले में दोनों खिलाड़ियों ने पहले सेट में एक-दूसरे की सर्विस तोड़ी। ओसाका ने टाईब्रेकर में सेट जीतकर बढ़त बनाई। हालांकि, दूसरे सेट में अनीसिमोवा ने शानदार वापसी की और टाईब्रेकर में जीतकर मुकाबले को निर्णायक सेट तक खींच लिया। तीसरे सेट में उन्होंने दमदार खेल दिखाते हुए 4-1 की बढ़त बनाई और अंत तक अपनी बढ़त बनाए रखते हुए जीत दर्ज की।

### एनएलसी इंडिया इलेक्ट्रोलाइजर की खरीद के उन्नत चरण में: सीएमडी

नयी दिल्ली। एनएलसी इंडिया लिमिटेड (एनएलसीआईएल) तमिलनाडु के नेवेली में अपनी चार मेगावाट की हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक परियोजना के लिए इलेक्ट्रोलाइजर की खरीद के उन्नत चरण में है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (सीएमडी) प्रसन्ना कुमार मोटुपल्ली ने कहा कि यह प्रायोगिक परियोजना राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के अनुरूप है जिसका उद्देश्य देश को हरित हाइड्रोजन उत्पादन एवं प्रौद्योगिकी के लिए एक वैश्विक केंद्र के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने शुक्रवार को नवीनतम रिपोर्ट में कहा, '' एनएलसीआईएल नेवेली में चार मेगावाट की हरित हाइड्रोजन प्रायोगिक परियोजना को आगे बढ़ा रही है, जिसमें सौर ऊर्जा को 'इनपुट' के रूप में इस्तेमाल किया जा रहा है३ यह इलेक्ट्रोलाइजर की खरीद के उन्नत चरण में है। इस संयंत्र की क्षमता प्रतिदिन 99.999 प्रतिशत शुद्धता के साथ 300 किलोग्राम हाइड्रोजन का उत्पादन करने की होगी।

## लियोनेल मेसी के दो गोल की बदौलत अर्जेंटीना ने वेनेजुएला को 3-0 से हराया

एजेंसी



ब्यूनस आयर्स। लियोनेल मेसी ने दो शानदार गोल दागे, जिसकी बदौलत अर्जेंटीना ने गुरुवार (भारतीय समयानुसार शुक्रवार) को वेनेजुएला को 3-0 से हराकर अपने आखिरी घरेलू विश्व कप क्वालिफायर मुकाबले को यादगार बना दिया। 38 वर्षीय मेसी ने भले ही संन्यास की तारीख साफ नहीं की है, लेकिन उन्होंने पहले ही यह संकेत दे दिया था कि वेनेजुएला के खिलाफ यह मुकाबला उनका घरेलू जमीन पर आखिरी विश्व कप क्वालिफायर होगा। पहले से ही अगले साल उत्तर अमेरिका में होने वाले विश्व कप के लिए क्वालिफाई कर चुकी मौजूदा विश्व चैंपियन अर्जेंटीना ने शुरुआत से ही मुकाबले पर दबदबा बनाए रखा। निकोलस टैगलियाफिको और फ्रैंको मास्तांतूनो ने शुरुआती मौके बनाए लेकिन वेनेजुएला के गोलकीपर राफ़ेल रोमो ने उन्हें रोक दिया। 39वें मिनट में मेसी ने कप्तानी अंदाज में जूलियन अल्वारेज़ के पास पर तेज़ काउंटर-अटैक से गोल करते हुए अर्जेंटीना को बढ़त दिलाई। दूसरे हाफ में भी अर्जेंटीना का दबदबा कायम रहा। 76वें मिनट में निको गोंजालेज़ के क्रॉस पर लाउटारो मार्टिनेज़ ने डाइविंग हेडर से दूसरा गोल दागा। मात्र चार मिनट बाद थियागो अल्माडा के असिस्ट पर मेसी ने एक और गोल कर स्कोर 3-0 कर दिया। इस जीत के साथ अर्जेंटीना 38 अंकों के साथ 2026 विश्व कप दक्षिण अमेरिकी क्वालिफाइंग तालिका में शीर्ष पर है। अब टीम मंगलवार को इक्वाडोर के खिलाफ अपना अंतिम ग्रुप मैच खेलेगी। वहीं, वेनेजुएला अपने घरेलू मैदान पर कोलंबिया के खिलाफ मुकाबले में क्वालिफिकेशन की उम्मीदें बरकरार रखने की कोशिश करेगा।

## यूएस ओपन 2025: युकी भांबरी का सफर थमा, पुरुष युगल सेमीफ़ाइनल में मिली हार

नई दिल्ली। भारत के युकी भांबरी ने यूएस ओपन 2025 के पुरुष युगल वर्ग में सेमीफ़ाइनल तक पहुंचकर इतिहास रच दिया। यह उनका किसी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट में अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन रहा। हालांकि सेमीफाइनल में उनका सफर थम गया। 33 वर्षीय दिल्ली के खिलाड़ी भांबरी और उनके न्यूज़ीलैंड के पार्टनर माइकल वीनस को ब्रिटेन की अनुभवी छठी वरीयता प्राप्त जोड़ी नील स्कुप्स्की और जो सालिसबरी के हाथों 7-6(2), 6-7(5), 4-6 से हार झेलनी पड़ी। भांबरी ओपन एरा में ग्रैंड स्लैम युगल के सेमीफ़ाइनल में पहुंचने वाले केवल चौथे भारतीय पुरुष खिलाड़ी बने हैं। उनसे पहले यह उपलब्धि लिएंडर पेस, महेश भूपति और रोहन बोपन्ना को हासिल हुई थी। इस भारतीय-न्यूज़ीलैंड जोड़ी ने टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया।

## फिडे ग्रांड स्विस 2025: गुकेश ने जीता पहला मुकाबला, प्रज्ञानानंद ड्रॉ पर रुके; दिव्या हारीं

एजेंसी



नई दिल्ली। समरकंद (उज़्बेकिस्तान) में चल रहे फिडे ग्रांड स्विस 2025 की शुरुआत भारतीय खिलाड़ियों के मिले-जुले परिणामों के साथ हुई। मौजूदा विश्व चैम्पियन डी. गुकेश ने फ्रांस के दिग्गज खिलाड़ी एटिएन बाक्रो को पहले ही दौर में हराकर धमाकेदार आगाज़ किया। गुकेश ने काले मोहरों से खेलते हुए कैरो-कान डिफेंस अपनाया और बीच खेल (मिडलगेम) में अद्भुत जटिलताएँ पैदा कर दीं। बाक्रो बराबरी पर टिके रहने की कोशिश करते रहे लेकिन भारतीय ग्रैंडमास्टर ने एक शानदार एक्सचेंज बलिदान देकर निर्णायक बढ़त बनाई और जीत अपने नाम की। अगली बाज़ी में गुकेश सफ़ेद मोहरों से उतरेंगे। दूसरी ओर, शीर्ष वरीयता प्राप्त आर. प्रज्ञानानंद को अमेरिका के जेफ्री जियोंग ने ड्रॉ पर रोक दिया। फ्रेंच डिफेंस में खेले गए इस मुकाबले में जियोंग ने लगातार मोहरे बदलते हुए हल्का दबाव बनाया, लेकिन खेल अंततः दोहराव पर समाप्त हुआ। महिला विश्व कप विजेता और ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख को हालांकि हार का सामना करना पड़ा। उन्होंने ओपन सेक्शन में शुरुआत अभिमन्यु पुराणिक से हारकर की। अन्य भारतीय खिलाड़ियों में, विजेता विदित गुजराती ने जर्मनी के अलेक्जेंडर डोंचेंको को परास्त किया, जबकि पी. हरिकृष्णा को स्लोवेनिया के एंटन डेंचेनकोव ने सफ़ेद मोहरों से खेलते हुए हराया। निहाल सरीन जर्मनी के रस्मुस स्वाने से ड्रॉ पर रुके। महिला वर्ग में, आर. वैशाली ने उज़्बेकिस्तान की गुलरुखबेगिम तोखिरजोनोंवा को हराकर जीत से अभियान शुरू किया। वहीं, वंतिका अग्रवाल ने यूक्रेन की यूलिया ओस्माक को मात दी। भारत की डी. हरिका का मुकाबला इज़रायल की मार्सेल एफोरिम्स्की से ड्रॉ पर समाप्त हुआ।

## हिमालयी देशों की ऊर्ज़ा आपूर्ति में स्वच्छ ऊर्ज़ा का हिस्सा सिर्फ 6.1 प्रतिशत: रिपोर्ट

एजेंसी

नयी दिल्ली। हिंदू कुश हिमालय (एचकेएच) क्षेत्र के देशों की कुल प्राथमिक ऊर्ज़ा आपूर्ति में स्वच्छ ऊर्ज़ा की हिस्सेदारी केवल 6.1 प्रतिशत है। भारत एवं अन्य देशों में विशाल नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता होने के बावजूद जलविद्युत का बहुत कम दोहन हुआ है। शुक्रवार को जारी एक रिपोर्ट में यह आकलन पेश किया गया। अंतरराष्ट्रीय एकीकृत पर्वतीय विकास केंद्र (आईसीआईएमओडी) ने बैंकॉक में आयोजित एशिया-प्रशांत स्वच्छ ऊर्ज़ा सप्ताह में यह रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के मुताबिक, अफगानिस्तान, भूटान, बांग्लादेश, चीन, भारत, म्यांमार, नेपाल और पाकिस्तान में चिन्हित 882 गीगावाट जलविद्युत क्षमता में से 635 गीगावाट क्षमता हिंदू कुश हिमालय क्षेत्र से निकलने वाली नदियों में स्थित है। इस क्षमता का केवल 49 प्रतिशत ही दोहन किया गया है। रिपोर्ट में क्षेत्र की गैर-जलविद्युत स्वच्छ ऊर्ज़ा क्षमता (सौर एवं पवन) को तीन टेरावाट बताया गया है। इसके मुताबिक,एचकेएच देशों ने अपने जलवायु संकल्पों के तहत कुल 1.7 टेरावाट का लक्ष्य तय किया है, जबकि अकेले इस क्षेत्र की नवीकरणीय ऊर्ज़ा क्षमता 3.5 टेरावाट से अधिक है। भूटान और नेपाल अपनी सारी बिजली नवीकरणीय ऊर्ज़ा से उत्पन्न करते हैं जबकि अन्य जगहों पर जीवाश्म ईंधन बिजली उत्पादन में प्रमुख भूमिका निभाते हैं। जीवाश्म ईंधन की बांग्लादेश में 98 प्रतिशत, भारत में 77 प्रतिशत, पाकिस्तान में 76 प्रतिशत, चीन में 67 प्रतिशत और म्यांमार में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

अध्ययन में चेतावनी दी गई है कि जलवायु परिवर्तन, चरम मौसम और ग्लेशियर बाढ़ के कारण जलविद्युत परियोजनाएं बाधित हो रही हैं, जिससे लगभग दो-तिहाई परियोजनाएं खतरे में हैं। इसमें आपदा जोखिम रणनीतियों और बड़े बांधों के विकल्पों को अपनाने की अपील की गई है।

## एसबीआई, बीओआई के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने आरकॉम, अनिल अंबानी को ''धोखाधड़ी'' वाला किया घोषित

नयी दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक और बैंक ऑफ इंडिया के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने दिवालिया रिलायंस कम्युनिकेशंस के ऋण खाते को ''धोखाधड़ी वाला'' घोषित किया है। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि उसे बैंक ऑफ बड़ौदा से दो सितंबर को एक पत्र मिला जिसमें कंपनी एवं उसके प्रवर्तक अनिल अंबानी के ऋण खाते को ''धोखाधड़ी वाला'' वर्गीकृत करने के उसके फैसले की जानकारी दी गई है। इसमें कहा गया कि बैंक ऑफ बड़ौदा ने कंपनी को 1,600 करोड़ रुपये और 862.50 करोड़ रुपये की ऋण सुविधा स्वीकृत की थी। ऋणदाताओं के पत्र के अनुसार, कुल 2,462.50 करोड़ रुपये में से 28 अगस्त तक 1,656.07 करोड़ रुपये बकाया थे। रिलायंस कम्युनिकेशंस ने कहा कि '' इस खाते को पांच जून 2017 से गैर-निष्पादित परिसंपत्ति (एनपीए) के रूप में वर्गीकृत किया गया है। रिलायंस कम्युनिकेशंस कॉर्पोरेट दिवाला समाधान कार्यवाही से गुजर रही है और उसे कंपनी को अपने नियंत्रण में लेने तथा अपनी देनदारियों को चुकाने के लिए उपयुक्त व्यक्ति की तलाश है। बैंक ऑफ बड़ौदा ने पत्र में कहा कि वर्तमान में राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) द्वारा अनुमोदित कोई सक्रिय समाधान योजना नहीं है। धोखाधड़ी की घोषणा फोरेंसिक ऑडिट रिपोर्ट में निष्कर्षों/टिप्पणियों पर आधारित है और ''यह वर्गीकरण न्याय के सिद्धांतों के अनुरूप है। अनिल अंबानी के प्रवक्ता ने बयान में कहा कि बैंक ऑफ बड़ौदा की कार्रवाई 12 साल से भी अधिक पुराने मामलों से संबंधित है। उन्होंने कहा, '' यह ध्यान देने योग्य है कि अनिल डी. अंबानी 2006 में रिलायंस कम्युनिकेशंस की स्थापना से लेकर 2019 में निदेशक मंडल से अपने इस्तीफ़े तक, यानी छह साल से भी अधिक समय पहले निदेशक मंडल में एक गैर-कार्यकारी निदेशक के रूप में कार्यरत थे।

## सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी घटी चमक



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज नरमी नजर आ रही है। सोने की कीमत में आज 900 रुपये से लेकर 940 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की गिरावट दर्ज की गई है। सोने की तरह चांदी भी आज 1,400 रुपये प्रति किलोग्राम तक सस्ता हो गया है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज प्रति 10 ग्राम 1,05,920 रुपये से लेकर 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, 22 कैरेट सोना आज 97,050 रुपये से लेकर 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में भी गिरावट आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,25,600 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,05,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,05,970 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,05,920 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 1,05,920 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 97,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,05,970 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 97,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,06,070 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 97,200 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोना सस्ता हुआ है।

# मॉरीशस के प्रधानमंत्री का भारत दौरा तिरुपति और आयोध्या भी जाएंगे

एजेंसी

नई दिल्ली। मॉरीशस के प्रधानमंत्री डॉ. नवीनचंद्र रामगुलाम 9 से 16 सितम्बर तक भारत की राजकीय यात्रा पर रहेंगे। यह उनके वर्तमान कार्यकाल का पहला द्विपक्षीय विदेशी दौरा होगा। इस यात्रा के दौरान वे नई दिल्ली, मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री डॉ. रामगुलाम अपनी यात्रा के दौरान राष्ट्रपति से मुलाकात करेंगे और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करेंगे। दोनों नेता 'एन्हांस्ड स्ट्रैटेजिक पार्टनरशिप' को आगे बढ़ाने पर चर्चा करेंगे। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।



मंत्रालय के अनुसार यह यात्रा भारत और मॉरीशस के बीच सहयोग के नए अवसर खोलेगी। यात्रा के दौरान डॉ. रामगुलाम मुंबई में एक व्यावसायिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति में वे सांस्कृतिक और धार्मिक महत्व के स्थलों का भ्रमण करेंगे। उल्लेखनीय है कि डॉ. रामगुलाम ने मई 2014 में भी भारत की यात्रा की थी। उस समय वे एकमात्र गैर-सार्क नेता थे जिन्हें प्रधानमंत्री और मंत्रिपरिषद के शपथग्रहण समारोह में आमंत्रित किया गया था।

## आईआईटी रुड़की के दीक्षांत समारोह में जितेंद्र सिंह ने की आपदा प्रबंधन और हिमालयी अध्ययन पर शोध बढ़ाने की अपील

नई दिल्ली। केंद्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को आईआईटी रुड़की को एशिया का पहला इंजीनियरिंग कॉलेज और अनुसंधान, नवाचार व सामाजिक सहभागिता का आदर्श बताते हुए आपदा प्रबंधन, एरोमेटिक इकॉनमी और हिमालयी अध्ययन जैसे नए क्षेत्रों में शोध बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि अगली औद्योगिक क्रांति जैव प्रौद्योगिकी से प्रेरित होगी। डॉ. सिंह ने साल 1847 में स्थापित इस संस्थान के दीक्षांत समारोह में कहा कि हाल ही में जारी राष्ट्रीय नवाचार ढांचा (एनआईएफ) रेटिंग में आईआईटी रुड़की देश में छठे स्थान पर रहा है, जो सभी के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने आईआईटी रुड़की के 240 स्टार्टअप्स की तारीफ की, जो देश के 1.7 लाख स्टार्टअप्स का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि 50 फीसदी स्टार्टअप छोटे शहरों से उभर रहे हैं, जो अवसरों के लोकतंत्रीकरण को दर्शाता है। उन्होंने संस्थान के 9 उत्कृष्टता केंद्रों और आपदा जोखिम व स्थिरता पर काम की सराहना करते हुए कहा कि हिमालय में इसकी स्थिति इसे आपदा प्रबंधन और विकास में अहम बनाती है। उन्होंने आईआईटी रुड़की को लगातार चौथे साल भारतीय उद्योग परिसंघ का सर्वाधिक नवोन्मेषी संस्थान पुरस्कार और एसटीईएम में महिलाओं की उत्कृष्टता के लिए गतिशक्ति अचीवर पुरस्कार मिलने पर बधाई भी दी। मंत्री ने निदेशक प्रो. कमल किशोर पंत और उप निदेशक प्रो. यूपी सिंह के नेतृत्व की तारीफ की, जो संस्थान को शैक्षणिक और अनुसंधान उत्कृष्टता की ओर ले जा रहे हैं। उन्होंने छात्रों से उद्योगों के साथ जल्दी जुड़ने और स्टार्टअप मानसिकता अपनाने पर जोर देते हुए कहा जैव प्रौद्योगिकी, अंतरिक्ष और परमाणु ऊर्ज़ा जैसे क्षेत्रों अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह भारत में अवसरों का सबसे अच्छा समय है। इस कार्यक्रम में बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के अध्यक्ष डॉ. बीवीआर मोहन रेड्डी और छात्र मौजूद थे।

# यमुना के जलस्तर में गिरावट जारी, बाढ़ से प्रभावित फसलों के आकलन का निर्देश : रेखा गुप्ता

एजेंसी

नई दिल्ली । मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि यमुना के जलस्तर में फिलहाल गिरावट जारी है और दिल्ली वालों को घबराने की जरूरत नहीं है। यमुना का जलस्तर शुक्रवार शाम सात बजे 207.09 दर्ज किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह खुद हालात पर लगातार निगरानी रख रही है और प्रशासन बाढ़ प्रभावितों की 24x7 मदद कर रहा है। उन्होंने कहा कि राहत शिविरों में भोजन, पानी, चिकित्सा, शौचालय सुविधाओं के अलावा जरूरी मदद लगातार उपलब्ध कराई जा रही है। अधिकारियों को बाढ़ से प्रभावित फसलों का आकलन करने का निर्देश दिया गया है।

राजधानी में बाढ़ की स्थिति, प्रभावित क्षेत्रों के हालात और पीड़ितों को जरूरी मदद को लेकर मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को अपने कैंप कार्यालय 'मुख्यमंत्री जनसेवा सदन' से डिविजनल कमिश्नर व सभी जिलों के डीएम के साथ ऑनलाइन समीक्षा बैठक की और जरूरी व स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए।

बैठक की जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि यमुना में बाढ़ का पानी लगातार कम हो रहा है और संभव है कि हालात जल्द सामान्य हो जाएं। इसके बावजूद हमारी सरकार बाढ़ प्रभावितों की लगातार मदद में जुटी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी वरिष्ठ अफसरों को कहा गया है कि वे बाढ़ से प्रभावित इलाकों में चौबीस घंटे निगरानी रखें और राहत शिविरों में भोजन, पानी, चिकित्सा, शौचालय व अन्य जरूरी सेवाओं का उचित प्रबंध करें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि इस प्राकृतिक आपदा से प्रभावितों की जान-माल की रक्षा करना हमारी सरकार का प्रमुख दायित्व है और इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश के कारण यमुना में आई बाढ़ के कारण नदी के निचले इलाकों में बसे लोगों को वहां से हटाना पड़ा। इमारी सरकार ने इन बाढ़ प्रभावितों के लिए राहत शिविरों का इतंजाम किया है और वहां उनका पूरा ध्यान रखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी डीएम को विशेष निर्देश जारी किए गए हैं बाढ़ प्रभावित बुजुर्गों, महिलाओं व बच्चों का विशेष ध्यान रखा जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) भी बाढ़ प्रभावित इलाकों में लगातार निगरानी रख रहा है। अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यकता पड़ने पर वे क्षेत्र के सामाजिक संगठनों की भी मदद लें ताकि बाढ़ प्रभावितों को त्वरित व समय पर मदद मिल सके। सभी डीएम को यह भी निर्देश दिए गए हैं बाढ़ प्रभावित किसानों के मवेशियों व अन्य जानवरों को बाढ़ से सुरक्षित रखा जाए और उनके चारे आदि की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री के अनुसार सरकारी अमला प्रभावित इलाकों की लगातार निगरानी कर यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसी प्रकार की गंभीर नुकसान से बचा जा सके। यही हमारी सरकार का नैतिक व प्रशासनिक दायित्व है। उन्होंने डीएम को यह भी निर्देश जारी किए हैं कि वे बाढ़ से प्रभावित फसलों का भी आकलन करें ताकि उन्हें पीड़ित किसानों को उचित मुआवजा देने पर भी गंभीरतापूर्वक विचार किया जा सके।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने यह भी जानकारी दी कि दिल्ली के सांसद, सरकार के मंत्री, विधायक व अन्य जनप्रतिनिधि भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में जाकर पीड़ितों की मदद कर रहे हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित कर रहे हैं। इस जन-सहभागिता से राहत कार्य और अधिक प्रभावी हो रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि हरियाणा के निकटवर्ती इलाकों की दो-एक ड्रेनों का पानी दिल्ली के सीमावर्ती इलाकों के खेतों आदि में प्रवेश कर रहा है। उन्होंने संबंधित डीएम को निर्देश जारी किए हैं, इस मसले का जल्द समाधान किया जाए और हरियाणा के संबंधित विभागों के अधिकारियों से बात कर वहां की ड्रेनों का सिस्टम ठीक करवाया जाए। डीएम ने सूचित किया है कि वहां कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री का स्पष्ट कहना है कि बाढ़ पीड़ितों के जीवन और उनकी सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। लगातार बारिश और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदा पर सरकार का पूरा तंत्र सक्रिय है। वरिष्ठ अधिकारियों, आपदा प्रबंधन दल और स्वास्थ्य सेवाओं की टीमें हर समय तैयार हैं। किसी भी प्रकार की आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए हमारी सरकार पूरी तरह तैयार है।

इसके अलावा आज दिल्ली भाजपा कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित हुई जिसमें दिल्ली एवं देशभर में बनी बाढ़ की स्थिति और राहत कार्यों की समीक्षा की गई। इस बैठक में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, दिल्ली सरकार के मंत्री, भाजपा सांसद और भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को बाढ़ पीड़ितो से मिलने शास्त्री पार्क पहुंचे। अरविंद केजरीवाल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि दिल्ली के तमाम इलाकों में बाढ़ आई है, यमुना नदी के किनारे रहने वाले गरीब लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। लेकिन यहां उन्हें खाना और पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। इनके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए। केजरीवाल ने कहा कि राहत कैंपो में समय पर भोजन नहीं मिल रहा है, पीने के पानी की समस्या है और साथ ही मच्छरों का प्रकोप है लेकिन इसे कम करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि राहत कैंपो में रहने वाले लोगों ने बताया कि टेंट कल ही लगाए गए थे, जबकि पहले से ही बारिश हो रही थी। उन्होंने कहा कि सभी जानते है कि यह एक प्राकृतिक आपदा है लेकिन लोगों के लिए सभी व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि राहत शिविरों में लोगों को सभी सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर जगह जलजमाव है ।

# पेज एक का शेष

## प्रदेश ...

आदित्यनाथ ने कहा कि 2017 से पहले उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड को कटघरे में खड़ा कर दिया गया था, लेकिन अब यह बोर्ड सुधार और नवाचार के साथ देश का गर्व बन रहा है। उन्होंने कहा कि शिक्षा केवल ज्ञान नहीं, बल्कि एक समृद्ध राष्ट्र की आधारशिला है। शिक्षक किसी नौकरशाह या नेता से कम नहीं, बल्कि समाज को दिशा देने वाले पथप्रदर्शक हैं। उन्होंने उदाहरण दिया कि अरुणाचल से लेकर मध्य प्रदेश तक आज भी उत्तर प्रदेश के शिक्षक अपनी उत्कृष्ट शिक्षा के लिए सम्मानित हैं। यही पहचान अब सकारात्मक माहौल और नवाचार के जरिए और सशक्त हो रही है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाल वाटिका की पुस्तिकाएं सरल और रोचक हों, ताकि बच्चे खेल-खेल में सीखें और पढ़ाई को आनंददायक मानें। पोषण मिशन के अंतर्गत बच्चों को विविध और आकर्षक भोजन दिया जाए, जिससे उनमें रुचि जागृत हो। उन्होंने कहा कि जिन शिक्षकों ने शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार किए हैं, उनके उदाहरण प्रकाशित होकर सभी विद्यालयों तक पहुंचें और असेंबली में बच्चों के सामने रखे जाएं। इससे अन्य शिक्षक भी प्रेरित होंगे और भावी पीढ़ी के लिए शिक्षा जगत में नई दिशा तैयार होगी। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाब देवी, बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, प्रभारी मुख्य सचिव एवं अपर मुख्य सचिव (बेसिक एवं माध्यमिक) दीपक कुमार और महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा उपस्थित रहे।

## दुष्टों ...

अराजक राष्ट्र का उदाहरण है। आंतरिक अराजकता से वह पूरी तरह खोखला हो चुका है। उन्होंने कहा कि अराजकता किसी भी राष्ट्र को दुर्गति की ओर ले जाती है। दुर्गति से अस्तित्व पर संकट होता है। भारत प्राचीनकाल से ही इस पर सजग और सतर्क रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वैदिककाल से ही भारत में यह शिक्षा दी गई है कि धरती हमारी माता है और हम धरती के पुत्र हैं। कोई भी सुयोग्य पुत्र मां के साथ अराजकता बर्दाश्त नहीं कर सकता। भारत मां की आन, बान, शान के प्रति किसी ने दुस्साहस किया तो उसके खिलाफ हर भारतीय खड़ा होगा। सीएम योगी ने रामायणकाल में उपद्रवियों के नाश के लिए प्रभु श्रीराम के 'निसिचर हीन करहुं महि३' संकल्प को रामराज की आधारशिला बताया। इसी परिप्रेक्ष्य में उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण के 'परित्राणाय साधूनां विनाशाय च दुष्कृताम्' के उद्घोष को संदर्भित करते हुए कहा कि नागरिकों का संरक्षण और दुष्टों का संहार राष्ट्र की सुरक्षा के लिए अपरिहार्य है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिए गए पंचप्रण का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें सेना के जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखने का भी एक संकल्प है। उन्होंने कहा कि नागरिक चैन की नींद इसलिए सो पाते हैं कि हमारे सैनिक देश के मोर्चे पर माइनस 50 डिग्री तापमान में कठिन परिश्रम करते हुए देश की सुरक्षा के लिए खड़े रहते हैं। भारतीयों के लिए यह गर्व की बात है कि भारतीय सेना दुनिया की सर्वश्रेष्ठ सेनाओं में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में युद्ध के तौर तरीके बदले हैं। बदली परिस्थितियों में भी हमारी सेना ने दुश्मन को उसकी सीमाओं का एहसास कराया है।

गोरक्षपीठ के ब्रह्मलीन महंतद्वय दिग्विजयनाथ जी महाराज और अवेद्यनाथ जी महाराज की पावन स्मृति को नमन करते हुए मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आध्यात्मिक साधना के साथ ब्रह्मलीन महंतद्वय का पूरा जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित रहा। पांथिक संकीर्णता में बंधे रहने की बजाय महंतद्वय ने भारत और भारतीयता के लिए किए गए हर आह्वान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। महंतद्वय की स्मृति में राष्ट्र से जुड़े विषयों पर संगोष्ठी का यह आयोजन गुरु परंपरा के प्रति गौरव की अनुभूति और कृतज्ञता प्रकट करने का अवसर होता है।

संगोष्ठी के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने देश के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉ. राधाकृष्णन को उनकी जयंती पर याद किया और इस अवसर पर मनाए जाने वाले शिक्षक दिवस की बधाई सभी शिक्षकों को दी। सीएम ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन एक दार्शनिक शिक्षक थे। उन्होंने समाज के मुद्दों को दार्शनिक अंदाज में देश और दुनिया के सामने प्रस्तुत किया।

भारत के समक्ष राष्ट्रीय सुरक्षा की चुनौतियां' विषयक संगोष्ठी के मुख्य अतिथि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ (सीडीएस) अनिल चौहान ने कहा कि युद्ध में सफलता हासिल करने के लिए सरप्राइज (अचरज) एक महत्वपूर्ण फैक्टर होता है। उरी सर्जिकल स्ट्राइक में भारत ने जमीन के रास्ते जाकर आतंकी ठिकानों को बर्बाद किया, बालाकोट में एयर स्ट्राइक का सहारा लिया गया। जबकि पहलगाम हमले के बाद लो एयर स्पेस, ड्रोन का इस्तेमाल किया गया। भारतीय सेनाओं ने हर बार दुश्मन को सरप्राइज कर अपना टारगेट पूरा किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए भारतीय सेनाएं 365 दिन, 24x7 के फार्मूले पर हमेशा तैयार हैं। आतंकवादी कहीं भी हो, उसे ढूढ़कर मारा जाएगा। सीडीएस जनरल चौहान ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा एक व्यापक और महत्वपूर्ण विषय है। हर वर्ग और व्यक्ति इसे अपने नजरिए से देखता है। किसी देश के राजदूत इसे द्विपक्षीय या बहुपक्षीय दृष्टि से देखते हैं तो अर्थशास्त्री इसे आर्थिक सुरक्षा की दृष्टि से। सैनिक का दृष्टिकोण भिन्न होता है। उन्होंने बताया कि आचार्य चाणक्य ने राष्ट्र की सुरक्षा के लिए चार तथ्य बताए हैं, राष्ट्र के आंतरिक खतरे, वाह्य खतरे, बाहरी सहयोग से आंतरिक खतरे और आंतरिक सहयोग से बाहरी खतरे।

सीडीएस ने कहा कि समग्र रूप से राष्ट्र की सुरक्षा के लिए तीन घटक महत्वपूर्ण होते हैं। भूमि की सुरक्षा, विचारधारा की सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षा। राष्ट्र की सुरक्षा के लिए इन तीनों की सुरक्षा अनिवार्य है। इस संदर्भ में उन्होंने तीन घेरों सैन्य सुरक्षा, राष्ट्र की रक्षा और राष्ट्रीय सुरक्षा की विस्तार से चर्चा की। कहा कि सैन्य तत्परता के लिए रक्षा संसाधनों, अनुसंधान एवं विकास के साथ रणनीतिक संस्कृति अहम होती है। इस परिप्रेक्ष्य में उन्होंने कहा कि आने वाले समय में नेशनल डिफेंस यूनिवर्सिटी भी जरूरी है। सीडीएस जनरल चौहान ने एक जर्मन विद्वान के उद्धरण के हवाले से कहा कि अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य में युद्ध, राजनीति का ही विस्तार है। युद्ध और अंतरराष्ट्रीय राजनीति को अलग अलग नहीं देखा जा सकता है। उन्होंने कहा कि जब किसी राष्ट्र की सरकार यह सोचती है कि दूसरे राष्ट्र के खिलाफ बल प्रयोग करने की जरूरत है तो वह सैन्य अफसरों को कार्य करने के लिए निर्देशित करती है। इसमें सैन्य क्षमता पर भरोसा और सैन्य विकल्पों की विविधता महत्वपूर्ण हो जाती है। उन्होंने कहा कि सैन्य क्षमता की मजबूती इस बात पर भी निर्भर होती है कि किसी राष्ट्र ने शांतिकाल में रक्षा क्षेत्र में कितना खर्च किया। सीडीएस ने बताया कि भारत की तीनों सेनाओं ने गलवान, बालाकोट में मजबूत सैन्य शक्ति का प्रदर्शन किया। उन्होंने कहा कि बालाकोट हमले के बाद भारत और पाकिस्तान दोनों ने अलग अलग सीख ली। पाकिस्तान ने एयर डिफेंस पर ध्यान दिया तो भारत ने लंबी दूरी तक हमला करने वाले हथियारों पर।

ऑपरेशन सिंदूर में काफी कम थी आमने-सामने की लड़ाई

सीडीएस जनरल अनिल चौहान ने कहा कि राजनीतिक नेतृत्व से सैन्य बलों को दिशा मिलती है। ऑपरेशन सिंदूर में नेतृत्व से क्लियर कट दिशानिर्देश था कि आतंकी ठिकानों को ही निशाना बनाना है, नागरिक ठिकानों को नहीं। दुश्मन के किसी भी उकसावे पर सेना को जवाबी कार्रवाई की खुली छूट दी गई थी। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर का मकसद सिर्फ बदला लेना नहीं था, धैर्य का स्तर भी बढ़ाना था। ऑपरेशन सिंदूर ऐसा पहला युद्ध तहस जिसमें दुश्मन से आमने सामने की लड़ाई काफी कम थी। इसमें न फ्रंट था और न रियर। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर अभी ऑफिशियली टर्मिनेट नहीं किया गया है।

सीमा विवाद राष्ट्र की सुरक्षा में पहली चुनौती

सीडीएस ने कहा कि भारत मे राष्ट्र की सुरक्षा की पहली चुनौती सीमा विवाद की है। पाकिस्तान और चीन से हुई लड़ाइयां सीमा विवाद का ही परिणाम हैं। पाकिस्तान की तरफ से प्रॉक्सी वार, पड़ोसी देशों में अस्थिरता और युद्ध के बदलते स्वरूप अन्य चुनौतियां हैं। उन्होंने कहा कि युद्ध का स्वरूप अब विकेंद्रित होता जा रहा है। भविष्य में नई तकनीकी आधारित, रोबोटिक्स और मानवरहित युद्ध हो सकते हैं।

संकट खत्म होने के बाद की स्थिति है 'न्यू नॉर्मल' नीति*

सीडीएस ने कहा कि 'न्यू नॉर्मल' नीति ऐसी स्थिति होती है जो संकट खत्म होने के बाद बनती है। जैसे कोविड के बाद वर्क फ्रॉम होम और नोटबंदी क बाद डिजिटल लेनदेन की अभ्यस्तता। पर, न्यू नॉर्मल में यह स्पष्ट है कि आतंकवाद और बातचीत, व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते।

तलवार और ढाल दोनों का काम करेगा 'सुदर्शन चक्र'

सीडीएस ने अपने संबोधन में पीएम मोदी द्वारा घोषित 'सुदर्शन चक्र' वायु रक्षा प्रणाली की चर्चा करते हुए कहा कि इसे 2035 तक पूरा करने का लक्ष्य है। सुदर्शन चक्र स्वार्ड (तलवार) और शील्ड (ढाल) दोनों का काम करेगा। उन्होंने कहा सुरक्षित और सशक्त भारत वसुधैव कुटुम्बकम की भूमिका निभाना चाहता है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. श्रीभगवान सिंह ने किया। इस अवसर पर परिधान पीठ गोपाल मंदिर अयोध्या से आए कथा व्यास जगद्गुरु रामानंदाचार्च स्वामी राम दिनेशाचार्य, गोरखनाथ मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, काशी से पधारे जगद्गुरु स्वामी संतोषाचार्य उर्फ सतुआ बाबा, सवाई आगरा के ब्रह्मचारी दास लाल, हनुमानगढ़ी अयोध्या के महंत राजूदास, धर्मदास, अयोध्या से आए महंत कमलनयनदास, अनंत स्वामी पद्मनाभाचार्य, महंत रामलखनदास, राममिलनदास, जबलपुर से आए स्वामी नरसिंहदास, कालीबाड़ी के महंत रविंद्रदास आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## मिथुन ...

आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की जाए। वहां सीबीआई के एसपी भी मौजूद रहें। मेरे पास ऐसे गवाह हैं जो कोर्ट में पेश होकर मिथुन दा की स्थिति कमजोर कर देंगे।ङ्क

मिथुन चक्रवर्ती का आरोप है कि कुणाल घोष ने राजनीतिक प्रतिशोध की वजह से उनके और उनके परिवार के खिलाफ झूठे और आपत्तिजनक बयान दिए। मिथुन ने कहा है कि कुणाल ने उन्हें चिटफंड कांड से जोड़ते हुए बदनाम किया, यह भी कहा कि उन्होंने तृणमूल छोड़कर भाजपा का दामन केवल खुद को बचाने के लिए थामा। मिथुन का यह भी आरोप है कि कुणाल ने उनके बेटे को बलात्कार मामले से जोड़कर झूठ फैलाया और उनकी पत्नी पर भी गलत वित्तीय लेन-देन का आरोप लगाया, जबकि ये सभी बातें पूरी तरह झूठी हैं।

मानहानि का नोटिस अभी तक कुणाल को नहीं मिला है, लेकिन वे दस्तावेज तैयार करने में जुट गए हैं। सारदा और रोजवैली जैसे चिटफंड मामलों में मिथुन के वित्तीय लेन-देन से जुड़े कागज वह जुटा रहे हैं। कुणाल ने शुक्रवार दोपहर कहा, ह्लअभिनेता मिथुनदा को प्रणाम। एक समय हमारा रिश्ता बड़े भाई- छोटे भाई जैसा था, लेकिन अब उन्होंने जो कड़वाहट शुरू की है, उसका अंजाम वे देखेंगे। यह तैयारी नहीं, बल्कि चुनौती है और मैं इसे स्वीकार कर रहा हूं।ङ्क

बताया जाता है कि साल 2011 तक मिथुन और कुणाल के बीच घनिष्ठ संबंध थे। उसके बाद दोनों की राहें अलग हो गईं और राजनीतिक टकराव बढ़ता गया। अब मानहानि का मामला इस रिश्ते में और तल्खी लेकर आया है। कुणाल ने साफ किया है कि वे कोर्ट में खुलकर लड़ाई करेंगे।

## भारत...

हुए कहा कि हिमालय में स्थित होने के कारणए आपकी भूमिका न केवल आपदाओं के दौरान महत्वपूर्ण है बल्कि उस समय भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जिसे मैं शांतिकाल कहता हूँ जहाँ आपके जैसे संस्थान राष्ट्र के लिए लचीलापन स्थिरता एवं विकास का निर्माण करने में सहायता करते हैं। केंद्रीय मंत्री ने आईआईटी रूड़की के निदेशक प्रोफ़ेसर कमल किशोर पंत की रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा श्संस्थान को लगातार चौथे वर्ष भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा सर्वाधिक नवोन्मेषी संस्थान पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। साथ ही स्टैम में महिलाओं की उत्कृष्टता के लिए कार्टियर अचीवर पुरस्कार भी प्रदान किया गया है। जबकि कल शाम हीए राष्ट्रीय रैंकिंग में आप छठे स्थान पर रहे। यह अपने आप में इस बात का पर्याप्त प्रमाण है कि इस संस्थान ने वर्षों से अपने मानकों को कितनी उल्लेखनीय निरंतरता के साथ बनाए रखा है।

समारोह में कुल 2.614 छात्रों को उपाधियाँ प्रदान की गई। जिनमें 1.267 स्नातकए 847 स्नातकोत्तर एवं 500 पीएचडी शोधार्थी संयुक्त एवं दोहरी उपाधियों सहित शामिल हैं। इनमें 602 छात्राएँ भी सम्मिलित हैं। अध्यक्षता अभिशासक परिषद अध्यक्ष डॉ. बीवीआर मोहन रेड्डी ने की। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफ़ेसर डॉ. निर्मल जीत सिंह कलसी आईएएस सेवानिवृत्तद्ध पूर्व अध्यक्ष एनसीवीईटी भारत सरकार पूर्व अतिरिक्त मुख्य सचिव पंजाब उपस्थित रहे।

## बिहार...

को बीड़ी से जोड़कर अपमान किया। उन्होंने बिहारवासियों से अपील की कि वे इस अपमान को वोट के जरिए याद रखें।बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि बिहार ने अखंड भारत का निर्माण किया और ज्ञान-विज्ञान की भूमि रहा है। इस अपमान का जवाब बिहार की जनता देगी।जनता दल यूनाइटेड (जदयू) सांसद संजय कुमार झा ने कहा कि बी से सिर्फ बीड़ी नहीं, बुद्धि और बजट भी होता है, जो कंग्रेस के पास नहीं है। उन्होंने बिहार की गौरवशाली विरासत का जिक्र करते हुए कहा कि यह मां जानकी, बुद्ध, सम्राट अशोक और स्वतंत्रता संग्राम के नायकों की धरती है। बिहार ने गांधी को राष्ट्रपिता बनाया और संपूर्ण क्रांति के जरिए कंग्रेस की तानाशाही को उखाड़ फेंका। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता इस अपमान का जवाब विधानसभा चुनाव में वोट की चोट से देगी। जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि बिहार बीड़ी का पर्याय नहीं, बल्कि बुद्ध, सीता और सूफी संतों की धरती है। हालांकि विवाद बढ़ने पर केरल कंग्रेस ने पोस्ट डिलीट कर दिया और माफी भी मांग ली। केरल कंग्रेस ने अपने पोस्ट में कहा कि उनके जीएसटी पर तंज को तोड़-मरोड़कर पेश किया गया। उन्होंने लिखा, ''अगर इससे किसी को ठेस पहुंची तो हम क्षमा मांगते हैं।''उल्लेखनीय है कि केरल कंग्रेस ने अपने एक्स अकाउंट पर एक चार्ट साझा किया था, जिसमें सिगरेट, तंबाकू और बीड़ी पर जीएसटी दरों की तुलना की गई थी। चार्ट के मुताबिक, सिगरेट और तंबाकू पर जीएसटी 28 से बढ़ाकर 40 फीसदी किया गया, जबकि बीड़ी पर जीएसटी 28 फीसदी से घटाकर 18 फीसदी कर दिया गया। पोस्ट में लिखा गया, ''बीड़ी और बिहार दोनों 'बी' से शुरू होते हैं, अब इन्हें पाप नहीं माना जा सकता।''

कुशीनगर...

के पश्चात सीडीएस वायुसेना के विमान से दिल्ली रवाना हो गए। कुशीनगर एयरपोर्ट पर जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर व एसपी संतोष मिश्र ने सीडीएस को समारोहपूर्वक विदा किया। एयरपोर्ट पर पुलिस के जवानों ने सीडीएस को गार्ड ऑफ ऑनर दिया। इस दौरान एनसीसी कैडेटस, एसडीएम डा. संतराज सिंह बघेल, सीओ कुंदन सिंह,ले. वेदप्रकाश मिश्र, कानूनगो ब्रजेश मणि त्रिपाठी, लेखपाल नीलेश रंजन राव सहित सेना के जवानों ने सीडीएस की अगवानी में मौजूद रहे।

## भूटान...

साथ याद के लिए तस्वीरें भी लीं। इसके बाद टोबगे स्थानीय होटल रामायणा के लिए रवाना हो गए। भूटान के प्रधानमंत्री के श्रीरामजन्म भूमि के दौरे को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। चप्पे-चप्पे पर एटीएस और एसटीएफ की निगरानी करती रहीं। पूरे दौरे के दौरान पीएसी, सीआरपीएफ, एसएसएफ, सिविल पुलिस, एटीएस और एसटीएफ समेत सभी सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट रहे। इस दौरान प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री कार्यालय से भी उनके दौरे की निगरानी की जा रही थी।

## देश...

करके हम अपने परिवारए समाज और राष्ट्र के निर्माण में एक अमूल्य निवेश करते हैं। उन्होंने कहा कि बालिकाओं को सर्वोत्तम संभव शिक्षा प्रदान करना महिला.नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने का सबसे प्रभावी तरीका है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीतिए 2020 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों के विस्तार और वंचित वर्ग की बालिकाओं को विशेष शिक्षा सुविधायें प्रदान करने पर ज़ोर देती हैए लेकिन शिक्षा से जुड़ी किसी भी पहल की सफलता मुख्यतः शिक्षकों पर निर्भर करती है। उन्होंने शिक्षकों से कहा कि वे बालिकाओं की शिक्षा में जितना अधिक योगदान देंगेए शिक्षक के रूप में उनका जीवन उतना ही सार्थक होगा। उन्होंने शिक्षकों से आग्रह किया कि वे बालिकाओं सहित उन सभी विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान देंए जो अपेक्षाकृत शर्मीले हैंए या कम सुविधा प्राप्त पृष्ठभूमि से आते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति का उद्देश्य भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति बनाना है। उन्होंने कहाए श्इसके लिए हमारे शिक्षकों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए। हमारे संस्थानों और शिक्षकों को शिक्षा के तीनों क्षेत्रों . स्कूली शिक्षाए उच्च शिक्षा और कौशल शिक्षा . में सक्रिय रूप से योगदान देना होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि हमारे शिक्षक अपने महत्वपूर्ण योगदान से भारत को एक वैश्विक ज्ञान महाशक्ति के रूप में स्थापित करेंगे।

## भगवान...

108 सुधासागर महाराज के चरणों में नमस्तु नमस्तु। आचार्यश्री जहां भी जाते हैं, जिस नगर से गुजरते हैं, जिस शहर-गांव से निकलते हैं, वह सारा क्षेत्र धर्ममय हो जाता है। गुरू के इन चरणों की इस माटी से ही उस क्षेत्र की जनता में आध्यातमिक, धर्म, संस्कृति की नैतिकता का प्रभाव हो जाता है। उन्होंने कहा कि देशभर से आए 32वें श्रावक संस्कार शिविर में सभी भक्तों में प्रणाम करता हूं। हम सबको आचार्य जी के चरणों में नमन करने का सौभाग्य मिला है। आचार्य जी की कृपा है कि समय समय पर आशीर्वाद देते हैं, हमारा मार्गदर्शन करते हैं।

उन्होंने कहा कि गुरुदेव का आशीर्वाद, मार्गदर्शन, उनका ज्ञान मुझे हमेशा नई दिशा एवं प्रेरणा देता है। अभी भी गुरूदेव ने मुझे ज्ञान दिया, जो दायित्व आपका है, वह कैसा होना चाहिए। निष्पक्ष, निर्बाध एवं संभव होना चाहिए। हम सब जब गुरु के चरणों में जाते हैं तो गुरू की तप-तपस्या उनके जीवन ही हमारे लिए जीवंत पाठशाला है। उनका दर्शन ही हमारे जीवन का पाठशाला है। उनका दर्शन मिल जाए, उनके मुख से हमें वाणी मिल जाए। उन्होंने कहा कि निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज का आशीर्वाद सदा बना रहे।


निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधासागर महाराज ने शिविर में संबोधित करते हुए कहा कि परम भक्त शिष्य लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला सौम्य, सहज एवं सरल स्वभाव तथा हमेशा मुस्कुराते रहने वाले व्यक्ति हैं। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति आचार और विचारों को लेकर चलने वाले हमारे राष्ट्र के प्रति समर्पित हो, वही हम साधु-संतों की संस्कृति होती है। हम लोग सदा धर्म के क्षेत्र में रहते हुए भी राष्ट्र को संस्कारवान देखना चाहते हैं। राष्ट्र की संस्कृति ऐसी आदर्श संस्कृति हो, जो विश्व में एक अलग स्वर्णमयी इतिहास रचे। उन्होंने कहा कि अच्छे लोग, बिरला जैसे लोग देश के ऊपर कमाण्डिंग करेंगे तो देश में जरूर सौहार्द बनेगा। हमारा देश का कोई पक्ष-विपक्ष नही होता। हमारे देश में रहने वाला हर व्यक्ति हमारा नागरिक होता है। जब हम नागरिक की विहंग दृष्टि डालते हैं, वह ऐसे पदों को हमारे कानून ने स्थापित किया है। देश में सर्वोच्च पदों पर बैठने वालों के आदर्श मिलते हैं, उनके आदर्शों एवं उद्देश्यों से प्रेरणा लेते हैं और सकारात्मक सोच मिलती है। उन्होंने कहा कि भारत इंडिया नहीं, भारत ही रहे। गुरु का सपना था, उसे हम सब मिलकर पूरा करेंगे। इस अवसर पर राजस्थान सरकार के ऊर्ज़ा मंत्री हीरालाल नागर, नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया, भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी, कलेक्टर आदित्य सिंह, पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन सहित जनप्रतिनिधिगण एवं बडी संख्या में शिविरार्थी एवं जैन समाज के अनुयायी उपस्थित रहे।

# दिल्ली की मुख्यमंत्री ने यमुना के जलस्तर को लेकर सभी जिलाधिकारियों के साथ की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। खतरे के निशान के ऊपर बह रही यमुना के जलस्तर को लेकर शुक्रवार को मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली के सभी जिलाधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर यमुना के जलस्तर और भारी बारिश की स्थिति की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि 24X7 मॉनिटरिंग जारी रहे, राहत कार्य में कोई ढिलाई न हो और हर दिल्लीवासी की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता हो। उन्होंने कहा कि सरकार की पूरी टीम सतर्क है और हर परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है।



दिल्ली में खतरे के निशान से दो मीटर ऊपर बह रही यमुना का जलस्तर शुक्रवार को मामूली नीचे आया जो दोपहर एक बजे 207.22 मीटर दर्ज किया गया है। यमुना में खतरे का निशान 205.33 है। आधिकारिक जानकारी के अनुसार गुरुवार से यमुना के जलस्तर में गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार दोपहर एक बजे जलस्तर 207.22 मीटर पर दर्ज किया गया है। इस दौरान हरियाणा के हथिनी कुंड बांध से 88462 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। हालांकि यमुना से सटे इलाके पूरी तरह से जलमग्न दिखाई दे रहे हैं। जल भराव के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यमुना किनारे बसे लोग अपने पशुओं को लेकर सड़कों पर बस गए हैं, जिसके कारण कई इलाकों में जाम की स्थिति बनी हुई है। दिल्ली में हो रही बारिश ने लोगों की मुश्किलें और बना रखी हैं। प्रशासन लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा रहा है। हरियाणा के हथिनी कुंड बांध से लगातार पानी छोड़े जाने से उफान पर आई यमुना और पिछले कई दिनों से हो रही बारिश से राजधानी के कई हिस्सों में जलभराव बना हुआ है। सिविल लाइंन के बेला रोड स्थित स्वामी नारायण मंदिर परिसर में पानी भर गया है। आईएसबीटी कश्मीरी गेट के आसपास बुधवार से जल भराव की स्थिति बनी हुई है, जिसकी वजह से यातायात काफी धीमा है। राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ की चेतावनी कई दिनों पहले से जारी है। दिल्ली का निगमबोध घाट और वासुदेव घाट डूबा पड़ा है।

# बाढ़ पीड़ितो से मिलने शास्त्री पार्क पहुंचे अरविंद केजरीवाल, राहत कैंपों को लिया जायजा

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आआपा) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल शुक्रवार को बाढ़ पीड़ितो से मिलने शास्त्री पार्क पहुंचे। इस दौरान उन्होंने राहत कैंपो को जायजा लिया और बाढ़ प्रभावित लोगों को हर सम्भव मदद का आश्वासन दिया। अरविंद केजरीवाल ने आज निरीक्षण के दौरान कहा कि दिल्ली के तमाम इलाकों में बाढ़ आई है, यमुना नदी के किनारे रहने वाले गरीब लोगों को राहत शिविरों में भेजा गया है। लेकिन यहां उन्हें खाना और पीने का पानी तक नहीं मिल रहा है। इनके लिए पर्याप्त व्यवस्था की जाए। केजरीवाल ने कहा कि राहत कैंपो में समय पर भोजन नहीं मिल रहा है, पीने के पानी की समस्या है और साथ ही मच्छरों का प्रकोप है लेकिन इसे कम करने के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। उन्होंने कहा कि राहत कैंपो में रहने वाले लोगों ने बताया कि टेंट कल ही लगाए गए थे, जबकि पहले से ही बारिश हो रही थी। अरविंद केजरीवाल ने कहा कि सभी जानते है कि यह एक प्राकृतिक आपदा है लेकिन लोगों के लिए सभी व्यवस्था करना सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने सरकार से अपील की है कि राहत शिविरों में लोगों को सभी सुविधाएं दी जाएं। उन्होंने कहा कि दिल्ली में हर जगह जलजमाव है, इसके पीछे कई कारण हो सकते हैं। समय पर गाद न निकालना, नालों की सफाई समय पर नहीं हुई। केजरीवाल ने केन्द्र सरकार से देश में बाढ़ प्रभावित राज्यों को राहत प्रदान करने और अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी अपील की। उन्होंने कहा कि इस समय सभी जगहों पर बाढ़ जैसे हालात बनें हुए है। इस पर सभी पार्टियों को मिलकर कार्य करने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि यमुना नदी का जलस्तर बढ़ने से दिल्ली के कई इलाके में बाढ़ जैसे हालात बने हुए हैं। एनडीआरएफ की टीम मौके पर तैनात है।

# राजकीय डिग्री महाविद्यालय राजगीर में हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नालंदा,बिहारशरीफ। नालंदा जिले के राजकीय डिग्री महाविद्यालय राजगीर में हिंदी विभाग के तत्वावधान में हिंदी पखवाड़ा का उद्घाटन सह संगोष्ठी का आयोजन शुक्रवार को किया गया। संगोष्ठी का विषय मुख्य बिषय हिंदी भाषा की विशिष्टता एवं अन्य भारतीय भाषाएं रखा गया है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि सह मुख्य वक्ता नव नालंदा महाविहार के आचार्य प्रो रवीन्द्रनाथ श्रीवास्त ने हिंदी की व्यापकता एवं विशिष्टता को बताते हुए कहा कि आज हिंदी भाषा पूरे विश्व के नामचीन देशों में प्रचलित हो चुकी है ,यही कारण है कि वर्तमान समय में अंग्रेजी भाषा की जितनी विज्ञापन आती है उससे कहीं ज्यादा विज्ञापन हिंदी भाषा में भी आती हैं। यही नहीं हिंदी के जितने भी एफ.एम. रेडियो चैनल , वेबसीरीज एवं अन्य मनोरंजन चैनल सभी राज्यों में लोकप्रिय हैं और ज्यादा देखी और सुनी जाती है । साथ ही ,उन्होंने एक चिंता भी जाहिर की आए दिनों में कुछ वेबसीरीज ऐसे भी आ रहे हैं जो हिंदी भाषा की मर्यादा लांघ चुके हैं जिससे खासकर हमारी युवा पीढ़ी प्रभावित हो रही है। उन्होंने युवा पीढ़ी को संबोधित करते हुए कहा कि जो साहित्य का सही स्वरूप को पढ़ेगा और पढ़कर अपने जीवन में आत्मसात करेगा वो कभी कुकृत्य नहीं करेगा और न ही कटु वचन बोलेगा ।उन्होंने अन्य राज्यों के जिक्र करते हुए कहा कि अब केरल , तमिलनाडु , महाराष्ट्र एवं अन्य अहिंदी भाषी राज्यों में भी हिंदी समझी और पढ़ी जाती है।

# आगामी 10 सितम्बर से राज्यभर में शुरू हो जाएगा 704 नए ग्रामीण पुलों का निर्माण कार्य

कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार सरकार के ग्रामीण कार्य विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांवों को शहरों से जोड़ने और ग्रामीण स्तर पर बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए बिहार सरकार ने एक बड़ी पहल की है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की महत्वाकांक्षी ़मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजनाङ्क के तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्यभर में कुल 704 नए पुलों का निर्माण कार्य 10 सितम्बर से शुरू कर दिया जाएगा।

इस योजना पर सरकार कुल 3,688 करोड़ रूपये की धनराशि खर्च कर रही है, जिससे राज्य के हजारों गांवों को स्थायी और सुरक्षित सड़क संपर्क मिल सकेगा। ग्रामीण कार्य विभाग ने ग्रामीण इलाकों में सड़क और पुल बनाने वाले संवेदकों को स्पष्ट रूप से निर्देश जारी कर दिया है कि यदि 10 सितम्बर से उन्होंने ग्रामीण सड़कों



और पुलों का नरमन कार्य शुरू नहीं किया तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उनकी जमानत राशि जब्त करने के साथ-साथ उन्हें कालीसूची (ब्लैक लिस्टेड) कर दिया जाएगा। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना योजना का उद्देश्य राज्य के उन ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध सड़क संपर्कता स्थापित करना है, जहां आज भी बरसात, बाढ़ या पुराने जर्जर पुलों के कारण आवागमन बाधित हो जाता है। मुख्यमंत्री ग्रामीण सेतु योजना के तहत न सिर्फ पुराने और जर्जर पुलों की जगह नए और मजबूत पुल बनाए जाएंगे, बल्कि उन मार्गों को पुलों से जोड़ा जाएगा, जहां आज भी मिसिंग ब्रिज की वजह से रास्ते अधूरे पड़े हैं। साथ ही, बाढ़ या अन्य प्राकृतिक आपदाओं से क्षतिग्रस्त पुलों को फिर से खड़ा किया जा रहा है। राज्य के कई ग्रामीण इलाकों में पुल तो पहले से बने हुए हैं लेकिन पहुंच पथ (एप्रोच रोड) का निर्माण नहीं हो सका है। अब वहां भी पुलों के अधूरे निर्माण कार्य को पूरा कराया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी न हो। राज्य के जिन जिलों में इन पुलों के निर्माण की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है, उसमें उत्तर बिहार के साथ-साथ दक्षिण बिहार के जिले भी शामिल हैं। सबसे अधिक पुलों का निर्माण पूर्वी चंपारण में किया जा रहा है। पूर्वी चंपारण में कुल 56 पुलों के निर्माण की मंजूरी दी गई है। इसी तरह, दरभंगा में 38, गया, सिवान और सीतामढ़ी में 30-30, सारण और वैशाली में 28-28, भागलपुर और गोपालगंज में 27-27, रोहतास और शेखपुरा में 26-26, नालंदा में 24, बेगूसराय में 20 और राजधानी पटना में 18 पुलों का निर्माण कराया जाएगा।

# दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशियों को पुलिस ने दबोचा

नई दिल्ली। दिल्ली में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई चल रही है। द्वारका इलाके में अवैध रूप से रह रहे 15 विदेशी नागरिकों को पकड़ कर विदेशी क्षेत्रीय पंजीकरण कार्यालय (एफआरआरओ) सेंटर भेज दिया गया है। इनमें 13 नाइजीरिया तथा दो बांग्लादेशी नागरिक हैं। द्वारका जिले के डीसीपी अंकित सिंह ने शुक्रवार को बताया कि वीजा अवधि समाप्त होने के बावजूद ये सभी इलाके में रह रहे थे। द्वारका पुलिस जिले में अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है।

पुलिस के मुताबिक, इस अभियान में थाना मोहन गार्डन ने पांच, जिले की एंटी-नारकोटिक्स सेल यूनिट ने पांच, थाना उत्तम नगर से 3 और थाना डाबड़ी से 2 विदेशी नागरिक पकड़े गए। सभी को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया, जहां से डिपोर्टेशन के आदेश जारी हुए।

# कांग्रेस का असली चरित्र, बार-बार देश के सामने उजागर हो रहा है: सम्राट चौधरी

पटना। बिहार में प्रधानमंत्री की माँ पर की गयी अपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अभी सियासत शांत भी नहीं हुई थी कि केरल कांग्रेस ने बिहार को लेकर एक और बखेड़ा खड़ा कर दिया है, जिससे बिहार में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता आक्रोशित हैं। राज्य के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने इस पर कड़ी प्रतिक्रया व्यक्त की है। केरल कांग्रेस के ट्वीट पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि पहले माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की पूजनीय माता जी का अपमान और अब पूरे बिहार का अपमान, यही है कांग्रेस का असली चरित्र, जो बार-बार देश के सामने उजागर हो रहा है। दरअसल, एक ट्वीट में कांग्रेस की केरल इकाई ने बीड़ी पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) कम किए जाने को लेकर कटाक्ष करते हुए लिखा, ''बीड़ी और बिहार बी से शुरू होता है।

# उत्तराखंड में मातृ मृत्यु अनुपात आई कमी, मुख्यमंत्री ने जताई खुशी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। राज्य ने मातृ स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति दर्ज की है। उत्तराखण्ड में मातृ मृत्यु अनुपात घटने पर मुख्यमंत्री ने खुशी जताई है। मुख्यमंत्री ने इस उपलब्धि को नीतियों, स्वास्थ्यकर्मियों के अथक प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता का परिणाम बताया।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस उपलब्धि पर कहा कि यह राज्य सरकार की समर्पित नीतियों, स्वास्थ्यकर्मियों के अथक प्रयासों और सामुदायिक सहभागिता का परिणाम है। उन्होंने मातृ स्वास्थ्य को और बेहतर बनाने के लिए सतत प्रयास जारी रखने का संकल्प दोहराया। उल्लेखनीय है




कि भारत में मातृ मृत्यु पर जारी विशेष बुलेटिन के अनुसार उत्तराखण्ड का मातृ मृत्यु अनुपात 2020ऽ22 में 104 से घटकर 2021ऽ23 में 91 पर आ गया है। विगत वर्षों में 13 अंकों की कमी और मातृ मृत्यु में 12.5 प्रतिशत की गिरावट हुई है। इस संबंध में राज्य के चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य विभाग की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यह उपलब्धि समर्पित स्वास्थ्यकर्मियों, सरकारी संस्थानों और सामुदायिक भागीदारों के सामूहिक प्रयासों का परिणाम है। हमारा दृढ़ संकल्प है कि मातृ मृत्यु दर को और कम किया जाए तथा प्रत्येक गर्भवती महिला को सुरक्षित और सम्मानजनक प्रसव सेवाएँ उपलब्ध कराई जाए। स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार ने कहा यह उपलब्धि राज्य सरकार की मातृ स्वास्थ्य के प्रति दृढ़ प्रतिबद्धता का प्रमाण है। राज्य का लक्ष्य है कि कोई भी माँ रोके जा सकने वाले कारणों से जीवन न खोए और उत्तराखण्ड सुरक्षित मातृत्व का आदर्श राज्य बने।

# दिल्ली के किशनगढ़ से पायलट गिरफ्तार, स्पाई कैमरा से बना रहा था महिला का वीडियो

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नई दिल्ली। दिल्ली के किशनगढ़ इलाके से पुलिस ने एक निजी एयरलाइन के 31 वर्षीय पायलट को गिरफ्तार किया है। पायलट पर आरोप है कि उसने भीड़भाड़ वाले शनि बाजार में एक महिला की अनुमति के बिना 'लाइटर' के आकार के स्पाई कैमरे से वीडियो बनाया। यह मामला 30 अगस्त की रात करीब 10:20 बजे का है। शिकायतकर्ता महिला ने आरोप लगाया कि जब वह शनि बाजार में मौजूद थी, तभी एक व्यक्ति उसके आसपास संदिग्ध तरीके से घूमता दिखाई दिया। उसके हाथ में एक ऐसा उपकरण था जो देखने में साधारण लाइटर की तरह लग रहा था, लेकिन उसमें छुपा हुआ कैमरा लगा हुआ था। महिला को शक होने पर उसने इसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी। दक्षिण-पश्चिम जिले के पुलिस उपायुक्त अमित गोयल ने शुक्रवार को बताया कि शिकायत मिलने के बाद किशनगढ़ थाने में मामला दर्ज किया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अजय कुमार यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई। जांच टीम में एसआई दिव्या यादव सहित कई पुलिसकर्मी शामिल हुए। उन्होंने बताया कि पुलिस ने सबसे पहले घटनास्थल और आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। फुटेज और गुप्त सूत्रों की मदद से आरोपित की पहचान मोहित प्रियदर्शी के रूप में की गई, जो मूल रूप से उप्र के आगरा के सिविल लाइंस क्षेत्र का निवासी है और एक निजी एयरलाइन में पायलट है। पुलिस टीम ने आरोपित मोहित को तलाश कर हिरासत में लिया। उसके पास से लाइटर जैसी दिखने वाली वह डिवाइस भी बरामद की गई, जिसमें स्पाई कैमरा लगा हुआ था। जांच में सामने आया कि आरोपित इस डिवाइस के जरिए गुप्त रूप से महिलाओं के वीडियो बनाता था।

# सामुदायिक रेडियो का शुरू होना शिक्षा और संस्कृति क्षेत्र में महत्वपूर्ण: मुख्यमंत्री धामी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से हैलो हल्द्वानी 91.2 एफएम सामुदायिक रेडियो का मोबाइल एप लॉन्च किया। उन्होंने दूरस्थ क्षेत्रों तक शिक्षा पहुंचाने और आधुनिक तकनीक से नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य बताया।

इस मौके पर मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि यह सामुदायिक रेडियो उत्तराखंड में शिक्षा और संस्कृति क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल है। उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय ने शिक्षा को दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंचाने और आधुनिक तकनीक से नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में उल्लेखनीय कार्य किया है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि अब सामुदायिक रेडियो हैलो हल्द्वानी एप देश और प्रदेश के प्रत्येक कोने तक पहुंचकर समाज एवं संस्कृति की आवाज़ को और अधिक




सशक्त करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने और आत्मनिर्भरता का आधार है। इसी सोच के तहत प्रदेश के सभी 13 जनपदों में उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जिससे युवा न केवल शिक्षा प्राप्त करेंगे, बल्कि रोजगारपरक कौशल भी सीख सकेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब विश्वविद्यालय और कौशल विकास केंद्र मिलकर कार्य करेंगे तो उत्तराखंड के युवा नौकरी खोजने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। यह प्रयास प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को साकार करने में राज्य की अहम भूमिका सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने देहरादून में उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय का एक प्रमुख केंद्र स्थिपित करने का निर्णय लिया है। यह केंद्र न केवल शिक्षा एवं प्रशिक्षण का हब होगा, बल्कि शोध, नवाचार और डिजिटल शिक्षा का भी प्रमुख केंद्र बनेगा। इस मौके पर उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नवीन चंद्र लोहनी ने विश्वविद्यालय की विभिन्न गतिविधियों से अवगत कराया और आपदा राहत के लिए मुख्यमंत्री राहत कोष के लिए विश्वविद्यालय की ओर से एक लाख 49 हजार का चेक मुख्यमंत्री को सौंपा। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, महानिदेशक यूकॉस्ट प्रो. दुर्गेश पंत, कुलसचिव उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय खेमराज भट्ट और विश्वविद्यालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# लालू यादव ने प्रधानमंत्री पर कसा तंज

पटना। बिहार विधानसभा चुनाव का समय नजदीक आते ही सियासी बयानबाजी तेज हो गयी है। राजनेता एक दूसरे पर को आड़े हाथों ले रहे हैं। इस कड़ी में शुक्रवार को राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधा। राजद अध्यक्ष लालू यादव ने एक्स पर लिखा, ''ऐ मोदी जी, विक्ट्री चाहिए बिहार से और फैक्ट्री दीजिएगा गुजरात में ये गुजराती फार्मूला बिहार में नहीं चलेगा। उनका यह बयान प्रधानमंत्री द्वारा गुजरात में उद्योग लगाने और बिहार से केवल चुनावी जीत लेने के प्रयासों को लेकर है। उन्होंने इशारा किया कि बिहार को केवल वोट बैंक समझना बंद किया जाए।

सभी देशवासियों को ईद मिलाद उन नवी सल्लल्लाहु अलैह के शुभ अवसर पर मुबारकबाद
मो. अय्यूब कुरैशी (समाजसेवी)
प्रोप्राइटर – हमारा पम्प गौसिया
शहरी सराय लहरपुर रोड बिसवां।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा
स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।
समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063